

क्रिसिल की रिपोर्ट : एफडीआई में 2 प्रतिशत से ज्यादा होगी चीन की हिस्सेदारी -12



वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुका है ईरान युद्ध : आईईए -12



गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से विकसित भारत का लक्ष्य संभव नहीं -13



मुझे आईपीएल का 'इंपैक्ट खिलाड़ी' नियम पसंद नहीं : अक्षर पटेल -14


आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.10
सूर्यास्त 06.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी 04:08 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 24 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 212, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# योगी सरकार की किसानों को सौगात...गेहूं का एमएसपी बढ़ाया, 35 प्रस्ताव मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ : मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ लोक भवन में बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

- मुख्यमंत्री योगी ने दोगुना किया लक्ष्य, 2585 रुपये प्रति क्विंटल पर होगी सरकारी खरीद
- ऊर्जा, निवेश, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर को रफ्तार देने वाले कई अहम निर्णय

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में 37 प्रस्तावों पर विचार के बाद चीनी उद्योग और लखीमपुर खीरी पुल विस्तार योजना को स्थगित करते हुए 35 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। बैठक में सबसे अधिक फोकस किसानों पर रहा, जबकि ऊर्जा, निवेश, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि सरकार ने गेहूं खरीद नीति को मंजूरी देते हुए एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले वर्ष से 160 रुपये अधिक है। इसके साथ ही किसानों को उतराई, सफाई और छनाई के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त देने का निर्णय लिया गया है, जिसका करीब 60 करोड़ रुपये का व्यय मंडी परिषद वहन करेगा। इस बार खरीद अवधि 30 मार्च से 15 जून तक तय की गई है। सभी किसानों से गेहूं की खरीद सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश के 75 जिलों में 6500 क्रय केंद्रों के माध्यम से आठ एजेंसियां खरीद करेंगी। सबसे अहम फैसला खरीद लक्ष्य को लेकर हुआ, जहां पहले 25 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव था, जिसे मुख्यमंत्री ने बढ़ाकर 50 लाख मीट्रिक टन कर दिया। इससे अधिक किसानों को सरकारी खरीद का लाभ मिल सकेगा। कृषि के साथ-साथ औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कैबिनेट ने निजी बिजनेस पार्क योजना-2025 को मंजूरी दी है। इसके तहत प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर आधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिससे निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है, जो प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन से जोड़ेगा। औद्योगिक कॉरिडोर को मजबूत करने के को गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे 29 स्थानों पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इसके लिए 24,542 करोड़ की लागत स्वीकृत की गई है। इन क्लस्टरों में सड़क, बिजली, जल आपूर्ति समेत सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में भी बड़ा कदम उठाते हुए गोरखपुर में 20 मेगावाट सोलर प्लांट स्थापित करने को मंजूरी दी गई है, जिससे हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। घाटमपुर पावर प्लांट की 660 मेगावाट की तीन इकाई के लिए झारखंड में 2242.90 करोड़ में एक कोल ब्लाक लेने के लिए मंजूर किया गया है। इससे बिजली लागत 3.78 रुपये प्रति यूनिट से घटकर 2.72 प्रति यूनिट होने की उम्मीद है।

### संभल में 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संभल में 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के निर्माण को मंजूरी दी गई है। करीब 300 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली इस परियोजना से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

### नक्शा पास होते ही बदल जाएगा भूमि उपयोग

कैबिनेट ने राजस्व संहिता की धारा 80(8) में बदलाव करते हुए बड़ा निर्णय लिया है। अब किसी भी भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका भूमि उपयोग स्वत: बदल जाएगा। अलग से लैंड यूज परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे निर्माण और निवेश प्रक्रिया आसान होगी।

### लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए बनेगा कन्वेंशन सेंटर

वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि राजधानी लखनऊ में 1435 करोड़ रुपये की लागत से इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस सेंटर में 10 हजार क्षमता का मुख्य हॉल और 2500 क्षमता का ऑडिटोरियम होगा। जिससे लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### इंडिगो ने आलोक सिंह को मुख्य रणनीति अधिकारी नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस के पूर्व प्रबंध निदेशक अलोक सिंह को अपना मुख्य रणनीति अधिकारी (सीएसओ) नियुक्त करने की घोषणा की। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स के अचानक इस्तीफे को दो सप्ताह भी नहीं हुए हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने कहा कि सिंह में रणनीतिक दृष्टि और परिचालन क्षमता का उत्कृष्ट मिश्रण है।

### दिल्ली के उत्तम नगर में हाई अलर्ट, नवरात्र के कारण कड़ी निगरानी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के उत्तम नगर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और नवरात्र के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस हाई अलर्ट पर है। एक अधिकारी ने बताया कि ईद के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस ने एहतियाती उपाय के तौर पर 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया था। सत्यापन के बाद उन सभी को रिहा कर दिया गया। द्वारका के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने कहा, नवरात्र के दौरान जेजे कॉलोनी क्षेत्र में सुरक्षा बल तैनात किए गए है।

# होर्मुज का रास्ता रोकना नामंजूर, सरकार हर अप्रत्याशित संकट से निपटेगी : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- युद्ध का प्रभाव लंबा रह सकता है, इसलिए हमें तैयार और एकजुट रहना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- पश्चिम एशिया संकट पर लोकसभा में मोदी ने दिया वक्तव्य, कहा- कूटनीति से ही युद्ध का समाधान संभव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए अप्रत्याशित संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है जिससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर वक्तव्य देते हुए यह भी कहा कि इस संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है और इसका सामना देशवासियों को कोरोना संकट की तरह ही करना होगा।

उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट और व्यावसायिक जहाजों पर हमलों को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि इस समस्या का समाधान कूटनीति और बातचीत से ही संभव है तथा भारत तनाव को कम करने व संघर्ष समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में ऊर्जा क्षेत्र में सरकार की तैयारियों के कारण आज हालात से निपटने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री ने सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा, सरकार संवेदनशील है, सतर्क है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व ऐसे संकट में गलत फायदा उठाने का प्रयास करते हैं, इसलिए कानून व्यवस्था से जुड़ी सभी एजेंसियों को सतर्क रखा गया है। इस युद्ध के कारण दुनिया में बने हालात का प्रभाव लंबे समय तक रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा, हमें एकजुट रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धीरज, संयम और शांत मन से हर चुनौती का मुकाबला करना है। मोदी ने कहा कि होर्मुज से कच्चे तेल, गैस और उर्वरक से लदे जहाजों के आवागमन में चुनौती के बावजूद सरकार का प्रयास देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति बहुत अधिक प्रभावित नहीं होने देने का है। देश में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया जा रहा है और पेट्रोल-डीजल की लगातार सुचारू आपूर्ति पर काम किया गया है।

### बढ़ेगी बिजली की मांग पर्याप्त संसाधन मौजूद

प्रधानमंत्री ने कहा, आज देश में किसानों ने अन्न भंडार भर रखे हैं। हमारे पास पर्याप्त खाद्यान्न हैं। प्रयास है कि खरीफ मौसम की सही से बुवाई हो। उन्होंने कहा, मैं देश के किसानों को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार उनकी हरसंभव मदद करती रहेगी। कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए बिजली की मांग बढ़ने की चुनौती रहेगी, लेकिन सभी संयंत्रों के लिए पर्याप्त कोयला भंडार पर्याप्त हैं।

### आर्थिक, राष्ट्रीय व मानवीय सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती

पिछले तीन सप्ताह से अधिक समय से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के हालात ने भारत के सामने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं जो आर्थिक सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवीय सुरक्षा से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा, यह आवश्यक है कि भारत की संसद से इस संकट को लेकर एकमत और एकजुट आवाज में संदेश दुनिया में जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि संकट की स्थिति बनने के बाद उन्होंने स्वयं पश्चिम एशिया के अधिकतर राष्ट्राध्यक्षों से दो बार फोन पर बात की है और उन सभी ने वहां भारतीयों की सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया है। मोदी ने कहा कि प्रभावित देशों में भारत के जितने भी मिशन हैं वे निरंतर भारतीयों की मदद में जुटे हैं, वहां काम करने वाले भारतीयों, पर्यटकों को हर संभव मदद दी जा रही है। मोदी ने कहा, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक लगभग 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही अभी तक लगभग एक हजार भारतीय सुरक्षित वापस आए हैं।

# ट्रंप ने ईरानी ऊर्जा संयंत्रों पर हमला टाला, होर्मुज के लिए समयसीमा बढ़ाई

दुबई, एजेंसी



- ट्रंप बोले- 5 दिन अटैक नहीं करेंगे पहले दिया था 48 घंटे का अल्टीमेटम
- समझौता होने पर संवर्धित यूरेनियम को अपने कब्जे में लेने की बात कही
- ईरान ने कहा- कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हटे

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए दी गई समयसीमा सोमवार को बढ़ा दी और कहा कि अमेरिका पांच दिन के लिए ईरानी बिजली संयंत्रों पर हमले टाल रहा है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल साइट पर युद्ध के समाधान की संभावना भी जताई। हालांकि, ईरानी अधिकारियों ने बातचीत होने से इनकार किया है। कहा कि तेल कीमत घटाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप गुमराह कर रहे हैं।

ट्रंप के रुख में आए बदलाव से अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध का कुछ समाधान निकलने की उम्मीद जगी है। बाद में, ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी दूत एक सम्मानित ईरानी नेता के साथ बातचीत कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि पश्चिम एशिया के लिए विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और उनके (ट्रंप के) दामाद जेरेड कुशनर ने रविवार शाम तक बातचीत की तथा वार्ता जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई से बात नहीं की है। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता हो जाता है, तो अमेरिका ईरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण संवर्धित यूरेनियम को अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई करेगा। सोशल मीडिया पर ट्रंप की घोषणा के ठीक बाद ईरानी सरकारी टेलीविजन ने कहा, ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हटे।

### हर घटनाक्रम पर भारत की है बारीक नजर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान के बिजली संयंत्रों पर हमले को पांच दिन के लिए स्थगित करने की घोषणा किए जाने के तुरंत बाद भारत ने सोमवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया से संबंधित सभी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहा है। ट्रंप की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इन घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। जायसवाल ने पश्चिम एशिया के प्रमुख देशों के साथ भारत के लगातार संपर्क में रहने और नई दिल्ली द्वारा इस क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया।

# प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज ढहा, 4 की मौत



प्रयागराज के फाफामऊ थाना क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की गिरी छत।

प्रयागराज, एजेंसी

- अमोनिया गैस का रिसाव होने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मची, एक किमी तक फैली गैस, 12 घायल

यहां के गंगा नगर के फाफामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक कोल्ड स्टोरेज के अचानक ढह जाने से चार श्रमिकों की मृत्यु हो गई, जबकि 12 श्रमिक घायल हो गए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया, घायलों का इलाज एसआरएन अस्पताल में चल रहा है। जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग की टीम घटनास्थल से मलबा हटाकर लोगों की तलाश रही है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि फाफामऊ थाना क्षेत्र में एक कोल्ड स्टोरेज अचानक भर भराकर ढह गया और उससे अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जिला प्रशासन और पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी है तथा अग्निशमन विभाग की टीम भी सक्रिय है जो गैस रिसाव रोकने की दिशा में काम कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में इस घटना पर दुख व्यक्ति करते हुए कहा है, इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों और उनके परिजनों के साथ मेरी सहानुभूति है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

# शेयर बाजार क्रैश, सेंसेक्स 1,836 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी



- युद्ध शुरू होने के बाद से निवेशकों के 48.29 लाख करोड़ डूबे

शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,837 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 602 अंक लुढ़क गया। पश्चिम एशिया युद्ध अब चौथे सप्ताह में पहुंच गया है।

इसके कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी व रुपये की विनिमय दर में गिरावट को देखते हुए निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। सेंसेक्स 1,836.57 अंक यानी 2.46 प्रतिशत टूटकर 72,696.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार दौरान, एक समय यह 1,974.52 अंक का गोता लगाकर 72,558.44 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 601.85 अंक यानी 2.60% लुढ़ककर 22,512.65 अंक पर बंद हुआ। इसके अलावा ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरग्लोब एविएशन, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। युद्ध शुरू होने के बाद से निवेशकों के अब तक 48.29 लाख करोड़ डूब गए।

### रुपए ने छुआ 94 का सर्वोच्च स्तर, बाद में स्थिर

**मुंबई।** पहली बार सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 94 के स्तर को लांघ गया। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आये सुधार के बीच कारोबार के अंत में रुपया 93 .53 प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93 .84 पर खुला और पूरे दिन गिरावट में रहा। अंतत: यह पहली बार 94 के स्तर को पार कर गया। बाद में रुपया अपनी गिरावट रोकने में कामयाब रहा और डॉलर के मुकाबले रुपया 93 .53 प्रति डॉलर पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

### रामनवमी मेले को लेकर 80 घंटे बंद रहेगा अयोध्या हाईवे

**अयोध्या।** रामनवमी मेले को लेकर 24 मार्च की दोपहर दो बजे से 27 मार्च की रात 12 बजे तक जिले की सीमाओं से जुड़े राष्ट्रीय व प्रादेशिक राजमार्ग पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान मालवाहक भारी वाहन जैसे ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि का मार्ग परिवर्तित कर उनके गंतव्य को भेजा जाएगा। एसपी यातायात एपी सिंह ने सोमवार देर शाम बताया कि यह प्रतिबंध आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों पर लागू नहीं होगा। साथ ही श्रद्धालुओं के वाहनों को भी आने जाने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुल्तानुपर से आने वाले वाहनों को कूड़ेभार से, रायबरेली से आने वाले वाहनों को हलियापुर से, आजमगढ़, अम्बेडकरनगर से आने वाले वाहनों को गोहन्ना मोड़ अम्बेडकरनगर से, बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहनों को भिटरिया रामसनेही घाट से और जनपद बस्ती की ओर से आने वाले वाहनों को लोलपुर से डायवर्ट किया जाएगा। इसी तरह जनपद गोरखपुर से वाहनों का डायवर्जन-गोरखपुर से लिंक एक्सप्रेस-वे होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर किया जाएगा। जनपद बलरामपुर, बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती, से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहनों को टिकोरा मोड़ से चहलरी घाट रोड होते हुए सिधौली सीतापुर-लखनऊ मार्ग पर डायवर्ट किया जाएगा।

### अधिकारी आत्महत्या मामलाः आप के पूर्व मंत्री भुल्लर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य भंडारण निगम के एक अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी राज्य के पूर्व मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक लालजीत सिंह भुल्लर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि भुल्लर को मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा। अमृतसर स्थित पंजाब राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने शनिवार तड़के जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। वीडियो सामने आया है, जिसमें वह (रंधावा) भुल्लर पर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाते दिख रहे हैं। मामले में उनके पिता समेत तीन पर मामला दर्ज है।

आदेश | सुप्रीम कोर्ट ने कंपनियों से जुड़े बैंकिंग धोखाधड़ी मामले की जांच में सीबीआई और ईडी द्वारा दिखाई गई अनिच्छा पर जताई नाराजगी

# अनिल अंबानी बैंक फ्रॉड केस की निष्पक्ष व समयबद्ध जांच हो

नई दिल्ली, एजेंसी



शीर्ष कोर्ट ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) व उसकी कंपनियों से जुड़े बैंकिंग धोखाधड़ी मामले की जांच में सीबीआई और ईडी द्वारा दिखाई गई अनिच्छा पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने उन्हें इस मामले में निष्पक्ष, तटस्थ, पारदर्शी और समयबद्ध जांच करने का निर्देश दिया।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने सीबीआई और ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया और सभी संबंधित वित्तीय संस्थानों को ईडी को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया। अंबानी के नेतृत्व वाले एडीएजी की कंपनियों द्वारा कथित तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण धोखाधड़ी मामले की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करते हुए पूर्व नौकरशाह ईएएस शर्मा ने जनहित याचिका दायर की है।

इस पर सुनवाई करते हुए, पीठ ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को यह अनुमति दी कि यदि अन्य सरकारी निकाय उन्हें सहयोग देने में अनिच्छा दिखाते हैं तो वे उससे संपर्क कर सकते हैं। सुनवाई की शुरुआत में मेहता ने पीठ को सूचित किया कि एक एसआईटी का गठन किया गया है। जांच एजेंसियों ने अब तक 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है और कुछ वरिष्ठ अधिकारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

### 73,000 करोड़ रुपये है धोखाधड़ी की कुल राशि

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम उन्हें यह निर्देश नहीं दे सकते कि किसे गिरफ्तार करना है, लेकिन जांच एजेंसियों की ओर से दिखाई गई अनिच्छा स्वीकार्य नहीं है। उन्हें समयबद्ध तरीके से बताना चाहिए कि क्या पाया गया है। आपकी जांच से पता चलना चाहिए कि क्या किया गया है और इससे न केवल हमें, बल्कि सभी को विश्वास होना चाहिए। पीठ ने जांच एजेंसियों की नयी वस्तु स्थिति रिपोर्ट में सामने आए कुछ तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि सीबीआई और ईडी वर्तमान में क्रमश: सात और आठ प्राथमिकी की जांच कर रही हैं। पीठ ने यह भी कहा कि 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण का निपटारा कथित तौर पर 26 करोड़ रुपये का भुगतान करके किया गया है। पीठ ने कहा कि अनुमान है कि धोखाधड़ी की कुल राशि लगभग 73,000 करोड़ रुपये है। न्यायालय ने कहा, जांच एजेंसियों को इस मामले की तह तक जाना चाहिए। हम सीबीआई और ईडी से आग्रह करते हैं कि जांच को पूरी तरह निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से पूरा किया जाए ताकि इसे समयबद्ध तरीके से तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके।

## अन्य फैसले

### लोक सेवा अधिकरण के पदाधिकारियों की आयु सीमा बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) अधिनियम, 1976 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसके तहत अधिनियम की धारा-3(8) के स्थान पर नई उपधारा 3(8)(क) जोड़ी गई है, जिससे अधिकरण के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की आयु सीमा में दो साल की बढ़ोत्तरी हुई है। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से अधिकरण में अनुभवी अधिकारियों की सेवाएं अधिक समय तक मिल सकेंगी, जिससे मामलों के निस्तारण में गति आएगी और न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। इस संशोधन का उद्देश्य प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखना तथा लंबित मामलों के समाधान में तेजी लाना है।

### बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण का दायरा बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण के क्षेत्र का विस्तार करते हुए 14 नए गांवों को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सरकार का मानना है कि इस फैसले से क्षेत्र में नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा और तेजी से हो रहे विस्तार को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। नए गांवों के शामिल होने से इन क्षेत्रों में सड़क, जल निकासी, बिजली, आवास और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। विकास प्राधिकरण का दायरा बढ़ने से औद्योगिक और आवासीय परियोजनाओं को गति मिलेगी, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### ललितपुर मेडिकल कॉलेज को 3250 वर्ग मीटर भूमि मिलेगी मुफ्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में ललितपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 3250 वर्गमीटर भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सरकार का मानना है कि इस फैसले से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल शिक्षा को नई मजबूती मिलेगी। मेडिकल कॉलेज के विकास से न केवल क्षेत्र के मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

### चिलुआताल में फ्लोटिंग सोलर प्लांट को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम फैसला लेते हुए चिलुआताल में 20 मेगावाट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के मानकों के अनुरूप होगी, जिसके तहत शहर की ऊर्जा जरूरतों का एक हिस्सा अक्षय स्रोतों से पूरा किया जाएगा। इसके लिए करीब 80 एकड़ जल क्षेत्र का उपयोग किया जाएगा। परियोजना में पर्यटन विभाग की 28.20 एकड़ भूमि को कोल इंडिया लिमिटेड को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, जो अपने संसाधनों से प्लांट स्थापित करेगी।

### सस्ती बिजली की दिशा में बढ़े कदम

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट ने 2242.90 करोड़ लागत से पछवारा साउथ कोल ब्लॉक विकास को भी मंजूरी दी है। इससे घाटमपुर तापीय परियोजना के लिए कोयला उपलब्ध होगा और बिजली उत्पादन लागत में करीब 1 रुपये प्रति यूनिट तक कमी आने की संभावना है, जिससे उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिल सकेगी।

# तहसीलों का अधिकार छीनने से खत्म होगा भ्रष्टाचार का खेल

## यूपी कैबिनेट के फैसले : भूमि उपयोग परिवर्तन की जटिल प्रक्रिया होगी सरल, भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका लैंड यूज स्वतः बदल जाएगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने भूमि उपयोग परिवर्तन की जटिल प्रक्रिया को सरल बना दिया है। अब किसी भी भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका लैंड यूज स्वतः बदल जाएगा और इसके लिए अलग से जिलाधिकारी या एसडीएम से अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विभाग के इस प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी से तहसीलों का जहां अधिकार छिन गया है, वहीं एसडीएम से लेकर लेखपाल स्तर तक होने वाले भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उप्र. राजस्व संहिता, 2006 की धारा-80 में संशोधन के लिए अध्यादेश 2026 को मंजूरी दे दी गई। इस अहम फैसले के तहत विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विनियमित क्षेत्रों तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अधीन क्षेत्रों में गैर-कृषि उपयोग (लैंड यूज) परिवर्तन की प्रक्रिया को बेहद सरल बना दिया गया है। अब इन क्षेत्रों में अलग से लैंड यूज बदलवाने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी भूखंड का नक्शा प्राधिकरण द्वारा पास हो जाता है, तो उसी को भूमि उपयोग परिवर्तन माना जाएगा। इससे पहले लोगों को दोहरी प्रक्रिया (पहले लैंड यूज परिवर्तन और फिर नक्शा पास कराने) से गुजरना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि नई व्यवस्था में नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में ही सभी औपचारिकताएं समाहित कर दी गई हैं। इससे न केवल आमजन को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि निवेशकों के लिए भी प्रक्रिया आसान और पारदर्शी बनेगी। इस सुधार से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा, उद्योग स्थापना में तेजी आएगी और उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

अब तक की व्यवस्था में किसी कृषि भूमि को आवासीय या व्यावसायिक उपयोग में बदलने के लिए एसडीएम, तहसीलदार और लेखपाल स्तर पर लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। प्राधिकरण क्षेत्र में भू-उपयोग परिवर्तन के लिए मुख्य नगर और ग्राम नियोजक के यहां प्रस्ताव भेजे जाते थे, लेकिन उन पर त्वरित फैसला नहीं हो पाता था। इस दौरान फाइलें महीनों तक लंबित रहती थीं और कई मामलों में बिचौलियों के माध्यम से लाखों रुपये की अवैध वसूली की शिकायतें सामने आती थीं।



कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

### क्या बदला, क्या होगा फायदा

**पहले क्या था**
- लैंड यूज बदलने के लिए अलग से अनुमति जरूरी
- एसडीएम, तहसील और लेखपाल स्तर पर लंबी प्रक्रिया
- महीनों तक फाइल लंबित रहती थी
- दलालों के जरिए अवैध वसूली

**अब क्या होगा**
- नक्शा पास होते ही स्वत: लैंड यूज बदल जाएगा
- अलग से अनुमति लेने की जरूरत खत्म
- प्रक्रिया पूरी तरह सरल और तेज

**सीधा फायदा**
- तहसीलों में भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार
- आम लोगों और निवेशकों को राहत
- निर्माण और निवेश परियोजनाओं में तेजी
- पारदर्शिता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा

# नवयुग पालिका योजना को मंजूरी 58 शहरों का होगा स्मार्ट विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2916 करोड़ से बदलेगी नगर पालिकाओं की तस्वीर, डिजिटल गवर्नेंस पर जोर
- जिला मुख्यालयों के संतुलित विकास से घटेगी क्षेत्रीय असमानता

**अमृत विचार:** प्रदेश में संतुलित शहरी विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में "नवयुग पालिका योजना" को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के 58 जिला मुख्यालयों के नगरीय निकायों को स्मार्ट सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिससे नगर निगमों के बाहर के शहरों में भी आधुनिक विकास का लाभ पहुंच सके।

योजना के अंतर्गत 55 नगर पालिका परिषद, 3 नगर पंचायतों तथा दादरी नगर पालिका परिषद को शामिल किया गया है। पहली बार राज्य सरकार ने नगर निगमों से इतर नगरीय निकायों पर फोकस करते हुए उनके समग्र विकास के लिए अलग नीति लागू की है। इस योजना पर अगले 5 वर्षों (2025-26 से 2029-30) में कुल 2916 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। हर वर्ष करीब 583.20 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे, जिसे पूरी तरह राज्य सरकार वहन करेगी।

नवयुग पालिका योजना के तहत डिजिटल गवर्नेन्स, ई-सेवाएं और स्मार्ट तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे नागरिक सेवाएं अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनेंगी। साथ ही सड़कों, जल निकासी, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाओं का व्यापक उन्नयन किया जाएगा।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि योजना के तहत निकायों को उनकी जनसंख्या के आधार पर दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है, ताकि जरूरत के अनुसार विकास कार्य किए जा सकें। इसके अंतर्गत ऑडिटोरियम, उत्सव भवन, प्रदर्शनी केंद्र, पार्कों का विकास और विद्युत व्यवस्था का आधुनिकीकरण जैसे कार्य भी शामिल हैं। परियोजनाओं के चयन के लिए जनपद और राज्य स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी, जो तकनीकी परीक्षण और अनुमोदन के बाद कार्यों को लागू करेंगी।

### ग्रेटर नोएडा में 174 एकड़ में बनेगा मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क नीति-2024 के तहत ग्रेटर नोएडा में 174.12 एकड़ भूमि पर मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) की स्थापना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना में 1000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा और 30% फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी उपलब्ध होगी। भूखंड का आवंटन ई-नीलामी मॉडल से किया जाएगा, जिसमें कंपनियां, एलएलपी और साझेदारी फर्म भाग ले सकेंगी। परियोजना के लिए भूमि का रिजर्व प्राइस 11,000 रुपये प्रति वर्गमीटर तय किया गया है। चयनित निवेशक को 7 वर्षों में परियोजना पूरी करनी होगी, जिसमें पहले 3 वर्षों में 40% कार्य अनिवार्य होगा। यह लॉजिस्टिक्स पार्क प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक सप्लाई चेन से जोड़ने, माल ढुलाई लागत कम करने और रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभाएगा।

# प्रदेश में 'री-यूज वाटर' नीति लागू पेयजल बचाने की बड़ी पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश सरकार ने सेफ री-यूज ट्रीटेड वाटर पॉलिसी को मंजूरी देते हुए जल प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है। इस नीति के तहत अब घरों और उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को शोधन (ट्रीटमेंट) के बाद दोबारा उपयोग में लाया जाएगा, जिससे पेयजल संसाधनों पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सके।

प्रदेश में सिंचाई, घरेलू, औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्रों में पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए सरकार ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के माध्यम से शोधित जल के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। नीति के तहत पहले चरण में नगर निकायों के कार्य, निर्माण गतिविधियों, बागवानी और सिंचाई में इस पानी का उपयोग किया जाएगा। दूसरे चरण में इसे उद्योग, कृषि और रेलवे जैसे क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाएगा। वहीं तीसरे चरण में ड्यूल पाइप सिस्टम के जरिए घरों तक गैर-पीने योग्य पानी की अलग आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल स्वच्छ पेयजल की बचत होगी, बल्कि नदियों और जलाशयों में प्रदूषण भी कम होगा। साथ ही जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और ऊर्जा की खपत में भी कमी आएगी।

**'री-यूज वाटर' नीति की विशेषताएं**

*अपशिष्ट जल को ट्रीट कर दोबारा उपयोग
*एसटीपी और एफएसटीपी के जरिए शोधन
*निर्माण, बागवानी और सिंचाई में उपयोग
*उद्योग और रेलवे तक विस्तार
*ड्यूल पाइप सिस्टम से घरों में अलग सप्लाई
*प्रदूषण में कमी
*जल संरक्षण और ऊर्जा बचत को बढ़ावा

# अयोध्या, गोरखपुर, रायबरेली, फतेहपुर व मिर्जापुर में लगेंगी यूनिट, हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**3540** करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को कैबिनेट से मिली मंजूरी, जल्द जारी होगा लेटर ऑफ कंफर्ट



नंद गोपाल नंदी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 3540 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत प्रदेश के पांच जिलों अयोध्या, गोरखपुर, रायबरेली, फतेहपुर और मिर्जापुर में सुपर मेगा श्रेणी की औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इन परियोजनाओं के लिए संबंधित कंपनियों को जल्द ही लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जाएगा।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने बताया कि इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और हजारों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। स्वीकृत प्रस्तावों के तहत पक्का लिमिटेड अयोध्या में 676.26 करोड़, गैलेंट इस्पात लिमिटेड गोरखपुर में 765.11 करोड़, रिलायंस सीमेंट कंपनी प्रा. लि. रायबरेली में 550.31 करोड़, डालमिया भारत ग्रीन विजन लिमिटेड फतेहपुर में 776.35 करोड़ और मिर्जापुर में 772.26 करोड़ के निवेश से औद्योगिक इकाइयां स्थापित करेंगी। इसके अलावा कैबिनेट ने जनपद सीतापुर में स्थापित रेडिको खेतान लिमिटेड को 6.88 करोड़ की पूंजीगत सब्सिडी देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

मंत्री नंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से निवेश का प्रमुख केंद्र बन रहा है। सरकार हर निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और एमओयू को अंतिम रूप तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### औद्योगिक इकाइयों को 566.77 करोड़ की एसजीएसटी प्रतिपूर्ति को मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने के लिए 566.77 करोड़ की एसजीएसटी प्रतिपूर्ति को भी मंजूरी दी है। इसके तहत गोरखपुर की गैलेंट इस्पात लिमिटेड को करीब 244.39 करोड़, जबकि अन्य कंपनियों अंकुर उद्योग, पसवारा पेपर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और अन्य को भी निर्धारित राशि दी जाएगी। इसके अलावा उन्नाव की इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड और गौतमबुद्धनगर की विजन सोर्स एलएलपी को फ्रंट एंड लैंड सब्सिडी के रूप में भी बड़ी राशि स्वीकृत की गई है।

# प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर विकसित होंगे आधुनिक पार्क

- निजी बिजनेस पार्क योजना से औद्योगिक निवेश को मिलेगी रफ्तार, 45 साल की लीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश निजी बिजनेस पार्क विकास योजना-2025 को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत आधुनिक प्लग-एंड-प्ले और रेडी-टू-यूज बिजनेस पार्क विकसित किए जाएंगे, जहां वैश्विक कंपनियों के कार्यालय, आरएंडडी सेंटर और संचालन इकाइयां स्थापित की जा सकेंगी।

सरकार का मानना है कि तैयार इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में निवेश परियोजनाओं में देरी और लागत बढ़ती है। नई योजना इस समस्या को दूर कर विश्वस्तरीय औद्योगिक वातावरण तैयार करेगी, जिससे बड़े उद्योगों के साथ-साथ एमएसएमई और स्टार्टअप को भी लाभ मिलेगा। योजना को डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट, ट्रांसफर) मॉडल पर लागू किया जाएगा, जिसमें निजी डेवलपर पार्क का निर्माण, संचालन और रखरखाव करेगा। प्रत्येक पार्क के लिए कम से कम 10 एकड़ भूमि चिन्हित होगी और इसे 45 वर्ष की लीज पर विकसित किया जाएगा। प्रस्तावों के चयन के लिए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाएगी और नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

# समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी करें मेट्रो परियोजनाएं : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं की समीक्षा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में संचालित मेट्रो परियोजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश को विश्वस्तरीय शहरी परिवहन व्यवस्था में अग्रणी बनाना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए निर्माण से लेकर संचालन तक हर स्तर पर पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शहरों की अर्थव्यवस्था को गति देने और निवेश आकर्षित करने का माध्यम भी है। उन्होंने परियोजनाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए नए आय स्रोत विकसित करने पर जोर दिया। इसके तहत स्टेशनों पर रिटेल, फूड कोर्ट, मल्टीलेवल पार्किंग, ऑफिस स्पेस और विज्ञापन जैसे विकल्पों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने मेट्रो परियोजनाओं में मल्टी-मोडल और लास्ट माइल कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देने को कहा, ताकि यात्रियों को निर्बाध यात्रा सुविधा मिल सके। बैठक में लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। लखनऊ मेट्रो का 23 किमी कॉरिडोर संचालित है और विस्तार 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य है। कानपुर मेट्रो के दोनों कॉरिडोर पर तेजी से काम जारी है और शेष कार्य मार्च 2027 तक पूरा होगा। आगरा मेट्रो के कॉरिडोर-1 को जून 2026 और कॉरिडोर-2 को 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

मेट्रो सेवाओं के बढ़ते उपयोग से यातायात दबाव कम हुआ है। नॉन-फेयर बॉक्स आय 2024-25 में करीब 222 करोड़ रुपये रही। सीएम ने नियमित मॉनिटरिंग और गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश दिए।

# तीन वर्ष में 57 हजार बीमा सखी तैयार करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर ग्राम पंचायत में एक बीमा सखी महिलाओं को मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार:** प्रदेश में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने अगले तीन वर्षों में प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों में 57 हजार 'बीमा सखी' तैयार करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा, जिससे उनकी आय बढ़ेगी और गांव-गांव तक बीमा सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी।

यह पहल भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के सहयोग से संचालित की जा रही है। योजना के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण देकर "बीमा सखी" बनाया जा रहा है, जो ग्राम स्तर पर बीमा उत्पादों का प्रचार-प्रसार और सेवाएं प्रदान करेंगी। प्रशिक्षण के लिए एलआईसी के ट्रेनिंग सेंटरों के सहयोग से जिला स्तर पर कैलेंडर तैयार किया जा रहा है और परीक्षा में असफल अभ्यर्थियों के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की जा रही है।

## जनता दर्शन

**मुख्यमंत्री ने दिए अधिकारियों को निर्देश, कहा-जवानों व आमजन की शिकायतें समयसीमा में निपटाएं**

# सैनिकों के परिवार की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में आए सैनिकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आप बेफिक्र होकर देशसेवा कीजिए, आपके परिवार की सुरक्षा, सम्मान और देखभाल सरकार की जिम्मेदारी है।

जनता दर्शन में विभिन्न जनपदों से आए सैनिकों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं, जिनमें कई मामले जमीनी विवाद से जुड़े थे। सीएम योगी ने संबंधित प्रार्थना पत्र लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमा और आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों से संपर्क कर उनकी समस्याओं का समयसीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए और उनके परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी न होने दी जाए।



जनता दर्शन में आए सैनिकों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

इसके अलावा जनता दर्शन में पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता और स्थानांतरण से जुड़े कई मामले भी सामने आए। मुख्यमंत्री ने हर प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का निष्पक्ष और नियमानुसार निस्तारण किया जाए। आर्थिक सहायता से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि इलाज के लिए अस्पताल से अनुमान (एस्टिमेट) तैयार कर आवेदन करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी भी मरीज का इलाज नहीं रुकेगा, सरकार हर संभव मदद करेगी।

# अखिलेश के हाथ नहीं आएगी सत्ता, सपा पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केशव मौर्य बोले, अखिलेश यादव जहां जाते हैं, वहीं हार तय



- ब्रजेश पाठक का तंज, सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज पर चली



**अमृत विचार:** कैबिनेट बैठक के बाद प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी और उसके अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। दोनों नेताओं ने साफ कहा कि अखिलेश यादव के हाथ प्रदेश की सत्ता कभी नहीं आएगी।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस तरह बिहार में उनके प्रचार के बावजूद तेजस्वी यादव चुनाव हार गए, उसी तरह पश्चिम बंगाल में भी अखिलेश के समर्थन से ममता बनर्जी को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि अखिलेश जहां भी जाते हैं, वहां हार तय हो जाती है। मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा का मतलब ही कानून-व्यवस्था को कमजोर करना रहा है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का हाल वही है, सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज पर चली। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार के दौरान प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सबसे बड़ा मुद्दा था और जनता अब सब कुछ देख चुकी है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि मौजूदा सरकार विकास के एजेंडे पर काम कर रही है। प्रदेश में आधारभूत संरचना मजबूत हुई है, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने कहा, वित्त विहीन शिक्षकों को दिलाएंगे मानदेय

**कानपुर देहात।** अकबरपुर इंटर कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज पुखरायां में जारी बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन केंद्र पर शिक्षक विधायक राज बहादुर चंदेल पहुंचे। उन्होंने शिक्षकों की समस्याएं सुनी और आश्वस्त किया कि उनके मुद्दे विधानसभा में उठाए जाएंगे। शिक्षकों के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी। वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा। समान कार्य के लिए समान वेतन मिलना चाहिए। सरकार द्वारा शिक्षको के हितों की अनदेखी करने पर संगठन व्यापक आंदोलन करने के संगठन तैयार है। शिक्षक एक जुटता दिखाकर अपना हक पा सकते है। इस मौके पर कई शिक्षको ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। इस दौरान काफी शिक्षक मौजूद रहे।

### भागवत कथा में किया गया पूतना वध का वर्णन

**रसूलाबाद।** कस्बे के आजाद नगर स्थित देवी मंदिर परिसर में हो रही श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक आचार्य आलोक अवस्थी ने सोमवार को भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं उनकी बाल लीला सुनाई। उन्होंने बताया कि नंद बाबा तथा यशोदा के चौथे पन में बालक होने का समाचार पाकर समस्त बृजवासी उनके यहां जन्मोत्सव मनाने गए। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की व जन्मे है कृष्ण कन्हाई यशोदा मैया दे दे बधाई जैसे उद्घोषों के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसी बीच देववाणी के द्वारा कंस को भी ब्रज में नंद बाबा के यहां श्री कृष्ण के जन्म का समाचार मिला तो उसने पूतना नामक राक्षसी को नंद गांव भेजकर श्री कृष्ण को मारने की योजना बनाई। पूतना सुंदर गोपी के वेश में माता यशोदा के पास पहुंची और अपने को रिश्तेदार बताते हुए माता यशोदा के यहां बधाई गाने लगी तभी मौका पाकर पूतना ने श्रीकृष्ण को अपनी गोद में लेकर विष लगे हुये स्तनपान कराने लगी भगवान श्री कृष्ण ने उसके मातृ स्वभाव का सम्मान करते हुए स्तनपान कर पूतना का वध कर दिया। पारस त्रिपाठी, सुमन दुबे, सीता दुबे, टिंकू कुशवाहा, हर्षित शुक्ला ,मुरारी लाल कुशवाहा, प्रमोद मिश्रा, तुलाराम पांडे, रामप्रताप सिंह आदि रहे।

### नियमों के उल्लंघन पर 241 वाहनों का किया चालान

**कानपुर देहात।** सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। चेकिंग अभियान में अलग-अलग जगहों पर पुलिस ने 241 वाहन चालकों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया। अभियान के अंतर्गत पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के वाहन, ट्रिपल राइडिंग, हेलमेट न पहनना, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना आदि से संबंधित यातायात नियमों की जांच की। कुल 241 वाहनों का चालान किया गया। इसके साथ ही, जनपदीय पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वह यातायात नियमों का पालन करें। अभियान जनपद में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए निरंतर जारी रहेगा।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# ग्रामीणों से रूबरू हुए डीएम, जानी पीड़ा, कराया समाधान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात


ऊमरपुर में चौपाल लगाकर डीएम ने सुनी जन शिकायतें। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विकास खंड राजपुर के ग्राम ऊमरपुर में सोमवार को डीएम कपिल सिंह की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल हुई। चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित जनकल्याणकारी एवं लाभार्थी परक योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणजनों को प्रदान की गई।

जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याएं, सुझाव एवं अपेक्षाएं जानीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं से संबंधित जानकारी, आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम में संचालित विकास कार्यों एवं कार्यक्रमों की पुष्टि भी ग्रामीणजनों से की गई। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा नवजात बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया, जिससे जनस्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। ग्राम चौपाल कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह,जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी, उप जिलाधिकारी सिकंदरा प्रदुमन कुमार, क्षेत्राधिकारी प्रिया सिंह, डीसी एनआरएलएम गंगाराम, डीसी नरेगा अशोक कुमार,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### सवा सौ से अधिक मामले आए, 4 का समाधान

**सिकंदरा :** सोमवार को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सिकंदरा में जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडे सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतों को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 129 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से चार का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को निर्धारित समयावधि में निस्तारित किए जाने हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

### फरियादियों ने एसडीएम के सामने रखीं समस्याएं

**रसूलाबाद।** सोमवार को एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 40 फरियादी आए। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक शिकायतें दर्ज हुई। बीते शनिवार को ईद की छुट्टी के कारण संपूर्ण समाधान दिवस सोमवार को आयोजित किया गया। इससे फरियादियों की संख्या कम रही। आए हुए फरियादियों में रसूलाबाद कबीर नगर निवासी इमरान ने बताया कि उसका सिलेंडर बुक था और एजेंसी के द्वारा वह सिलेंडर किसी दूसरे दे दिया गया। मुझे जब वह सिलेंडर लेने पहुंचा तो सिलेंडर देने से मना कर दिया गया। अजनपुर इंन्दौती निवासी मनीषा पत्नी सुरजन सिंह ने बताया कि उनका कच्चा मकान बरसात में गिर गया था। उन्हें मकान गिरने की धनराशि तो मिल चुकी है, लेकिन अभी तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। इस कारण वह अपने परिवार सहित खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। उन्होंने आवास योजना का लाभ दिलाने की अपील की। इस अवसर पर तहसीलदार संतोष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शिव दर्शन सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार, उप निरीक्षक रामकिशोर, खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह, वन रेंजर तौसीफ अहमद आदि मौजूद रहे।

### मैथा में 37 शिकायतें आईं, दो का निस्तारण

**शिवली :** मैथा तहसील में सोमवार को एसडीएम ने तहसीलदार के साथ समाधान दिवस पर जन समस्याएं सुनी। तीन दर्जन से अधिक लोगों ने अपनी शिकायतों और समस्याओं के संबंध में अर्जी दीं। दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। शेष अर्जियों को संबन्धित अधिकारियों के पास भेजा गया है।

# भट्ठे के पास पड़ा मिला युवक का शव, हत्या की जताई आशंका

## झींझक कस्बे की एक दुकान पर पंखों की मरम्मत का काम करता था युवक

संवाददाता, मंगलपुर


योगेश का फाइल फोटो।


घटना स्थल पर बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब सिकंदरा-रसूलाबाद मार्ग स्थित गौरी भट्ठा के पास एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। शव के पास ही एक बाइक भी खड़ी मिली, जिससे घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। मौके पर भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है।

मृतक की पहचान योगेश कुमार उर्फ अंशू (28) पुत्र बृजेंद्र स्वरूप निवासी कठरा के रूप में हुई है। घटनास्थल पर उसकी बाइक भी मिली, जिससे मामला और अधिक संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। परिजनों के अनुसार, योगेश झींझक कस्बे में एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर काम करता था, जहां वह पंखा मरम्मत का काम करता था। रविवार शाम करीब 7 बजे उसकी घर पर आखिरी बार बात हुई थी, इसके बाद रात 8 बजे तक फोन की घंटी जाती रही लेकिन संपर्क नहीं हो सका। मृतक के पिता बृजेंद्र स्वरूप ने बेटे की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि गांव में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर उन्होंने शिकायत की थी, जिसके बाद तहसील प्रशासन ने जमीन खाली कराई थी। इसी रंजिश के चलते बेटे की हत्या किए जाने की आशंका है। कहा कि जल्द ही खुलाशा किया जाएगा।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मां रेखा सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्राधिकारी सौरभ वर्मा ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे डायल 112 पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। साक्ष्य एकत्र किए गए और मोटरसाइकिल को कब्जे में लिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# प्रयागराज निवासी जीजा-साले की सड़क हादसे में थमीं सांसें

- खाटू श्यामजी के दर्शन कर लौट रहे थे आल्टो कार सवार लोग
- डिवाइडर फांद कर दूसरी लेन पर आई कार से हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात


रवि व हिमांशु का फाइल फोटो।

**अमृत विचारः** कानपुर-दिल्ली हाईवे पर बीती रात बड़ा सड़क हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार कार अचानक बेकाबू होकर डिवाइडर पर जा चढ़ी। इसके बाद डिवाइडर फांद कर दूसरी लेन पर चली गई। इस बीच कानपुर की तरफ जाती एक अन्य कार उसकी चपेट में आ गई। इससे दोनों गाड़ियों के परखचे उड़ गए। सही लेन पर जाती कार पर सवार साले-बहनोई की मौके पर मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हुए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विपरीत लेन पर गिरी कार को छोड़ कर उसके सवार मौके से भाग निकले हैं।

दुर्घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुंभी में एक मिल्क फैक्ट्री के पास हुई। यहां रात करीब एक बजे कानपुर से औरैया की तरफ जाती होंडा अमेज कार अचानक बेकाबू हो गई। चालक उसे संभाल पाता, इसके पहले ही कार डिवाइडर फांदते हुए दूसरी लेन पर जा गिरी। उसके दायरे में आल्टो कार आ गई। बताया गया कि आल्टो कार पर प्रयागराज निवासी श्रेष्ठ केसरवानी पुत्र रमेश चंद्र केशरवानी (प्रीतम नगर), गौरव पुत्र पप्पू शर्मा (चौक), हिमांशु केसरवानी पुत्र मुन्ना लाल केशरवानी (धूमनगंज) और रवि कुमार पुत्र लखन लाल (चौक) सवार थे। सभी लोग खाटू श्याम जी के दर्शनों को गए थे। वापसी के दौरान हादसे का शिकार हुए।

विपरीत लेन से आकर गिरी की टक्कर से खाटू श्याम जी के भक्त बुरी तरह घायल हुए। घटना की सूचना मिलते ही अकबरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने हिमांशु केसरवानी और रवि को मृत घोषित कर दिया, जब कि अन्य दो घायलों का इलाज जारी है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। हिमांशु केशरवानी के बारे में बताया गया कि वह तीन बहनों का अकेला भाई था। बताते हैं कि हादसे में मौत का शिकार रवि कुमार रिश्ते में हिमांशु के साले थे। वह एक बिस्किट फैक्ट्री में बतौर सुपर वाइजर कार्यरत थे। रवि अविवाहित थे। दूसरी तरफ, अमेज कार वाले कार छोड़ कर मौके से फरार हो गए। पुलिस गाड़ी के नंबर के आधार पर उनका पता लगा रही है। सूचना मिलने पर प्रयागराज से आए मृतकों के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# गणगौर यात्रा का आयोजन, श्रद्धा और उत्साह के साथ विसर्जन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जनपद के पुखराया कस्बे में गणगौर पर्व के अवसर पर भव्य गणगौर यात्रा निकाली गई। इसके बाद माता गौरी एवं भगवान शिव की प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। पूरे कस्बे में धार्मिक आस्था, उत्साह और पारंपरिक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। गणगौर यात्रा का शुभारंभ विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं एवं युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। महिलाओं ने हाथों में भगवान की प्रतिमा लेकर मंगल गीत गाए और माता गणगौर से सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। अंत में बड़े महादेवन स्थित तालाब पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माता गणगौर की प्रतिमाओं का भव्य विसर्जन किया गया। इस अवसर पर वर्षा गोयल, स्वाति गोयल, जाह्नवी अग्रवाल, डॉली गोयल, इशू अग्रवाल, राधा गर्ग, रुचि गोयल, गुंजन गोयल, सलोनी अग्रवाल, शिवांगी बंसल, अपेक्षा कंछल, शिप्रा गोयल, शगुन गोयल, नंदनी बंसल, मोहित गोयल, सुमित गोयल, शिखर गोयल,चेतन अग्रवाल, दर्श अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


यात्रा में उत्साह के साथ सम्मिलित हुईं महिलाएं। अमृत विचार

# मॉडल बाइलॉज के अनुरूप होगा जिला बार एसोसिएशन का चुनाव

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात


बैठक में भाग लेते चुनाव समिति के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला बार एसोसिएशन, कानपुर देहात की चुनाव समिति की बैठक में 25 मार्च को प्रस्तावित मतदान की तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। चुनाव उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ द्वारा जारी दिशा निर्देश के क्रम में निर्धारित मॉडल बायलॉज की विधियों उपविधियों के अनुसार संपन्न कराया जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व निर्धारित चुनाव कार्यक्रम मतदान 25 मार्च को सुबह 10 बजे से सायं चार बजे तक कराया जाएगा। तत्पश्चात मतगणना होगी। बताया कि केवल अध्यक्ष एवं महामंत्री पद हेतु मतदान होगा, जबकि अन्य 19 पदों पर पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। चुनाव समिति अध्यक्ष संपत लाल यादव बताया कि मतदाता अधिवक्ता को मतदान के लिए अपना सीओपी पहचानपत्र या सीओपी प्रणाम साथ में लाना अनिवार्य है।

बिना वैध सीओपी के किसी भी अधिवक्ता को मतदान में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस अवसर पर चुनाव समिति के सदस्य रमेश चन्द्र सिंह गौड़ रवि शंकर वर्मा ,जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव महामंत्री घनश्याम सिंह राठौर,वरिष्ठ अधिवक्ता कल्यान सिंह राजेन्द्र गुप्ता ने अधिवक्ताओं से अपील की कि मतदाता अधिवक्ता किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं से दूर रहें तथा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत चुनाव प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें।

# मूर्ति खंडित करने के आरोपी को शांति भंग में पकड़ा

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** बीते रविवार को कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर गाजीउद्दीन गांव में ब्रह्मदेव बाबा के मंदिर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा को खंडित करने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मदारपुर गाजिउद्दीन गांव निवासी अशोक मिश्रा ने गांव के बाहर ब्रह्मदेव बाबा के स्थान पर मंदिर का निर्माण कराया था जिसमें दुर्गा माता की मूर्ति स्थापित कराई गई थी। वहां गांव के तमाम लोग प्रतिदिन पूजा अर्चना करने जाते हैं। नवरात्रि पर्व होने के कारण भक्तों की और अधिक भीड़ जुटती है। गांव के मोनू उर्फ सोनपाल ने शरारतन दुर्गा माता की मूर्ति के हाथ खंडित कर दिए थे। सुबह पूजा अर्चना करने महिला पुरुष भक्तों ने मूर्ति खंडित देखी तो नाराजगी जताई और उत्तेजित हो गए। कुछ देर में ही वहां ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और आक्रोशित लोगों ने मूर्ति खंडित होने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही मैथा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने उत्तेजित ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। मंदिर का निर्माण कराने वाले अशोक मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित मोनू उर्फ सोनपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया था। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मूर्ति खंडित करने वाले युवक मोनू को शांतिभंग में पकड़ा गया है।

**सरकार के नौ वर्ष** — नगर विकास एवं निर्माण थीम पर चर्चा के बाद दी जानकारी

# शौचालय निर्माण से महिलाओं को सम्मान मिला

- नगर पालिका परिषद के सभागार में नव निर्माण के नौ वर्ष पर कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



कार्यक्रम में उपस्थित रहे अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को पुखरायां नगर पालिका परिषद के सभागार में नगर विकास एवं निर्माण थीम पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कई अधिकारी और जन प्रतिनिधि शामिल हुए।

संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि बीते नौ वर्ष बेमिसाल रहे हैं। इनमें महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के साथ-साथ नगर विकास एवं निर्माण को भी अभूतपूर्व गति मिली है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण से महिलाओं को सम्मान मिला है, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सुरक्षित आवास उपलब्ध कराए गए हैं। हर घर जल योजना के जरिए हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाकर महिलाओं के जीवन को सुरक्षित एवं सुगम बनाया गया है। नगरों के विकास में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है और सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुफ्त राशन वितरण, आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को सहायता तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने वाली योजनाएं समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बना रही हैं।

एडीएम दिग्विजय सिंह ने नगर विकास एवं निर्माण थीम पर अपने संबोधन में कहा कि शासन द्वारा नगरीय निकायों को सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण, नाली एवं जल निकासी व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण तथा जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण प्रणाली को प्रभावी बनाया गया है तथा कचरा निस्तारण के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। स्ट्रीट लाइटों के आधुनिकीकरण के तहत एलईडी लाइटों की स्थापना से नगरों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है। इसके अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए पाइपलाइन विस्तार, जल टंकियों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य निरंतर जारी है।उन्होंने यह भी बताया कि नगरों के सौंदर्यीकरण, पार्कों के विकास, हरित क्षेत्र के विस्तार एवं सार्वजनिक स्थलों के उन्नयन हेतु विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान नगर पालिका अध्यक्ष पुखरायां पूनम दिवाकर, उपजिलाधिकारी भोगनीपुर देवेंद्र सिंह आदि रहे।

# टेट के विरोध में शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस, आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रसूलाबाद


टेट अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस निकालते शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमवार यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के आह्वान पर रसूलाबाद में टेट अनिवार्यता के विरोध में विशाल मशाल जुलूस निकल गया। जुलूस झींझक रोड मोड़ से प्रारंभ होकर रसूलाबाद चौराहे तक गया। जुलूस में जिले से आए सैकड़ों शिक्षकों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने कि टेट अनिवार्यता शिक्षकों के हितों के खिलाफ है और इससे हजारों शिक्षकों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा की आरटीए एक्ट एक्ट 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर जबरन लागू की गई टेट अनिवार्यता पूर्णतः अनुचित और शिक्षक विरोधी निर्णय है। वर्षों से सेवा दे रहे हैं शिक्षकों को बार-बार परीक्षा के दायरे में लाना उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाता है। यदि शीघ्र ही इस पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिला महिला उपाध्यक्ष ऋचा कटियार ने कहा कि संगठन हमेशा शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहा है और करता रहेगा। जिला मंत्री शिव गोविंद ने भी ऊर्जावान संबोधन दिया। इसके मौके पर सुशील कुमार, सत्यवीर चंदेल, नागेंद्र वर्मा, अख्तर हुसैन, सर्वेश कुमार,अमित मिश्र, सौरभ चंदेल , शिवकरन कुशवाहा, राम दास, धर्मेंद्र कुमार आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 150 गांवों की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बिधनू।** दक्षिणांचल विद्युत उपकेंद्र बिधनू में मंगलवार दोपहर मशीनों की टेस्टिंग की वजह से पांच घंटे संबंधित 150 गांवों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। अवर अभियंता अभियंता करन सिंह ने बताया कि दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक टेस्टिंग टीम द्वारा मशीनों व ट्रांसफार्मरों की टेस्टिंग का काम किया जाएगा। आपूर्ति व्यवस्था सुचार रूप से चलने के लिए टेस्टिंग आवश्यक है। जिससे मशीनों व ट्रांसफार्मरों के खराब उपकरण को बदलकर व्यवस्था दुरस्त रखी जाए। शाम 5 बजे से फिर से आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### अवैध शराब समेत युवक गिरफ्तार

**बिधनू।** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के तहत गश्त के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि कुरौना बहादुर नगर–बघाना धौंरी मार्ग पर एक व्यक्ति पैदल शराब लेकर बेचने जा रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक प्लास्टिक के सफेद थैले में 20 पाउच अवैध देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम धौंरी निवासी मोहम्मद अली उर्फ छोटू बताया। बरामद शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### चौबेपुर में चोरों ने बाइक की पार

**चौबेपुर।** क्षेत्र के भिंडुरी गांव के सामने सोमवार दोपहर मौका पाकर चोरों ने युवक की बाइक पार कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। क्षेत्र के जरारी गांव निवासी धीरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि सोमवार दोपहर वह कार्यवश घर से बाइक द्वारा निकट के भिंडुरी गांव गया था। बताया कि करीब 12 :30 बजे गांव के सामने स्थित रेलवे ट्रैक किनारे अपनी बाइक खड़ी की थी। थोड़ी ही देर बाद वापस लौटने पर गाड़ी मौके से गायब मिली। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### सपाइयों ने जयंती पर लोहिया को किया याद

**घाटमपुर ।** विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी कार्यालय में समाजवादी पुरोधा राम मनोहर लोहिया जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर तमाम सपाई मौजूद रहे। इस अवसर पर उनके विचारों और सिद्धांतों का स्मरण किया गया। सपाइयों ने उनके बताए मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ते हुए गरीब, मजलूम, किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक एवं वंचित समाज सेवा करने का संकल्प लिया। सभी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिय। इस अवसर पर राजू वर्मा, मीना संखवार , शैलू सोनकर , जीतू यादव , मनोज यादव , राजकुमार कुशवाहा , चंद्रभान मुखिया , शिवकरन बाबा निषाद, राजू शर्मा , कमल यादव, राज शेखर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अज्ञात चेन लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शिवराजपुर।** श्रीपाल पुत्र छोटेलाल निवासी गांव बिलखरी थाना चौबेपुर बीती 13 मार्च को साइकिल द्वारा अपने गांव से अपने मामा के घर शिवराजपुर के माना ताला गांव जा रहे थे। अभी वह कस्बे के बर्राजपुर पहुंचने वाले थे कि बंबे के पास एक गेस्ट हाउस के समीप साइकिल खड़ी करके वह लघुशंका करने लगे। तभी बाइक सवार युवक उनके पास आया और उनके गले में पड़ी चेन खींचकर भाग गया। घटना के बाद पीड़ित बेहोश होकर वहीं गिर गया। होश आने पर उसने शोर मचाया तब तक बाइक सवार लुटेरे दूर जा चुके थे। थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि तहरीर आने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच चल रही है।

### रैकवार समाज ने मनाई निषादराज की जयंती

**हमीरपुर ।** निषाद रैकवार समाज समिति द्वारा महाराज निषादराज की जयंती समाज के लोगों ने धूमधाम के साथ मनाई। इस दौरान समाज के लोगों ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। भगवान श्रीराम के वनवास के समय श्रीराम और महाराज निषादराज का मिलन हुआ।

# भूमि विवाद, दबंगई के मामलों का रहा बोलबाला

## संपूर्ण समाधान दिवस: उमड़ी फरियादियों की भीड़, जिलाधिकारी की मौजूदगी में सुनी गईं समस्याएं

संवाददाता, बिल्हौर


फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** सोमवार को तहसील बिल्हौर में आयोजित 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में राजस्व, पुलिस और विकास कार्यों से जुड़ी दर्जनों शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें सबसे अधिक मामले अवैध कब्जे और प्रशासनिक शिथिलता के रहे। सामाधन दिवस के दौरान कुल 86 शिकायतों का पंजीकरण किया गया, जिसमें चार का मौके पर निस्तारण भी कर दिया गया।

- 86 शिकायतों का हुआ पंजीकरण इसमें से चार शिकायतों का किया गया निस्तारण

समाधान दिवस के अंतर्गत नदिहा बुजुर्ग की निवासी सर्वेश ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम भिण्डा नेवादा के कुछ दबंगों ने उनके खेत में खड़ी लाही की तैयार फसल जबरन काट ली। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिनी ने आरोप लगाया कि पूर्व में थाना ककवन में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह औरोताहरपुर के विमल सिंह ने भी गांव के ही एक दबंग पर अपनी पैतृक भूमि पर कब्जा करने और राजस्व टीम की पैमाइश के बाद भी दखल न मिलने की शिकायत की।

वहीं अरौल प्राथमिक विद्यालय की रसोइया नीतू ने प्रधान अध्यापक पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र सौंपा। उनका कहना है कि बीमारी की छुट्टी के दौरान प्रधान अध्यापक ने धोखे से सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए और अब पिछले 9 महीनों से उनके पारिश्रमिक का आधा हिस्सा जबरन वसूल रहे हैं। पैसे न देने पर उन्हें काम से हटाने की धमकी दी जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास और अन्य सरकारी योजनाओं में धांधली की तमाम शिकायतें भी आईं। बर्राजपुर की निधि देवी और शशी ने बताया कि वे भूमिहीन खेतिहर मजदूर हैं और कच्चे मकान में रहने को मजबूर हैं, लेकिन पात्रता के बावजूद उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं, बर्राजपुर की ही गुलाब देवी ने पति की मृत्यु के बाद मिलने वाले 'पारिवारिक लाभ' के लिए प्रशासन से गुहार लगाई।

उदेतपुर के प्रमोद कुमार ने आरोप लगाया कि 8 माह पूर्व चाटबंदी (पैमाइश) के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद लेखपाल और कानूनगो टालमटोल कर रहे हैं। वहीं, इब्राहिमपुर राँस के सुधीर कुमार ने बताया कि पट्टे की भूमि पर पैमाइश के नाम पर अधिकारी केवल खानापूर्ति कर रहे हैं और उन्हें अब तक वास्तविक कब्जा नहीं मिल सका है। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर जाकर पारदर्शी जांच करने और समयबद्ध निस्तारण के कड़े निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार और सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण सामाधन दिवस के मौके पर दिव्यांग जनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें 44 को मौके पर प्रमण पत्र जारी कर दिये तथा 12 को विस्तार से जांच के लिए रेफर किया गया है। इस मौके पर सामाधन दिवस के दौरान डीसीपी पश्चिम कासिम अबीदी मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरी दत्त नेमी, उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित के साथ अन्य विभाग के लोग मौजूद रहे।

### डीएम ने बिल्हौर तहसील का किया निरीक्षण

**बिल्हौर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बिल्हौर तहसील का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखागार में अभिलेखों का परीक्षण किया और उनके सुव्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए। खाद एवं रसद विभाग के कार्यालय में तंबाकू मुक्त क्षेत्र के नोडल अधिकारी का नाम प्रदर्शित न पाए जाने पर इसे तत्काल अंकित कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत वसूली से संबंधित आरसी की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए शौचालय में प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में सुव्यवस्था बनाए रखते हुए आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध ढंग से निस्तारित किया जाए।

# चौबेपुर में युवक ने फंदा लगा कर दी जान, मचा कोहराम

संवाददाता,चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के महराजपुर गांव में एक युवक ने घर से बाहर एक दुकान के आगे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह घटना की जानकारी पर मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

महराजपुर गांव निवासी असहद अली दिव्यांग है और ई रिक्शा चला कर परिवार का भरण पोषण करता है। परिवार में पत्नी के अलावा इकलौता बेटा रिहान अली (18) था। बताया गया है कि रविवार देर रात करीब 11 व 12 बजे के मध्य रिहान घर वालों को बिना कुछ बताए चुपचाप घर से बाहर निकल गया। सुबह गांव के ही अन्नू चौरसिया की दुकान के आगे फाइबर की रस्सी से उसका शव लटकता देख गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी पाकर मृतक के घर वाले मौके पर पहुंचे। इकलौते बेटे को फंदे से लटकता देख परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल हो गया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस पूछताछ में परिजन युवक द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम के बाबत कोई जानकारी नहीं दे सके। मालूम हुआ कि गत वर्ष मृतक की बहन की भी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी।

गांव में दशहरा मेला देखने गई बहन का शव अगले दिन सुबह अमिलिहा गांव के सामने रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला था।

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि भूखण्ड संख्या 313 ब्लाक ई स्कीम नम्बर द्वितीय सुजातगंज (श्याम नगर) कानपुर नगर रकबा 668.88 वर्गमीटर से सम्बन्धित असल फीहोल्ड विलेख दिनांकित 02/09/2005 लिखित कानपुर विकास प्राधिकरण बहक श्रीमती शीला भदौरिया जिसका पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में बही संख्या 1 जिल्द संख्या 6575 के पृष्ठ संख्या 355 से 370 पर क्रमांक संख्या 20030 पर पंजीकृत है, व असल आवंटन पत्र व असल कब्जा पत्र (आवंटन पत्र व कब्जा पत्र भूखण्ड संख्या 312 व 313 से सम्बन्धित) कही खो गया है, उपरोक्त सम्पत्ति को राजेन्द्र कुमार चौधरी द्वारा एस0एम0एफ0जी0 इण्डिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड में बंधक रख कर ऋण प्राप्त किया जा रहा है, यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिनो के अन्दर निम्न पते पर सम्पर्क करे। किसी के द्वारा इनका प्रयोग अवैध माना जायेगा।

**भारत भटनागर– एडवोकेट**
**कार्यालय– कमरा नम्बर 14 द्वितीयतल**
**मुदगल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट**
**कम्पाउण्ड, कानपुर नगर**
**मो0न0 9839034426**

# शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के बिठूर रोड तिराहा के समीप हाईवे के अंडर पास के निकट से रविवार रात गश्ती पुलिस ने एक शातिर अपराधी को धर दबोचा। पकड़े गए युवक के खिलाफ चौबेपुर समेत विभिन्न थानों में दर्जन भर से अधिक गंभीर मामले पंजीकृत बताए गए। विधिक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेजा गया।

रविवार रात गश्त के दौरान कस्बे के बिठूर रोड हाईवे अंडरपास के समीप संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक को देख पुलिस ने उसे टोका। पुलिस को देख युवक ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने दौड़कर दबोच लिया । तलाशी के दौरान युवक के पास से एक देसी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और लूट का माल बरामद हुआ।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम संजय गौतम उर्फ राहुल पुत्र मेवा लाल निवासी संडीला, चौबेपुर बताया। जांच पड़ताल में मालूम हुआ कि पकड़ा गया युवक शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ चौबेपुर के अलावा शिवराजपुर, कानपुर देहात के शिवली, कन्नौज के छिबरामऊ, इंदरगढ़, ठठिया, तिर्वा आदि थानों में विभिन्न 14 संगीन मामले दर्ज है। कुछ समय पहले आपराधी युवक द्वारा क्षेत्र के बंसठी गांव के निकट एक महिला के साथ भी लूटपाट की गई थी। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि पकड़ा गया युवक शातिर अपराधी है,जिसके खिलाफ कई संगीन मामले पंजीकृत हैं, उसे जेल भेजा गया।

# रोहित सोनी इलेवन ने डीके इलेवन को 33 रनों से हराया

संवाददाता, घाटमपुर


खिलाड़ियों के साथ मौजूद आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वर्गीय सूर्यभान सिंह एवं स्वर्गीय बृजभान सिंह की स्मृति में जीपीएल सीजन वन की शुरुआत हुई। उद्घाटन मैच में आज रोहित सोनी इलेवन ने डीके इलेवन को 33 रनों से हरा कर मैच जीत लिया। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

रोहित सोनी इलेवन ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 220 रन बनाए, जिसमें सर्वाधिक विशाल पाल ने 81 रन और रबादा ने 43 रनों का योगदान दिया। डीके इलेवन की तरफ से हर्षित बाजपेई ने चार और अमन ने दो विकेट लिए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके इलेवन की टीम 187 रन ही बना सकी। उनकी तरफ से पुनीत दिवाकर ने 47 रन और रहमान ने 35 रन बनाए। रोहित सोनी इलेवन की तरफ से गंगा यादव ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। टूर्नामेंट का उद्घाटन ऋषि सिंह ब्लॉक प्रमुख सहार ने किया । इस मौके पर लालाजी सचान प्रबंधक जनता महाविद्यालय, चंद्रभान सिंह परिहार ,पिंटू सिंह परमार, रामजी जादौन, रामगोपाल पासवान, शेरभान सिंह और धीरेन्द्र सिंह राजावत उपस्थित रहे।

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली**

पत्रांक/के0जी0बी0वी0/9105–09/2025–26 दिनांक: 23.03.2026

**विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या–1553/68–5/2020 दिनाँक 11 दिसम्बर 2020 एवं निदेशक राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक– के0जी0बी0वी0/शिक्षक/1837/2024–25 दिनाँक 30.05.2024 द्वारा दिए गए निर्देशों के कम में जनपद रायबरेली के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) में अस्थाई रूप से सृजित संविदा आधारित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति हेतु इच्छुक, अर्ह, योग्य महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित शर्तो के अधीन आवदेन पत्र आंमत्रित किये गये थे। आवदेन पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तिथि 22.12.2025 की सायं 05:00 बजे तक थी। प्राप्त आवेदन पत्रों से पात्र अभ्यर्थियों (पूर्णकालिक व अंशकालिक शिक्षिका एवं लेखाकार) की काउंसलिंग दिनांक 23.01.2026 व साक्षात्कार हेतु पात्र अभ्यर्थियों (सहायक रसोइया, चौकीदार व चपरासी) को 28.01.2026 को साक्षात्कार पूर्ण किया गया। शासनादेश देश में निहित प्राविधानों के अनुसार काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों से विकल्प लिए जाने के निर्देश है। तत्क्रम में काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में दिनाँक 25.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विकल्प हेतु अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित उपस्थित होंगे।

विकल्प हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जनपद रायबरेली के एन0आई0सी0 की वेबसाइड– http://raebareli.nic.in व कार्यालय के सूचना तट पर उपलब्ध है।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**रायबरेली**

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**भाजपा जिला कार्य समिति**

संवाददाता, घाटमपुर


संदीप बाजपेयी को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार


जिला मंत्री अंजलि तिवारी विधायक सरोज कुरील के साथ।


जिला महामंत्री वेदव्रत सचान।

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्य समिति में जिला महामंत्री वेद व्रत सचान को तीसरी पुन महामंत्री बनाकर संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तीसरी बार महामंत्री बनने पर कार्यकर्ता उनके आवास पहुंचे और माला पहना कर उनका स्वागत किया। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप बाजपेई को भी भाजपा संगठन में जगह मिली है। शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। संदीप बाजपेई के भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। वहीं भाजपा जिला महिला मोर्चा की जिला महामंत्री अंजलि तिवारी को भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने महिला मोर्चा से हटाकर बीजेपी संगठन में जिला मंत्री बनाया है। भाजपा जिला मंत्री अंजलि तिवारी के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर ढोल नगाड़े-आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। इस दौरान घाटमपुर विधायक सरोज कुरील भी शाम को उनके आवाज पहुंचीं और उन्हें माला पहनकर मुंह मीठा करा कर उन्हें बधाई दी। वहीं इसके अलावा रण विजय सिंह चंदेल को जिला उपाध्यक्ष, सौरभ कुशवाहा को मंत्री एवं सौरभ त्रिवेदी को आईटी संयोजक बनाया गया है।

- वेदव्रत सचान को तीसरी बार मिली महामंत्री की कुर्सी
- समर्थकों और पदाधिकारियों ने बांटी मिठाई व छुड़ाई आतिशबाजी

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष घाटमपुर रोहित सोनी, सभासद शोभित सेंगर, कमलेश त्रिवेदी, रंजना शर्मा, शुभम शुक्ला, विकल्प बाजपेई, उमेश द्विवेदी, श्री कृष्णा मिश्रा, पुनीत दिक्षित, जीतू, रिंकू शुक्ला, बउआ लाल तिवारी, शुभम अग्निहोत्री, प्रिंस शुक्ला, रामू पंडित, प्रांजल वाजपेई, दीपांशु तिवारी, उपवन त्रिपाठी, टिंकू बाजपेई,सहित आदि लोग मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# करंट से राष्ट्रीय पक्षी की मौत

**चौबेपुर।** रौतापुर गांव में सोमवार शाम हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग के कर्मियों व पशु चिकित्सा अधिकारी की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद दफना दिया।

सोमवार शाम क्षेत्र के रौतापुर गांव के बाहर राष्ट्रीय पक्षी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर नीचे आ गिरा। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय पक्षी को मृत पड़ा देख मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दिए जाने पर विभागीय कर्मी व पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कटियार गांव पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में राष्ट्रीय पक्षी का पोस्टमार्टम कर उसे दफना दिया गया।

**आस्था** | मां कूष्मांडा देवी मंदिर में पंचम दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

# स्कंदमाता की पूजा कर मांगी समृद्धि

संवाददाता, घाटमपुर


मां कूष्मांडा देवी मंदिर में लगी भक्तो की भारी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि के पंचम दिन सोमवार को चतुर्थ शक्तिपीठ मां कूष्मांडा देवी मंदिर में मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना पूरे श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुई। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। दूर-दराज से श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली, बस, कार और बाइक के माध्यम से आये और मां के दर्शन कर माता का आशीर्वाद लिया।

नवरात्र के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जगह-जगह फूलों की सजावट और रोशनी की व्यवस्था की गई है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है, जहां प्रसाद वितरण निरंतर जारी है। मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। भक्तों ने मां स्कंदमाता से परिवार की सुख-शांति, संतान की उन्नति और समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रबंधन एवं प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल की तैनाती के साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# घाटमपुर में भूमाफिया पर गरजा बुलडोजर


अवैध अतिक्रमण गिराता बुलडोजर।

**घाटमपुर।** तहसील में एक बार फिर प्रशासन का बुलडोजर गरजा है। घाटमपुर तहसील प्रशासन ने अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा मुक्त अभियान के अंतर्गत घाटमपुर शहरी क्षेत्र गाटा संख्या 77 बंजर भूमि पर घाटमपुर के एक भूमाफिया द्वारा कब्जा कर रख गया था।

उसने उस भूमि पर पक्का निर्माण कार्य कर रखा था। इस निर्माण में सोमवार को तहसील प्रशासन का बुलडोजर चलाकर निर्माण कार्य को जमींदोज कर दिया। घाटमपुर के शहरी क्षेत्र गाटा संख्या 770 बंजर भूमि पर घाटमपुर निवासी सलमान, जीशान पुत्र सफीक निवासी घाटमपुर ने कब्जा कर पक्का निर्माण कर रखा था। इसी अवैध निर्माण को प्रशासन ने बुलडोजल चला कर जमींदोज कर दिया। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इसके चलते वहां पर मौजूद लोग विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सके।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल अपना नाम अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल को परिवर्तित करके अवन्तिकाबेन पटेल कर रही हूँ अत: भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु अवन्तिकाबेन पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **अवन्तिकाबेन पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1630319 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है । **प्रार्थी दानिश पुत्र ऐजाज अहमद नवीन नगर बिल्हौर कानपुर नगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल अपना नाम सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल को परिवर्तित करके सपना पटेल कर रही हूँ अत: भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु सपना पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **सपना पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1231412986 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 अनुक्रमांक 2256183180 के प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं । **प्रार्थी ज्योति पुत्री बृजमोहन ग्राम पोस्ट लुघपुरा बिधूना जनपद औरैया**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कल्पेश राजेंद्र भाई पटेल पुत्र श्री राजेंद्र भाई पटेल अपना नाम कल्पेश राजेंद्र भाई पटेल को परिवर्तित करके कल्पेश पटेल कर रहा हूँ अत: भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यो हेतु कल्पेश पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **कल्पेश पटेल पुत्र श्री राजेंद्र भाई पटेल माकन संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेंद्र भाई पुत्र श्री मगन भाई पटेल अपना नाम राजेंद्र भाई को परिवर्तित करके राजेंद्र भाई पटेल कर रहा हूँ अत: भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु राजेंद्र भाई पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा । **राजेंद्र भाई पटेल पुत्री श्री मगन भाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD HAROON से बदलकर MOHD HAROON रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SULEMAN ADD-660/7/P-86A PHOOL BAGH COLONY BAHADURPUR, KURSI ROAD, ERAM MEDICAL COLLEGE, GUDAMBA, DIST-LUCKNOW-226026 (U.P.)

**सूचना**

I, SAREEF S/O MOHAMMAD HANIF, R/O MOHALLA-PATEL NAGAR, UTRAULA, BALRAMPUR, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO MOHAMMAD SHAREEF , AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS MOHAMMAD SHAREEF .

**सूचना**

मैने अपना नाम VIGYAN SINGH से बदलकर VIGYAN RAJESH SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाय । S/o Rajesh Kumar Singh Add- Flat No 3A 106 Sixth Floor Wing A Tower 1 Golf View Appartment Sector-i Ansal Sushant Golf City Lucknow UP-226030

**सूचना**

मैने अपना नाम CHABIWALA NAYIAM YUSUF से बदलकर MOHAMMAD NAEEM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHAMMAD YUSUF ADD-624/P 7B/KH 71A FAIZULLAGANJ-2 NEAR NASIR FARM RAHIM NAGAR DIDAULI, DIST-LUCKNOW-226020 (U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र महेन्द्र कुमार को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज से मेरा उससे कोई संबंध नहीं रहेगा। **रामरतन पुत्र बनवारी निवासी मोहल्ला नयीवस्ती तहसील शाहाबाद जनपद हरदोई**

**सूचना**

मैं **चंद्रवती पत्नी संकठा प्रसाद नि. गजोधरपुर मोड़ 25वाहिनी पीएसी, रायबरेली,** अपने बड़े पुत्र उमेश कुमार धीमान को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नही होगा।

अमृत विचार
कानपुर महानगर
कानपुर, मंगलवार, 24 मार्च 2026

## सुविचार



कठिनाईयां भगवान का संदेश होती हैं, उनका सामना करते समय हमें भगवान के विश्वास के रूप में, भगवान से अभिनंदन के रूप में उनका सम्मान करना चाहिये।

-हेनरी वार्ड बीचर

## कानपुर के प्रमुख समाचार


- गर्लफ्रेंड को मनाली घुमाने के लिए 15 लाख की चोरी-II
- सब्जियों के बढ़े दाम, रसोई पर असर-III
- युवाओं ने विशेषज्ञों के सामने बताईं स्टार्टअप की खूबियां-IV


सरकारी दरों पर सफल इलाज
आयुष्मान कार्ड धारक एवं अन्य ECHS / CGHS / TPA कार्ड धारकों का निःशुल्क इलाज
पंजीकरण के समय आधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर अवश्य लाएं
*T&C Apply
दवाओं की खरीद पर 10% तक की छूट
मात्र 4 घंटे में CT Scan और MRI की रिपोर्ट प्राप्त करें

| | SPECIAL RATE | NORMAL RATE |
|---|---|---|
| X-RAY | ₹150/- | ₹400/- |
| ULTRASOUND | ₹300/- | ₹800/- |
| CT SCAN | ₹1200/- | ₹3500/- |
| MRI | ₹2200/- | ₹5500/- |

नोट: कन्ट्रास्ट स्कैन पर ₹1200/- अतिरिक्त देय होगा
एंडोस्कोपी : ₹2,500/-
कोलोनोस्कोपी : ₹5,500/-
ब्रोंकोस्कोपी : ₹7,000/-
अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी सर्जनों के साथ सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध
नारायना हॉस्पिटल
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
(इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज)
गंगागंज, पनकी कानपुर
द्वारा आयोजित
फ्री हेल्थ चेकअप कैंप
01 मार्च से 30 अप्रैल 2026 तक
स्थानः नारायना हॉस्पिटल परिसर समयः प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक
सभी विभागों द्वारा निःशुल्क परामर्श
अब हर रोगी की पहुँच में उत्तम सर्जरी, अच्छा इलाज, आधुनिक सुविधाएं युक्त सरकारी एवं किफायती दरों पर
आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता
नेफ्रोलॉजी विभाग (किडनी रोग विशेषज्ञ)
• किडनी की सभी बीमारियों का उपचार • डायलिसिस की सुविधा • किडनी फेल्योर एवं हाई ब्लड प्रेशर का प्रबंधन
यूरोलॉजी विभाग
• पथरी (किडनी/मूत्राशय) का इलाज • प्रोस्टेट की समस्या का उपचार • मूत्र संबंधी सभी रोगों की सर्जरी एवं इलाज
न्यूरोलॉजी विभाग
• मस्तिष्क एवं नसों के रोगों का उपचार • स्ट्रोक, मिर्गी (Epilepsy), माइग्रेन का इलाज • लकवा (Paralysis) एवं न्यूरोलॉजिकल समस्याओं की
24x7 सुविधायें: आई.सी.यू. • एन.आई.सी.यू. • पी.आई.सी.यू. • एम.आर.आई • सी.टी.स्कैन • डिजिटल एक्स-रे • ब्लड बैंक • पैथोलॉजी एवं बायोप्सी • डायलेसिस • ऑक्सीजन प्लांट • वेंटिलेटर एम्बुलेंस • एम्बुलेन्स • मेडिकल स्टोर • ई.सी.जी. • एन.सी.वी. • ई.एम.जी. • ई.सी.टी.
24 घंटे इमरजेन्सी सुविधा एवं नारायना अस्पताल से 3 किमी. तक एम्बुलेन्स की सुविधा बिल्कुल मुफ्त
फोन करके अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर लें 7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com Email: nhrc@narainagroup.net

# पड़ाव क्रॉसिंग पुल का जल्द शुरू होगा काम

## शासन से मंजूरी मिलने के बाद वित्त एवं व्यय समिति के पास स्वीकृति के लिए पहुंची प्रोजेक्ट फाइल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी पड़ाव क्रासिंग पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को शासन की मंजूरी मिलने के बाद फाइल अब शासन की वित्त एवं व्यय समिति के पास लटकी है। सांसद रमेश अवस्थी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर समिति की स्वीकृति जल्द दिलाने की मांग करने के साथ सक्षम अधिकारियों से इस संबंध में पैरवी की है। सांसद का कहना है कि नए वित्तीय वर्ष के साथ ही पनकी पड़ाव क्रासिंग पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी और टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।



पनकी पड़ाव क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज बनने से नहीं लगेगा जाम। अमृत विचार

शासन ने पनकी पड़ाव क्रासिंग पर रेलवे ओवरब्रिज बनाने के काम को हरी झंडी दिखाने के साथ रेलवे को पत्र भेजकर वित्तीय भागीदारी पर भी अपनी सहमति जताई थी। इसी के बाद लोक निर्माण विभाग की प्रमुख अभियंता समिति ने प्रोजेक्ट की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट शासन की वित्त एवं व्यय समिति के पास भेजी थी। उप्र सेतु निर्माण निगम ने ओवरब्रिज निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर रखी है, बस उसे वित्त एवं व्यय समिति से बजट आवंटन की स्वीकृति मिलने का इंतजार है।

### मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

पुल की मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है। जल्द ही वित्त एवं व्यय समिति से प्रोजेक्ट मंजूर हो जाएगा। यह पुल 10 लाख से अधिक लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाएगा।



– रमेश अवस्थी, सांसद

पहले पनकी पड़ाव क्रासिंग पर दो लेन पुल की डिजाइन बनाई गई थी, जिसे यातायात का दबाव देखते हुए नाकाफी बताकर खारिज कर दिया गया था। इसके बाद फोरलेन पुल की डिजाइन बनी थी। सेतु निगम ने 305 करोड़ रुपये से 1197 मीटर लंबा और 16.50 मीटर चौड़ा पुल बनाना प्रस्तावित किया है। यह पुल क्रासिंग पार करने के बाद स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया और ट्रांसपोर्ट नगर की ओर चार-चार सौ मीटर लंबा बनेगा।

### 24 घंटे में 225 बार बंद होती क्रॉसिंग

- पनकी पड़ाव रेलवे क्रासिंग दिल्ली-हावड़ा रूट पर होने की वजह से 24 घंटे में 225 से अधिक बार बंद होती है। इसके कारण 60 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहनों को जाम में फंसना पड़ता है। कई बार क्रासिंग बंद होने पर एंबुलेंस और अग्निशमन वाहन भी फंस जाते हैं।

### 30 मोहल्लों के लोगों को मिलेगा लाभ

- यह पुल बनने से पनकी, कल्याणपुर, महावीरपुरम, रतनपुर, सुन्दर नगर, शताब्दी नगर, गंगागंज कॉलोनी समेत तीस से अधिक मोहल्लों में रहने वाले दो लाख से अधिक लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

### गंगागंज से वाई आकार में बनेगा टू लेन पुल

- पनकी पड़ाव फोरलेन पुल वाई आकार का होगा। गंगागंज में नारायना मेडिकल कॉलेज की ओर जाने वाले तिराहे के पास से शुरू होकर पुल रेलवे क्रासिंग पार करने के बाद दो हिस्सों में बंट जाएगा। टू लेन का एक हिस्सा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया और दूसरा टू लेन हिस्सा ट्रांसपोर्ट नगर की ओर मुड़ जाएगा। इससे पनकी की ओर से आने वाले लोग जिन्हें न्यू ट्रांसपोर्ट नगर जाना है, आसानी से चले जाएंगे। यहां से जिन वाहनों को कल्याणपुर की ओर जाना है वे भी निकल जाएंगे। इसी तरह स्टील अथॉरिटी की तरफ से आने वाले वाहनों को भी आवागमन में सुगमता होगी।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
PATIENT SAFETY QUALITY OF CARE NABH CERTIFIED
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र...

**माँ कात्यायनी: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः**

# पुलों पर एक्सपायर स्पैन से गुजर रहीं सुपर फास्ट ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर से हावड़ा देश के व्यस्तम रेल रूट में शुमार है। इस रूट पर राजधानी, वंदे भारत, दूरंतो के अलावा बड़ी संख्या में सुपर फास्ट ट्रेनें दौड़ती हैं। रेलवे इस रूट पर 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रेनें दौड़ाने की योजना पर काम कर रहा है, ट्रैक और सिग्ननल प्रणाली को तेज गति के अनुरूप तैयार भी किया जा रहा है, लेकिन इस सच्चाई के विपरीत यह तथ्य डराने वाला है कि इस रूट पर एक के बाद एक तेज रफ्तार ट्रेनें तमाम स्थानों पर ऐसे पुलों पर धड़धड़ाते हुए गुजर रही हैं, जिन पुलों के स्पैन अपनी समय सीमा पूरी करके 'एक्सपायर' हो चुके हैं।

कानपुर-हावड़ा रेल रूट पर तमाम पुलों के स्पैन समयावधि पूरी कर चुके हैं। ऐसे पुलों पर रेलवे रूटीन मरम्मत कर ट्रेनों का संचालन कर रहा है। यह जानकारी रेलवे से सूचना के अधिकार के तहत मिली है। रेलवे की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार हावड़ा मंडल में 2353 रेल पुल (नदी, बरसाती नाले व नालों पर बने) हैं। हावड़ा स्टेशन के जनसूचना अधिकारी कार्तिक सिंह के अनुसार 42.54 फीसदी यानी 1001 रेल पुलों के स्पैन समयावधि पूरी कर चुके हैं। इसमें खाना, बर्द्धमान जंक्शन, बैली स्टेशन के रूट भी शामिल हैं।



- हावड़ा मंडल में 2353 पुल व पुलिया शामिल, इनमें से 42 फीसदी के स्पैन समय सीमा कर चुके पूरी
- रेलवे ने जन सूचना अधिकार में बताया गया, रूटीन मरम्मत से किया जा रहा ट्रेनों का संचालन

मंडल अभियंता सचिन सुमन ने बताया कि सियालदह मंडल में कुल 1102 रेल पुल हैं। जिसमें से 956 पुल नदी, नालों, नहर के ऊपर से गुजरते हैं। कानपुर से सियालदह के लिए दुरंतो व राजधानी एक्सप्रेस चलती है। कोलकाता के लिए प्रताप एक्सप्रेस सहित दो कोलकाता सुपरफास्ट ट्रेन चलती है। कानपुर से हावड़ा के बीच संचालित होने वाली प्रमुख ट्रेनों में राजधानी एक्सप्रेस, वंदे भारत के अलावा नेताजी एक्सप्रेस, हावड़ा सुपरफास्ट, दुरंतो एक्सप्रेस, गरबा एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस जैसी सुपर फास्ट ट्रेनें शामिल हैं।

## सिटी ब्रीफ

### समागम में सक्रिय रहा महिला चोरों का गिरोह

**कानपुर।** निरालानगर रेलवे मैदान पर निरंकारी संत समागम में लाखों की भीड़ के बीच उस समय हड़कंप मच गया, चोरी की घटनाएं सामने आने लगीं। अंतिम दिन सेवादारों ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक नाबालिग समेत चार महिलाओं को पकड़ लिया। भीड़ का फायदा उठाकर चोरों का संगठित गिरोह समागम में सक्रिय था और हात मार रहा था। इस समागम में करीब दर्जन भर महिलाएं चोरी के इरादे से भीड़ में घुसी थीं और मौका पाकर हाथ मार रही थीं। सेवादारों ने घेरेबंदी कर लखनऊ चारबाग क्षेत्र की सीमा, उन्नाव रेलवे स्टेशन के पास रहने वाली पद्मा और पुष्पा को पकड़ लिया। एक 17 वर्षीय किशोरी भी चोरी करते पकड़ी गई। तलाशी में कोई सामान बरामद नहीं हुआ। थाना प्रभारी रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि भीड़भाड़ वाले आयोजनों में ऐसे गिरोह सक्रिय रहते हैं, शांतिभंग में कार्रवाई की गई है।

**बढ़ेंगीं सुविधाएं** | यूपीसीडा ने 8 नई परियोजनाओं को दी मंजूरी, 800 करोड़ का निवेश प्रस्तावित

# लॉजिस्टिक्स में निवेशकों का भरोसा बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लिए औद्योगिक ढांचा मजबूत और आधुनिक बनाने में जुटा है। इसके लिए उसने लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर पर खास फोकस किया है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति-2022 के माध्यम से निवेशकों को निजी भूमि पर भण्डारण एवं लॉजिस्टिक्स इकाइयां स्थापित करने हेतु प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता, टैक्स छूट और अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसी क्रम में, कृषि अवसंरचना को सशक्त बनाने के लिए प्राधिकरण ने 8 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है।

यूपीसीडा ने जिन 5 साइलो, 2 वेयरहाउसिंग एवं एक लॉजिस्टिक्स परियोजना को मंजूरी दी है, वह उन्नाव, औरैया, बलरामपुर, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, लखनऊ, गौतम बुद्ध नगर और हापुड़ जिलों में स्थापित की जाएंगी। इन परियोजनाओं में लगभग 110 एकड़ क्षेत्रफल में विकास किया जाएगा, जिसमें 800 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। यूपीसीडा वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स तथा पीआईपी नीति में प्रदेश में 61 परियोजनाओं को पहले ही मंजूरी दे चुका है। ये परियोजनाएं 810 एकड़ भूमि पर विकसित की जाएंगी, जिनमें 12,900 करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्तावित है।



- वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स, पीआईपी नीति में प्रदेश में 61 परियोजनाओं को पहले ही मंजूरी दे चुका है यूपीसीडा

इन परियोजनाओं से अनाज के सुरक्षित भंडारण की क्षमता में वृद्धि होगी और किसानों को बेहतर भंडारण व लॉजिस्टिक सुविधाएं मिलेंगी। मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब, वेयरहाउस क्लस्टर, आधुनिक वितरण केंद्र की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार की यूपी को लॉजिस्टिक्स हब बनाने की नीति के तहत प्राधिकरण मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब, वेयरहाउस क्लस्टर, स्टोरेज, साइलो परियोजनाओं, कोल्ड चेन और वितरण केन्द्रों की स्थापना को प्रोत्साहित कर रहा है।

## हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

माँ दुर्गा का छठा स्वरूप: कात्यायनी देवी

**नवरात्रि में छठे दिन** मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इस देवी को नवरात्रि में छठे दिन पूजा जाता है। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है। इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है। इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे जो जाते हैं। ये वैद्यनाथ नामक स्थान पर प्रकट होकर पूजी गईं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं।

खैराबाद आई हॉस्पिटल एवं महेन्द्रा आई इंस्टीट्यूट
डॉ. मनीष महेन्द्रा | डॉ. शैली महेन्द्रा
QCI Certified NABH Certified
मोतियाबिंद का उपचार
दूर पास दोनों चश्मे से आजादी
CATARACT | LASIK | SQUINT | RETINA
GLAUCOMA | ICL SURGERY
9336831175, 9336393839, 9918335544
Hospital Timing 9:00 AM to 7:00 PM

केवल 20 मिनट में चश्मा और कान्टैक्ट लेंस को कहें अलविदा!
किसी भी मौसम में सुरक्षित कैटरैक्ट सर्जरी चाहे बारिश हो या धूप!
डॉ. संगीता शुक्ला
MBBS, MS Associate Director Dept.of Ophthalmology Regency Health, Kanpur
Shahi Darbar Apartment, Swaroop - Nagar (Near LLR Metro Station), Kanpur
Call: +91 9919249414, +91 8853219725

चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
साफ नीयत, सही विकास
QCI Hospital
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत बी.पी.एल. कार्ड धारकों के लिए 5 लाख रूपये तक का इलाज पूरी तरह मुफ्त
SD HOSPITAL
मानवता की सेवा में एक कदम आगे
ICU NICU PICU BURN UNITS
24 घंटे उपलब्ध अस्पताल में योग्य इयूटी डॉक्टर एवं एम्बुलेंस की सुविधा
Dr. M.K. Prajapati Managing Director
133/190 'O' Block, Juhi Hamirpur Road (Near Baradevi Chauraha), Kidwai Nagar, Kanpur Helpline : 0512-2600040, 2986897, Mob.: 9336724186, 9935818100

सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए आज ही मिलें...
डॉ. शुक्ला गुप्त रोग क्लीनिक
9889975347
समय - 09:00 बजे से रात 08:00 बजे
रविवार 09:00 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक
केशव नगर, निकट शिवाजी इंटर कॉलेज, गेट नं०-2 के सामने, कानपुर

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
द पनेशिया
ए मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड सेंटर फॉर न्यूरोसाईन्सेस
Come Home to Wellness...
स्ट्रोक होने पर, तुरन्त इलाज न मिलने से मस्तिष्क का नुकसान होता है
हर 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में स्ट्रोक का सामना करता है।
117/473, एल-ब्लॉक, काकादेव (नीरछीर चौराहा और डबल पुलिया के मध्य) कानपुर
सम्पर्क करे: 7897997634
9889556689, 7897997361

## सिटी ब्रीफ

### नौबस्ता में फंदा लगा युवक ने की खुदकुशी

**कानपुर।** नौबस्ता में युवक ने फंदे से लटक कर जान दे दी। घटना की जानकारी के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। मछरिया निवासी 30 वर्षीय जुल्फिकार अली बेकरी में काम करते थे। परिवार में पत्नी खुरून और बेटा जोहान है। परिजन ने बताया कि जुल्फिकार शराब के लती थे। ईद के त्यौहार पर उनकी पत्नी बेटे के लेकर रविवार घर के पास स्थित अपने मायके गई थी। दोपहर में वह नशे की हालत में घर लौटा। इस दौरान किरायेदार की बेटी से चाय बनाने की बात कहकर वह कमरे में चला गया। कुछ देर बाद किरायेदार की बेटी चाय लेकर पहुंची तो कमरे में शव फंदे से लटक रहा था।

### ऑटो की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**कानपुर।** जूही में ई-ऑटो की टक्कर से 75 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड विजय शंकर दीक्षित की मौत हो गई। योगेंद्र विहार फेस-2 निवासी विजय शंकर गोविंद नगर स्थित एक डॉक्टर के बंगले में सिक्योरिटी गार्ड थे। परिवार में पत्नी बिट्टान और बेटा सुनील है। बेटे ने बताया कि 16 मार्च को पिता ड्यूटी से घर लौट रहे थे। बार देवी चौराहा के पास सड़क पार करते वक्त तेज रफ्तार ऑटो टक्कर मारकर भाग निकला। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के कारण उन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई।

### बाबूपुरवा में युवक की पिटाई, चार पर रिपोर्ट

**कानपुर।** बाबूपुरवा थाना क्षेत्र में शनिवार रात ईद मिलने आए युवक के साथ मारपीट हुई। पीड़ित के मामा की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बाबूपुरवा खटिकाना निवासी छोटू के अनुसार रात करीब आठ बजे उसका भांजा कृष्णा उससे मिलने आया था। आरोप है कि तभी मोहल्ले के जानू सोनकर और मेवालाल अपने दो अज्ञात साथियों के साथ पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने कृष्णा को लात-घूंसों और ईंट से पीट दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### ईंट का ढेर हटाने से विवाद में युवक को पीटा

**कानपुर।** जाजमऊ में घर के बाहर पड़ोसी ने ईंट का ढेर लगवा दिया। हटाने को कहने पर उसने अपने साथियों के साथ युवक को पीटा और मोबाइल तोड़ कपड़े भी फाड़ दिए। जाजमऊ के ओमपुरवा निवासी मोहम्मद अलीम के अनुसार बीती 30 दिसम्बर 2025 को उनके पड़ोसी राहुल भारती ने घर के सामने ईंट का ढेर लगा दिया। विरोध करने पर अपने साथी बब्वा भारती, मोहम्मद अरशद, मो. अरबाज, शाहिद मिर्जा और गुड्डू मोकेवाला के साथ मिलकर उन्हें पीटा। मोबाइल तोड़कर कपड़े भी फाड़ दिए। पुलिस के कार्रवाई न करने पर एसीपी कैंट आकांक्षा पांडेय से शिकायत की। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### जंगला साफ करते समय गिरने से मौत

**कानपुर।** गोविंद नगर में 44 वर्षीय संजय कुमार की घर का जंगला साफ करते वक्त गिरने से मौत हो गई। दादा नगर लेबर कॉलोनी निवासी संजय चप्पल के कारखाने में काम करते थे। परिवार में पत्नी पूजा और बेटा नैतिक है। परिजन ने बताया कि रविवार को वह घर का जंगला साफ कर रहे थे। इस दौरान गिरने से सिर में गंभीर चोट आ गई। तत्काल उन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि घर में जंगला साफ करते वक्त गिरने से युवक की मौत हुई है।

### अखिलेश ने डॉ.लोहिया का सपना किया साकार

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा के नगर व ग्रामीण कार्यालय में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर विचार गोष्ठी व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने डॉ. लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए का मुद्दा आगे बढ़ा कर डॉ. राम मनोहर लोहिया के सपनों को साकार किया है। ग्रामीण अध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला ने कहा कि डॉ. लोहिया के विचार समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महासचिव संजय सिंह, पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष मगन सिंह भदौरिया, हरि कुशवाहा, अनिल सोनकर, नसीम रजा आदि रहे।

# गर्लफ्रेंड को मनाली घुमाने के लिए 15 लाख की चोरी

## बर्रा-8 में मार्केटिंग मैनेजर के घर चोरी का हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**5.25** लाख की नकदी के साथ जेवरात किए थे चोरी, पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा, एक फरार साथी की तलाश

- बाइक और विदेशी करेंसी के साथ 81 यूएस डॉलर, 15 यूएई दिरहम भी बरामद
- गुजैनी पुलिस ने करीब 200 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद पकड़ने में पाई कामयाबी

**अमृत विचार।** गुजैनी पुलिस ने मार्केटिंग मैनेजर के बंद घर से नकदी और जेवर समेत करीब 15 लाख रुपये की चोरी का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने रविवार देर रात चेकिंग के दौरान पतरसा मोड़ के पास आरोपितों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपितों ने गर्लफ्रेंड को मनाली घुमाने और महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी करना कबूल किया। इनके पास से चोरी की रकम से खरीदी गई बाइक, चेन, अंगूठी, घड़ी, पायल, चांदी के सिक्के, 20 हजार नकद, 81 यूएस डॉलर और 15 यूएई दिरहम भी बरामद हुए हैं।

डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि बर्रा-आठ निवासी मार्केटिंग मैनेजर सतीश पांडेय के घर एक फरवरी को चोरी हुई थी। उस समय घर बंद था और परिजन लखनऊ में थे। चार फरवरी को लौटने पर घटना का पता चला। चोर 5.25 लाख नकद समेत करीब 15 लाख का माल पार कर ले गए थे। पुलिस ने करीब 200 सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

इसके बाद आरोपितों की पहचान हुई और उन्हें दबोच लिया गया। इनकी पहचान थाना गुजैनी क्षेत्र निवासी प्रकाश गौतम उर्फ पोली, ईशू गौतम उर्फ रोनी उर्फ आदर्श, सोनू उर्फ अभिषेक और थाना गोविंद नगर क्षेत्र निवासी अजय राजपूत के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित घटना के अगले दिन ही गर्लफ्रेंड के साथ मनाली घूमने निकल गए थे। पुलिस के अनुसार सभी आरोपित शातिर हैं और पहले भी जेल जा चुके हैं। फरार आरोपी राबिन की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### शौक के लिए बाइक को बनाया हाईटेक

- चोरी के पैसों से खरीदी गई सेकेंड हैंड बाइक को आरोपी ईशू ने हाईटेक बना डाला। उसने एक लाख रुपये में पुरानी बाइक खरीदी। इसके बाद 14 हजार रुपये खर्च कर बाइक में रंग-बिरंगे स्टीकर लगवाए। करीब 10 हजार रुपये लगाकर साइलेंसर भी बदलवाया। बताया गया कि वर्तमान में नई बाइक ऑन रोड कीमत लगभग करीब चार लाख रुपये है।

### ओवर बिलिंग पर अस्पताल में हंगामा

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर आवास विकास स्थित एक निजी अस्पताल में ओवर बिलिंग को लेकर तीमरदारों ने जमकर हंगामा काटा। ट्रेनी आईपीएस के साथ पहुंचे थाना प्रभारी ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। इसके बाद तीमरदार मरीज को लेकर वहां से चले गए।

बर्रा निवासी चेतन को लीवर की समस्या होने पर परिजनों ने कल्याणपुर के एक निजी अस्पताल में 20 मार्च को भर्ती कराया था। पत्नी तन्या ने बताया कि भर्ती कराने से पहले अस्पताल संचालक जफर खान, सलीम खान ने 50 हजार रुपये जमा करा लिए। अगले दिन सुबह 80 हजार रुपए और जमा कराने की बात कही। आरोप है कि अस्मर्थता जाहिर करने पर संचालक ने, रकम न जमा करने पर मरीज की छुट्टी करने से इंकार कर दिया। वहीं, उन्नाव निवासी इरफान सड़क हादसे में घायल हो गए थे। पत्नी अमीना ने बताया कि उनसे इलाज के नाम पर दो लाख रुपए जमा करा लिए गए। बावजूद इसके उनके मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन के एक लाख और जमा कराने का दबाव बनाया जा रहा है। ट्रेनी आईपीएस डॉ सुमेध जाधव ने बताया कि बिल को लेकर हंगामा हुआ था।

# 63 सफाई कर्मियों में 46 गायब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सफाई पर्यवेक्षक से पूछताछ करते नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति फेस रिडिंग के माध्यम से दर्ज की जाती है, इसके बावजूद सफाई पर्यवेक्षकों की कृपा से कुछ कर्मी आराम फरमाते हैं। खुलासा तब हुआ, जब नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय वार्ड 61 पहुंचे। वहां 63 कर्मचारियों में सिर्फ 17 कर्मचारी ही मिले, जबकि 46 कर्मचारी गायब थे। नगर आयुक्त ने सफाई पर्यवेक्षक का वेतना रोकने व एक का वेतन काटने के साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस भेजा।

नगर आयुक्त ने सोमवार को वार्ड-61 में पहुंचकर सफाई व्यवस्था देखी और जोनल स्वास्थ्य अधिकारी-4 देवेन्द्र कुमार से जानकारी ली। मौके पर सफाई नायक ने मस्टर रोल प्रस्तुत किया। मस्टर रोल में आउटसोर्स कर्मचारी का नाम न होने पर बताया कि सभी कर्मचारियों की उपस्थिति फेस रिडिंग से की जाती है, इसके बाद नगर आयुक्त ने पोस्टमार्टम हाउस में लगे फेस रीडिंग मशीन में कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की। सफाई पर्यवेक्षक मनोज ने फेस रीडिंग मशीन के संबंध में कोई जानकारी मौके पर नहीं दी। हां, उनके द्वारा वार्ड में 52 सफाई कर्मचारियों की जानकारी दी, जबकि फेस रीडिंग हाजिरी के अनुसार वार्ड में 63 कर्मचारी तैनात है।

जांच करने पर नगर आयुक्त को वार्ड-61 में 63 कर्मचारी के सापेक्ष मात्र 17 कर्मचारी ही उपस्थित मिले है। जबकि इतनी बड़ी 46 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि सफाई पर्यवेक्षक मनोज का वेतन तत्काल प्रभाव से रोका जाये और 23 मार्च का एक दिन का वेतन काटा जाए। जोनल स्वच्छता अधिकारी देवेन्द्र कुमार द्वारा मौके पर स्पष्ट उत्तर न देने, सफाई कार्य में शिथिलता बरतने पर उनको जोन से हटाते हुए नगर निगम मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य विभाग से सम्बद्ध किया गया। सफाई व्यवस्था में पर्यक्षणीय दायित्वों का निर्वहन न करने व अपने अधनीस्थों पर शिथिल नियंत्रण पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### केस्को से समन्वय बनाएगा नगर निगम

- नगर निगम जोन-4 वार्ड-61 के अन्तर्गत माता स्वरूप रानी मार्ग पर सीएम ग्रिड के तहत सड़क निर्माण का कार्य करा रहा है। 1.50 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर सड़क के दोनों ओर सीवर लाइन व स्टार्म वॉटर लाइन डाली जानी है, जिसमे वॉटर लाइन 2300 मीटर में और स्टॉर्म वॉटर लाइन 2.50 सीवर लाइन पड़ चुकी है। आइडियल पैच बनाने व फुटपाथ का कार्य शुरू हो गया है। सिंगल लाइन डायग्राम केस्को से स्वीकृत न होने से लाइन शिफ्टिंग का कार्य अभी तक नहीं हो सका है। इसपर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए है कि केस्को से समन्वय स्थापित कर जल्द ही समय पर कार्य को पूरा कराया जाए। अप्रैल में प्रत्येक दशा में आदर्श पैच का कार्य पूरा कर लिया जाए।

# गाली का विरोध करने पर ईंट से किया हमला

**कानपुर।** काकादेव में गाली के विरोध में दबंगों ने सगे भाइयों पर ईंट से प्रहार किया। पीड़ित ने थाने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट कराई है।

लोहारन भट्टा निवासी जीतू साहू की तहरीर के मुताबिक रविवार को उनकी पत्नी राधा किसी काम से शास्त्री नगर जा रही थीं। तभी रास्ते में ताश खेल रहे आकाश, विकास, मोनू और नोनू से किनारे हट जाने की बात कही। इस पर उन्होंने पत्नी से गाली-गलौज शुरू कर दी। जानकारी पर विरोथ करने पहुंचे जीतू व उसके भाई से आरोपितों ने मारपीट कर सिर पर ईंट दे मारी। जिससे वह लहूलुहान हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### गालीगलौज के विरोध पर युवक को पीटा

- **कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र के देवीगंज निवासी लक्ष्मण के अनुसार बीती 18 मार्च को उनका बेटा समीर घर के बाहर खड़े होकर अपनी मां से बातचीत कर रहा था। तभी इलाके का युवक अंशू वहां पर आया और समीर से बिना वजह गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने समीर ने बुरी तरह से मारापीटा। जिसके बाद पीड़ित ने चकेरी थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि तहरीर ओर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# एलईडी कारखाने में आग, धमाकों से दहशत, 12 किराएदार सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर थाना क्षेत्र के जूही स्थित सफेद कॉलोनी में लुधौरा पार्क के पास सोमवार रात एलईडी बल्ब बनाने वाले कारखाने में भीषण आग लग गई जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और तेज धमाकों के साथ उठती लपटों से तीन मंजिला मकान में रह रहे करीब 12 किराएदारों में अफरा-तफरी मच गई।

हालांकि सभी ने पड़ोसी मकान के रास्ते किसी तरह बाहर निकलकर जान बचा ली वहीं आसपास के कई मकानों को एहतियातन खाली कराया गया और पास में स्थित बारादेवी मंदिर में नवरात्रि के चलते



सफेद कॉलोनी में हुआ हादसा।

लगे मेले को देखते हुए लोगों में खतरे का डर बना रहा हालांकि आग मेला क्षेत्र तक नहीं पहुंची जानकारी के मुताबिक मकान मालिक रामविलास शर्मा के भवन के भूतल पर उनके बेटे जसवीर का कारखाना संचालित होता है जबकि ऊपर किराएदार परिवार रहते हैं रात करीब आठ बजे किराएदार ओमप्रकाश ने सबसे पहले धुआं और लपटें देख शोर मचाया तब तक आग विकराल हो चुकी थी सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों को संकरी गलियों के कारण मौके तक पहुंचने में दिक्कत हुई जिसके बाद पाइप लाइन बिछाकर आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी समरसेबल पंप से पानी डालकर सहयोग किया लेकिन पूरी सफलता नहीं मिल सकी आग की तेज गर्मी से खिड़की का कांच टूटकर गिरने से अजय सिंह के हाथ में कांच का टुकड़ा घुस गया जिससे वह घायल हो गए। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। जनहानि की सूचना नहीं है।

# हंगामे के बाद तपेश्वरी मंदिर में पुलिस सतर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दुकान हटाने को लेकर हंगामे और अल्टीमेटम पर पुलिस अलर्ट

**अमृत विचार।** तपेश्वरी मंदिर में दुकान हटाने को लेकर बजरंगियों द्वारा किए गए हंगामे व अल्टीमेटम के बाद पुलिस फोर्स ने मेले में फ्लैग मार्च कर निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने दुकानदारों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाया।

तपेश्वरी मंदिर में हिन्दुओं दुकानदारों से अभद्रता कर उनकी दुकानें हटाए जाने की जानकारी पर शनिवार रात बजरंग दल के नेता शिवम सोनकर ने हंगामा कर विशेष समुदाय के लोगों को दुकानें न लगाने की चेतवानी दी थी। यहां तक कि सिंदूर बेच रहे दो लोगों से नाम पूछने के बाद वे बुरी तरह बिफर गए थे। हालातों को ध्यान में रख व नवरात्र में भक्तों की भीड़ को देख एसीपी कोतवाली आशुतोष सिंह की मॉनिटिरिंग में पुलिस ने अपनी चौकसी बढ़ा दी है। जबकि रविवार रात व सोमवार को पुलिस फोर्स ने मंदिर के आस-पास फ्लैग मार्च कर दुकानदारों से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिया।

फीलखाना थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि मेले में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी है। वहीं दुकानदारों में किसी प्रकार का कोई मतभेद नहीं है।

# वीडियो में 'लुटेरी दुल्हन' बताने पर पति-यू ट्यूबर पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**17** हजार रुपये ऐंठने का आरोप जांच में जुटी पुलिस

- सोशल मीडिया पर वीडियो डाल बदनाम करने का मामला

**अमृत विचार।** नौबस्ता थाना क्षेत्र की एक महिला ने नोएडा निवासी पति और एक यूट्यूबर पर फर्जी वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी देकर हजारों रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। आरोप है कि वैवाहिक विवाद के बाद साजिशन उसकी सामाजिक छवि धूमिल की गई। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

रिपोर्ट के अनुसार नौबस्ता आवास विकास 3 बी निवासी निधि शर्मा का अपने पति हिमांशु शर्मा निवासी नोएडा से विवाद चल रहा है। वर्ष 2024 में दहेज समेत अन्य आरोपों में नौबस्ता थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था, लेकिन अब तक न आरोप पत्र दाखिल हुआ और न गिरफ्तारी हुई। सिविल न्यायालय में भी मामला विचाराधीन है।

आरोप है कि न्यायालय से आदेश उसके पक्ष में आने के बाद पति ने प्रवीन कुमार दुबे नाम के एक यूट्यूबर को उसके खिलाफ लगा दिया। उसने संपर्क कर कहा कि 20 हजार रुपये देकर उसका ऑडियो-वीडियो वायरल कराने को कहा गया है। यदि 50 हजार रुपये दे दिए जाएं तो वीडियो नहीं डाला जाएगा। बदनामी के डर से महिला ने अलग-अलग तारीखों में यूपीआई के जरिए 17 हजार से अधिक रुपये भेज दिए। इसके बाद भी आरोपी और रकम की मांग कर धमकाता रहा। आरोप है कि पैसे न देने पर 'लुटेरी दुलहन' नाम से मनगढ़ंत वीडियो फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर वायरल कर दिया गया, जिससे उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची और निजता प्रभावित हुई। वायरल वीडियो की जानकारी होने पर पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई और वीडियो हटाने की मांग की। विवेचक इंस्पेक्टर नदीम अहमद ने बताया कि शुरुआती जांच में प्रवीण व निधि की मुलाकात इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में होना सामने आया है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तीसरी मंजिल से गिर कर महिला की मौत

**कानपुर।** गोविंद नगर में महिला की संदिग्ध हालात में तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल की।

गुजैनी निवासी आनंद मिश्रा प्राइवेट नौकरी करते है। परिवार में 36 वर्षीय पत्नी निधि, बेटी अंकिता और बेटा अक्षत है। पति ने बताया कि रविवार शाम करीब 4 बजे चाय नाश्ता करने के बाद वह बच्चों के साथ कमरे में थे। पत्नी छत कपड़े लेने गई थी। पता चला कि वह छत से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें पास के निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने हैलट अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला कि छत से गिरने से मौत हुई है। अगर कोई शिकायत मिलेगी तो रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जाएगी।

# एमबीबीएस में सीट के नाम लाखों हड़पने वाले गिरफ्तार

संवाददाता, कल्याणपुर

- बिहार के पटना मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल बन की थी ठगी

**अमृत विचार।** बिहार के पटना मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीट अलॉटमेंट करने के नाम पर साढ़े पांच लाख की ठगी को अंजाम देने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कल्याणपुर कला निवासी सुनील कुमार के मुताबिक डॉ प्रांजुल पंकज उनके घनिष्ठ मित्र है। 16 फरवरी को प्रांजुल के मोबाइल पर पटना मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल डा. आरबी गुप्ता बताने वाले ने फोन कर जॉब का ऑफर दिया। प्रांजुल की बातचीत होने लगी। 21 फरवरी को आरबी गुप्ता ने एमबीबीएस की एक सीट खाली होने की बात बताई। उन्होंने अपनी बेटी अदिति को प्रवेश दिलाने की इच्छा जाहिर की। डा आरबी गुप्ता ने सीट एलॉटमेंट के नाम पर ऑनलाइन चार लाख रुपए जमा करा लिए। 22 फरवरी को पटना आकर अलॉटमेंट लेटर ले जाने की बात कही। जब वह पटना पहुंचे, तो डॉ आरबी गुप्ता ने साढ़े तीन लाख रुपए और जमा करने पर एलॉटमेंट लेटर देने की बात कही। उन्होंने रिश्तेदारों से एक लाख 75 रुपए लेकर जमा कर दिए। रकम जमा होने के बाद शातिर ने फोन बंद कर लिया था। जांच में जुटी पुलिस व साइबर सेल की टीम ने पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी निवासी जयंत सरकार व सिलीगुड़ी के सौरभ आइंच को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### ऑटो की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र में सोमवार को ऑटो की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई।

कच्ची बस्ती निवासी बलदेव उर्फ मोनू (35) सुबह साइकिल से दूध लेने जा रहे थे। डीबीएस कॉलेज के सामने तेज रफ्तार ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। वह साइकिल समेत कई फीट दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें हैलट ले गए जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस फुटेज खंगाल रही है और फरार चालक व ऑटो की तलाश में जुटी है। स्थानीय लोगों के अनुसार किन्नरों को लेकर जा रहे ऑटो से हादसा हुआ। मृतक के परिवार में पत्नी दया हैं, तीन बेटी रिंकी, निक्की व नेहा है। जबकि एक बेटी मिक्की की पहले ही बीमारी से मौत हो चुकी है।

**श्रद्धांजलि दी** | कांग्रेस ने प्रशासन से शहीद स्थल पर सफाई कराने की उठाई मांग

# शहीद स्थल पर गंदगी, कांग्रेस का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमर शहीद भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर की पुण्यतिथि पर सोमवार को कानपुर महानगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में लाटूश रोड स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीद स्थल की बदहाल और उपेक्षित स्थिति देखकर कांग्रेसियों में रोष व्याप्त हो गया और कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गए।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीद स्थल पर फैली गंदगी, अव्यवस्था और प्रशासन की अनदेखी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि जिन वीर सपूतों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की



प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे कांग्रेसी। अमृत विचार

आहुति दी, उनके स्मारक की इस प्रकार की उपेक्षा अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने बताया कि शहीद भगत सिंह का कानपुर से गहरा ऐतिहासिक संबंध रहा है। यहां उन्होंने प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के मार्गदर्शन में कार्य किया और उनके क्रांतिकारी जीवन को नई दिशा मिली। कानपुर में ही वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से गहराई से जुड़े।

कानपुर महानगर कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की कि शहीद स्थल की तत्काल साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और समुचित देखभाल सुनिश्चित की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने महान शहीदों को सम्मानपूर्वक याद कर सकें। साथ ही इस पार्क में भगत सिंह की प्रतिमा के साथ ही सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी की गई।


धरने में पवन गुप्ता के साथ ग्रीनबाबू सोनकर, गोविंद झा, पदम मोहन मिश्रा, कमल जायसवाल, कपिल जायसवाल, मुकेश कन्नौजिया, जितेंद्र ब्रह्म, धर्मेंद्र सिंह, सुरेंद्र भदौरिया, संदीप शिखर, रवि बाजपेयी, विनोद अवस्थी, विक्की सोनकर, रिंकू, बादशाह सोनकर, तिलकचंद्र कुरील सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगत सिंह की बदहाली पर भड़की आप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर जहां देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा की बदहाली को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में रोष देखने को मिला। लाटूश रोड स्थित भगत सिंह मार्केट में स्थापित शहीदभगत सिंह की प्रतिमा स्थल पर सफाई व धुलाई कर शहीदों को माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

नगर महासचिव नरेश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल की जर्जर स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े महानगर कानपुर में लाटूश रोड पर स्थापित भगत सिंह की यह एकमात्र प्रतिमा है, लेकिन इसकी हालत बेहद खराब है। प्रतिमा के चारों ओर गंदगी का अंबार लगा



प्रतिमा स्थल पर नारेबाजी करते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

हुआ है, फाउंडेशन की टाइलें उखड़ी हुई हैं और पार्क की घेराबंदी की जालियां भी टूटी पड़ी हैं।

उन्होंने कहा कि शहीदों के नाम पर बने पार्कों और प्रतिमा स्थलों के रखरखाव की जिम्मेदारी नगर निगम की है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। शहीदों के जन्म और शहादत दिवस पर भी यहां सफाई या रंगाई-पुताई की कोई व्यवस्था नहीं की जाती। चेतावनी दी कि यदि प्रतिमा स्थल की मरम्मत, सफाई और सुंदरीकरण नहीं कराया गया, तो पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर विरोध जताया। यहां जिलाध्यक्ष अनुज शुक्ला, नरेश अग्रवाल, योगेश दीक्षित (संगठन महासचिव), मो. हारुन, मो.साजिद, नफीस अहमद, संजीव निगम, देवेश शुक्ला, विजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बाजार में कोहराम : सोना-चांदी के भाव गिरे, शेयर धड़ाम

## युद्ध का असर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- बिकवाली ने शहर के निवेशकों को दिया 3200 करोड़ का झटका
- शेयर बाजार में डर का पैमाना मापने वाला इंडेक्स दिखा रहा निवेशकों में घबराहट और जोखिम से बचाव की प्रवृत्ति

**अमृत विचार।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पड़ रहा है। बीते तीन हफ्ते में ही शेयर बाजार अपने एक साल के निचले स्तर के करीब पहुंच चुका है। सोमवार, 23 मार्च को सेंसेक्स 1837 अंकों की गिरावट के साथ 72,696 के स्तर पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी में भी 602 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट से शहर के निवेशकों के पोर्टफोलियो में दिन भर में करीब 3200 करोड़ रुपये के कमी आने का अनुमान लगाया गया।

मिडिल ईस्ट युद्ध के चलते कच्चे तेल की कीमतों में इजाफे का सिलसिला जारी है। सबसे बड़े तेल आयातकों में शामिल भारत के लिए क्रूड के दामों में वृद्धि से चिंता बढ़ी है और इसका असर बाजार पर दिखा है।

शेयर बाजार में डर का पैमाना मापने वाले इंडेक्स इंडिया वीआईएक्स में तेज उछाल देखने को मिली है और ये 15 फीसदी से ज्यादा चढ़कर 26 के स्तर पर पहुंच गया है। इस इंडेक्स का बढ़ना आने वाले समय में निवेशकों के बीच घबराहट और जोखिम से बचाव की प्रवृत्ति को दर्शाता है। रुपये में जारी गिरावट ने भी शेयर बाजार निवेशकों के सेंटीमेंट को खराब किया है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में ही डॉलर के मुकाबले रुपया 93.92 पर आ गया था।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## कीमती धातुएं खरीदने का यही मौका !

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोने-चांदी के भाव लगातार गिर रहे हैं। विशेषज्ञ इस समय सोना-चांदी खरीद का अच्छा मौका मान रहे हैं। सोमवार को कानपुर सराफा बाजार में सोना 1,38,150 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 2,14,000 रुपये किलो रही। जनवरी के अंतिम हफ्ते में चांदी 4.20 लाख रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड पर पहुंची थी।

इसके बाद इसमें तेज गिरावट शुरू हुई और अब यह दो लाख रुपये प्रति किलो से ज्यादा सस्ती हो चुकी है। सोने ने भी इसी अवधि में करीब 1.82 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर बनाया था, लेकिन अब इसके भाव 45 हजार रुपये तक फिसल चुके हैं। बीती 29 जनवरी को सोना 1,82,000 का 10 ग्राम और चांदी चार लाख रुपये किलो से ऊपर थी। सोना और चांदी के दामों में कमी आने से सराफा बाजार का सन्नाटा टूटा है। रौनक बढ़ने लगी है। गहने बनवाने और खरीदने वालों की संख्या के साथ निवेश करने वाले भी दुकानों और शोरूम्स में पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री राम किशोर मिश्रा का कहना है कि यह खरीदारी का अच्छा मौका है, क्योंकि दोनों कीमती धातुओं का रिकार्ड बताता है कि इनके भाव चाहे जितने भी नीचे आ जाएं, कुछ समय बाद फिर ऊपर जाते हैं और अपनी ही ऊंचाई का रिकार्ड फिर तोड़ते हैं।

### वैश्विक हालात सामान्य होते ही दोबारा मजबूती



वित्तीय सलाहकार राजीव सिंह का कहना है कि आगे भी सोना-चांदी में कमजोरी जारी रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। कीमतों में और गिरावट की आशंका बनी हुई है। लेकिन यदि आने वाले समय में वैश्विक हालात सामान्य होते हैं तो सोना-चांदी में दोबारा मजबूती आ सकती है। फिलहाल निवेशकों को सतर्क रहना चाहिए और परिस्थितियों के स्पष्ट होने का इंतजार करना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान पर हमले 5 दिनों के लिए टालने के ऐलान का स्वागत करते हुए शेयर बाजार ने वापसी के संकेत दिए हैं। मंगलवार को बाजार में मजबूत शुरुआत हो सकती है। कच्चे तेल के दाम नीचे गिरे हैं।

### महंगाई की आहट, ब्याज दरें बढ़ने की संभावना

- **कानपुर।** जिओपॉलिटिकल तनाव के बीच मंडराते गैस और तेल संकट से महंगाई तेजी से पांव पसार रही है। महंगाई उम्मीद से ज्यादा बढ़ी तो बहुत जल्द ब्याज दरों में बढ़ोतरी हो सकती है। जब ब्याज दरें ऊंची रहती हैं, तब सोना-चांदी जैसे एसेट से बड़े निवेशकों का झुकाव कम हो जाता है। तेल की कीमतों में तेजी का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। अगर कच्चा तेल लंबे समय तक महंगा रहा, तो दुनिया भर के केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकते हैं। इसी वजह से सोने-चांदी की पारंपरिक सुरक्षित निवेश वाली छवि फिलहाल कमजोर पड़ती दिख रही है। बड़े निवेशक शायद यह सोच रहे हैं कि ऊंची महंगाई और ब्याज दरों के दौर में सोने से बेहतर रिटर्न कहीं और मिल सकता है। दो महीने से कम समय में ही चांदी की कीमत करीब आधी हो गई है, जबकि सोने के भाव में भी एक चौथाई तक गिरावट आई है। यह गिरावट घरेलू बाजार तक ही सीमित नहीं है, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी दबाव में हैं। यह केवल सामान्य मुनाफावसूली नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते डर, बिकवाली और ब्याज दरों को लेकर बदली उम्मीदों का असर है।सोने-चांदी के ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) को लेकर भी निवेशकों का उत्साह कमजोर पड़ा है। सोने-चांदी की गिरावट निवेशकों को उम्मीद से ज्यादा चोट पहुंचा रही है। सोमवार को ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) में 8 से 13 प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली। पहले जहां ईटीएफ में अच्छी खरीदारी देखने को मिलती थी, वहीं अब निकासी बढ़ने लगी है। जब म्यूचुअल फण्ड या बड़े संस्थागत निवेशक सोना-चांदी से पैसा निकालते हैं, तो कीमतों पर और दबाव बनता है। इसका मतलब ये हुआ कि यह गिरावट सिर्फ छोटे निवेशकों की घबराहट से नहीं, बल्कि बड़े निवेशकों की बदलती रणनीति से भी जुड़ी हुई है।

## सिटी ब्रीफ

### यहां नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** किदवई नगर के टेलीफोन एक्सचेंज, पनकी थाना क्षेत्र, आरोग्य हॉस्पिटल, नवशीलधाम में मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक बिजली नहीं रहेगी। बर्रा-दो, तीन, पांच व छह, राम आसरे नगर, हलवा खेरा व जेपी कॉलोनी में बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक, स्वरूप नगर व गैस्ट्रो लीवर में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नहीं रहेगी।

### केडीए में लगी लाइन

**कानपुर।** केडीए ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महावीरनगर, रामगंगा इन्क्लेव, भागीरथी-जान्ह्वी और सकरापुर में 205 फ्लैट निकाले हैं, जिसे फार्म लेने के लिए सोमवार को 500 से अधिक लोग केडीए परिसर में स्थित एचडीएफबी बैंक पहुंचे। लाइन में लगे लोगों का आरोप है कि बैंक में दोपहर दो बजे तक फार्म मिलने थे, लेकिन दो बजे से पहले ही फार्म के लिए मना कर दिया, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सील किया परिसर

**कानपुर।** केडीए प्रवर्तन जोन-4 क्षेत्र में सोमवार को अवर अभियंता अटल चतुर्वेदी प्रवर्तन स्टाफ व चकेरी थाने के पुलिस के साथ देहली सुजानपुर के बजरंगी गैस के पास पहुंचे, जहां पर आराजी संख्या-1958 को सील किया। कहा कि क्षेत्र में अवैध निर्माण पाए जाने पर सील व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

### नीतू सिंह चेयरमैन बने

**कानपुर।** उद्योग व्यापार मंडल ने मनोनीत पार्षद सरदार नीतू सिंह को कानपुर दक्षिण जिला का चेयरमैन मनोनीत किया है। नीतू सिंह व्यापार मंडल के साथ भाजपा से भी जुड़े हैं। इसी तरह व्यापारी नेता सत्य प्रकाश जायसवाल को युवा उद्योग व्यापार मंडल का मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने बताया कि व्यापार मंडल के विस्तार और इसे मजबूत करने का काम ज़ारी है।

# सब्जियों के बढ़े दाम, रसोई पर असर

## लौकी, कद्दू, भिंडी, मिर्च व लहसुन के 12 दिन में बढ़े भाव, रिफाइंड और सरसों के तेल में भी 20 फीसदी का इजाफा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युद्ध का असर अब घरों में परोसी जाने वाली थाली तक पहुंचने लगा है। रसोई गैस की किल्लत और माल ढुलाई महंगा होना कारोबारी इसकी सबसे बड़ी वजह मान रहे हैं। हालात यह है कि सब्जियों के दामों में लगभग 30 फीसदी तक इजाफा बाजार में दिख रहा है। इसी तरह समोसा की बात की जाए तो वह भी कई स्थानों पर बढ़े रेट पर मिला शुरू हो गया है। उधर सरसो और रिफाइंड ऑयल में भी इजाफा शुरू हो गया है।

शहर में सब्जियों के दामों के बढ़ने से घरों में सीधा असर पड़ा है। 12 से 15 दिन पहले जो सब्जी लगभग 5 सौ रुपये में मिल रही थी अब उसके लिए लगभग 750 रुपये चुकाने पड़ रहे हैं। इसी तरह भोजन पकाने के लिए जरूरी तेल का महंगा होना भी थाली को महंगा बना रहा है। पकाने के लिए रसोई गैस के दामों में पहले ही बढोतरी हो चुकी है। ऐसे में आम लोगों को अब थाली के पहले पहले से अधिक रकम चुकानी पड़ रही है।

**रेस्टोरेंट, ढाबा और होटल का कारोबार प्रभावित:** रसोई में भोजन पकाने के सामानों के दामों में इजाफा होने से कारोबारी भी परेशान है। खासतौर पर रेस्टोरेंट, ढाबे और होटल्स का कारोबार प्रभावित हो रहा है। फिलहाल क्वालिटी और रेट के साथ समझौता कर खरीदारों के कम होने का जोखिम रेस्टोरेंट संचालक नहीं उठा पा रहे हैं। ऐसे में वे कम मुनाफे पर ही कारोबार कर रहे हैं। इसके बावजूद छोटे स्तर पर भोजन का कारोबार करने वाले दामों में 10 फीसदी का इजाफा कर चुके हैं।



शहर में हरी-ताजी सब्जी के भाव लगातार बढ़ रहे हैं। अमृत विचार

### सब्जी के दामों पर एक नजर

| सब्जी | 15 दिन पहले | अब |
|---|---|---|
| आलू | 10 | 20 |
| लौकी | 20-25 | 30-40 |
| कद्दू | 20 | 30 |
| पालक | 20 | 40 |
| भिंडी | 60 | 80 |
| तरोई/ करेला | 60 | 80 |

नोट - दाम थोक में प्रति किलो रुपये के अनुसार

### समोसा, पकौड़ी और चाय भी महंगी

- आलू, तेल और रसोई गैस के दामों में इजाफा होने के बाद अब शहर में आम नाश्ता समोसा, पकौड़ी और खस्ते भी महंगे हो गए हैं। फिलहाल पुरानी दुकानों ने अपने रेट में परिवर्तन नहीं किया है। बावजूद जिसकी सेल कम है, उन विक्रेताओं ने रेट में 2 से 5 रुपये के बीच अपने दाम बढ़ा दिए हैं।

### हरी मिर्च के रेट दोगुना, टमाटर सस्ता

- थोक सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि सबसे अधिक मिर्च बाजार में महंगी हुई है। इसके रेट पहले के मुकाबले दोगुने हो गए हैं। सप्ताह भर पहले यदि मिर्च के रेट की बात की जाएत तो यह 15 रुपये के ढ़ाई सौ ग्राम के आस-पास रही थी। जो बढ़कर अब 30 रुपये के किलो के आस-पास हो गई है। इसी तरह टमाटर के दामों में बाजार में गिरावट दर्ज हुई है। बैग्लुरु से आने वाला टमाटर अब बाजार से गायब हो गया है। इसकी जगह शहर के आस-पास होने वाले टमाटर ने ले ली है। ऐसे में इसके दाम अन्य सब्जियों के मुकाबले सस्ते हुए हैं। कारोबारियों ने यह भी बताया कि सीजन में बदलाव का असर भी सब्जियों पर पड़ा है।

### तेल और दालों पर भी महंगाई की मार

- सब्जी के अलावा रसोई में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामाग्रियों की बात की जाए तो इन्हें भी खरीदने के लिए अब आम लोगों को अधिक खर्च करने होंगे। कारोबारियों ने बताया कि रिफाइंड ऑयल जो पहले 155 रुपये में आता था, वह अब बढ़कर 160 से 170 रुपये किलो का मिल रहा है। इसी तरह घरों में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली अरहर की दाल भी 5 रुपये प्रति किलो के हिसाब से महंगी हुई है। पहले अरहर की दाल135 रुपये किलो थी, जो अब बढ़कर 140 रुपये की हो गई है। सरसो के तेल जो बाजार में पहले 170 था अब बढ़कर 180 रुपये हो गया है।



"सब्जियों के दाम में इजाफा की वजह बाजार में ढुलाई का महंगा हो जाने की वजह से है। जो सब्जियां थोक मंडियो तक आती है उनमें पिछले कुछ दिनों से 10 फीसदी की औसत बढोतरी हुई है। सब्जियों के दामों में थोक मंडी में बढ़ने के बाद रिटेल में भी बढ़ जाते हैं।

-संजय सिंह, सब्जी आढ़ती



"जब कच्चा माल महंगा होगा तो खाना और पैकिंग भी महंगी होगी। अभी तक जैसे-तैसे कारोबार चलाया, लेकिन अब रेट बढ़ाना हम लोगों की मजबूरी हो गई। फिलहाल कच्चा माल महंगा होने से खाने के रेट में लगभग 10 से 15 फीसदी के बीच बढ़ोतरी हम लोगों ने की है।

-अंकित गुप्ता, रेस्टोरेंट संचालक



"सरकार के आदेश के बाद भी इस वक्त मांग के अनुसार गैस नहीं मिल रही है। ऐसे में अपने उद्योग 17 फीसदी घाटा सहन कर चला रहे हैं। इनमें गैस की जगह अन्य ईंधन, पूरे स्टाफ का वेतन सहित अन्य खर्च शामिल हैं। फ्राईपैन में बनने वाले आईटम के लिए उपकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में एक महीने बाद एसोसिएशन दाम बढ़ाने पर विचार कर सकती हैं।

-विजय पाण्डेय, प्रेसीडेंट, कानपुर होटल रेस्टोरेंट

# मंत्री के सामने गैस किल्लत की समस्या उठाएंगे उद्यमी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय आज उद्यमियों के साथ करेंगे बैठक

**अमृत विचार।** प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय मंगलवार को नवीन सभागार में उद्यमियों के साथ बैठक करेंगे। नवीन सभागार में होने वाली इस बैठक में उद्यमियों को भी शामिल किया जाएगा। बैठक के लिए उद्यमियों ने भी अपनी समस्याओं का खाका खींच लिया है। उनका कहना है कि वे प्रभारी मंत्री से औद्योगिक क्षेत्रों में गै सप्लाई सुचारू रूप से शुरू किए जाने की मांग रखेंगे। इसके अलावा टैक्स और अन्य समस्याओं से उत्पादन पर पड़ने वाले असर को भी समस्या के रूप में बताया जाएगा।

उद्यमियों ने बताया कि इस वक्त औद्योगिक क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या गैस की पर्याप्त सप्लाई न मिलने की है। इससे औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों में उत्पादन पर असर पड़ रहा है। उधर मार्च का महीना होने के बावजूद भी नगर निगम की ओर से भेजे गए गलत बिल को भी दुरुस्त नही किया जा रहा है। उधर जीएसटी के अधिकारियों की ओर से अनावश्यक गाड़ियों को रोके जाने की समस्या भी उठाई जाएगी।



"औद्योगिक क्षेत्रों में गैस की बड़ी समस्या है। मेटल उद्योग में गैस किल्लत से यूनिट का पहिया रुकने की नौबत आ रही है। ऐसे में गैस की सप्लाई सुचारू रूप से शुरू करने की समस्या पुरजोर तरीके से रखी जाएगी।

-उमंग अग्रवाल, महासचिव फीटा



"जीएसटी की ओर से गाड़ियों को रोका जा रहा है। कई बार कागज होने के बावजूद गाड़ियां रोकी जा रही है। यह समस्या गहरा रही है। उद्योग से जुड़ी समस्याएं प्रभारी मंत्री के सामने समाधान के लिए उठाई जाएंगी।

-अंकुर अंशवानी, उद्यमी



"नगर निगम की ओर से भेजे गए गलत बिलों की समस्या से अभी भी उद्यमी जूझ रहे हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि बिलों को दुरुस्त कर उद्यमी की समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके लिए उद्यमी काफी लड़ाई लड़ चुके हैं।

-रजत गुप्ता, अध्यक्ष, फीटा



"इस वक्त औद्योगिक क्षेत्र में कई समस्याएं उद्यमियों के सामने खड़ी हैं। प्रभारी मंत्री को सभी समस्याओं से संबंधित सूचना दी जाएगी। उम्मींद की जा रही है कि इसके बाद उद्यमियों की समस्याओं का कुछ समधान निकल सकेगा।

-विनय अग्निहोत्री, अध्यक्ष, पीआईए




भाजपा कानपुर महानगर उत्तर की बैठक में नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां समझाई गईं। अमृत विचार

# मिशन-2027 में जुटी उत्तर भाजपा

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- नए पदाधिकारियों को संगठन का समर्पित योद्धा बताकर घर-घर पहुंचने का किया गया आह्वान

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी कानपुर महानगर उत्तर के नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों की पहली महत्वपूर्ण बैठक नवीन मार्केट स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक के साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों (मिशन 2027) के लिए संगठन ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है।

बैठक में जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने पदाधिकारियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा का प्रत्येक पदाधिकारी संगठन का एक समर्पित योद्धा है। उन्होंने अनुशासन पर जोर देते हुए कहा, भाजपा कार्यकर्ता समाज का दर्पण होता है। हमारा आचार-विचार और व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि जनता में एक अनुशासित सिपाही की छवि बने। कहा कि नई टीम संगठन की ध्वजवाहक बनेगी। पदाधिकारियों को केंद्र व राज्य सरकार की जनहित से जुड़ी नीतियों को घर-घर पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है।

जिला महामंत्री अवधेश सोनकर ने संगठन को सशक्त बनाने और कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की।

इस दौरान जिला महामंत्री अभिनव दीक्षित, प्रमोद विश्वकर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, उपाध्यक्ष शिवांग मिश्रा, जन्मेजय सिंह, धीरज बाल्मीकि, रोहित साहू, नवाब सिंह, सीमा एमबीए, प्रशांत त्रिपाठी और कोषाध्यक्ष रमिंदर सिंह रिंकू सहित किरन तिवारी, रीता पासवान, सुरेंद्र गुप्ता, शालिनी कटियार, मोनेन्द्र राजपूत, विनोद पाल, राम जी गुप्ता, शैल शुक्ला, सुनीता गौड़, पूनम कंवर, सुरेश गुप्ता, प्रभाकर अवस्थी, यश जायसवाल, और अभिषेक दीक्षित जैसे प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम में सुख समृद्धि की कामना

**कानपुर।** नगर निगम के प्रमिला सभागार में माता की चौकी लगाई गई। महापौर प्रमिला पांडेय ने माता रानी की आरती कर प्राणियों रक्षा व सुख-समृद्धि की कामना की। गीतों पर नृत्य किया। इस दौरान विधायक सरोज कुरील, महिला आयोग की सदस्य कमलावती सिंह, पूनम कपूर, पार्षद आरती त्रिपाठी, गोविन्द शुक्ला, विवेक शर्मा आदि रहे।

# पूर्व सैन्य अधिकारी का खाता बिना नोटिस सीज

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- किराए के लिए रुपये उधार लेकर इंदौर से लौटना पड़ा कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसटी विभाग की संवेदनहीनता के कारण पूर्व सैन्य अधिकारी को आर्थिक और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। कैप्टन सुरेंद्र सिंह पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की सुरक्षा में तैनात रहे हैं। विभाग ने बिना किसी सूचना के उनके दो पेंशन खाते सीज कर दिए। वे इंदौर गए थे, जहां उन्हें बैंक खाते सीज होने की जानकारी मिली। बीच में ही वे पैसे उधार लेकर वे कानपुर लौटे।

कैप्टन सुरेंद्र सिंह ने वर्ष 2009 में सेना से रिटायर होने के बाद बिस्किट की एजेंसी शुरू की थी। घाटा होने पर दो साल के भीतर ही इसे बंद कर दिया। 15 साल बाद 18 मार्च को विभाग ने पेंशन खाते को बंद करा दिया। 70 वर्षीय कैप्टन सुरेंद्र सिंह खाते सीज होने के समय इंदौर में थे। ऑनलाइन पेमेंट बंद होने से उन्हें वहां कठिनाई का सामना करना पड़ा। परीचित से पैसे उधार कानपुर वापस आए। उनके पुत्र अमित चौहान ने बताया कि 19 मार्च को वे लखनपुर स्थित जीएसटी कार्यालय गए लेकिन बिस्किट फर्म से संबंधित फाइल नहीं मिली। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने बताया कि सहायक आयुक्त राजीव पांडेय और जोन दो के अपर आयुक्त (ग्रेड-1) वीपी राम को पूरा मामला बताया गया है। अपर आयुक्त और सहायक आयुक्त ने खाते खुलवाने का आश्वासन दिया है। वहीं, ज्ञानेश मिश्रा ने कहा कि अगर खाता बहाल नहीं किया गया तो कार्यालय जाकर व्यापार मंडल विरोध दर्ज कराएगा।

**दावों का निकला दम** | मोबाइल फोन पर बुकिंग और डिलेवरी का पहुंच रहा मैसेज, मगर रास्ते से ही गायब हो रहा गैस सिलेंडर

# गैस किल्लत पर भड़का गुस्सा, स्वरूप नगर में जाम

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में सोमवार को गैस आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। स्वरूप नगर स्थित इंडेन गैस सर्विस के कार्यालय और गोदाम पर ताला लटका देख लोग आक्रोशित हो गए। गुस्साए लोगों ने स्वरूप नगर मेन रोड पर सिलेंडर रखकर यातायात ठप कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और वाहन सवारों के बीच मामूली झड़प भी हुई।

प्रदर्शन कर रहे ग्राहकों का आरोप है कि उनके मोबाइल पर सिलेंडर डिलीवर होने के मैसेज तो आ रहे हैं, लेकिन घर तक गैस नहीं पहुंच रही। उपभोक्ताओं ने बताया कि मार्च की शुरुआत में ही डिलीवरी के मैसेज मिल चुके हैं, पर सिलेंडर पाने के लिए एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं। सड़क जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर सड़क से सिलेंडर हटवाकर जाम खुलवाया। शहर की दूसरी एजेंसियों में भी ग्राहकों की लंबी कतारें देखने को मिली।



लाजपत नगर में जेके मंदिर के पास सोमवार की लगी रही लंबी कतार। अमृत विचार

### 25 दिन बाद फिर 20 दिन बढ़ रही बुकिंग डेट

- सरकार और प्रशासन गैस का कोई संकट नहीं होने का दावा कर रहा है, मगर रसोई गैस की किल्लत के बीच गैस एजेंसियों का खेल भी शुरू हो गया है। शहरी क्षेत्र में 25 दिन बाद नए सिलेंडर की बुकिंग का प्रावधान है, मगर इसमें भी मनमानी शुरू हो रही है। 25 दिन बाद गैस बुक कराने पर 20 दिन का फिर समय बढ़ने का मैसेज आ रहा है। मसलन, किसी के घर में 25 फरवरी को गैस सिलेंडर पहुंचा। इसके बाद नया सिलेंडर 25 दिन बाद बुक हो सकता है। यानी 22 मार्च के बाद बुकिंग की जा सकती है। मगर 23 मार्च को मोबाइल से गैस बुक कराने पर रजिस्टर्ड नंबर पर 20 दिन बढ़ने यानी 11 अप्रैल के बाद सिलेंडर बुक होने का मैसेज पहुंच रहा है। ऐसे में 45 दिन बाद गैस बुक कराने पर सिलेंडर घर घर कब पहुंचेगा? कोई निश्चित नहीं है।

## सिटी ब्रीफ

### केसीए एकादश जीता

**कानपुर।** लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन की प्रथम राधिका देवी स्मारक राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में केसीए ने लखनऊ रेड को 6 विकेट से हराया। 25 ओवर के मैच में लखनऊ रेड ने 8 विकेट पर 94 रन बनाए। केसीए की अर्चना ने 21 रन देकर 2 विकेट झटके। जवाब में केसीए एकादश ने 13 ओवरों में 4 विकेट खोकर शानदार जीत दर्ज की। 61 रन पर नाबाद अंजली रावत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### ट्यूलिप XI चैंपियन

**कानपुर।** आईएमए के कानपुर क्लब में आयोजित दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में ट्यूलिप एकादश ने फार्च्यून एकादश को 50 रनों से हराया। ट्यूलिप के डॉ. अभिनव सेंगर मैन ऑफ द मैच, बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। डॉ. सौरभ सक्सेना मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे। सेमीफाइनल में फार्च्यून टीम ने रीजेंसी एकादश को 45 रनों से हराया। डॉ. शालिनी मोहन, डॉ. विकास श्रीवास्तव ने टीमों को पुरस्कार दिए।

### वेबसाइट की शुरुआत

**कानपुर।** स्वामी हरिदास संगीत नाट्य अकादमी छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक ने की। इस दौरान डीन एकेडमिक प्रो बृष्टि मित्रा, सीडीसी प्रो राजेश कुमार द्विवेदी, कुलसचिव राकेश कुमार मिश्रा, निदेशक डॉ राजकुमार त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि गोरे, समन्वयक अमित तिवारी मौजूद रहे।

# युवाओं ने विशेषज्ञों के सामने बताईं स्टार्टअप की खूबियां

## आईआईटी में 'अभिव्यक्ति' के दौरान डीप-टेक नवाचार को मिला मजबूती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर की ओर से अभिव्यक्ति का आयोजन किया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर की ओर से अभिव्यक्ति आयोजित किया गया। अभिव्यक्ति के अंतिम दिन युवाओं ने अपने स्टार्टअप से जुड़ी विशेषताएं विशेषज्ञों के सामने रखी। दो दिवसीय डीप-टेक सम्मेलन में प्रमुख स्टार्टअप्स, नीति-निर्माता, निवेशक और वैज्ञानिक शामिल हुए। कार्यक्रम का विषय 'उन्नत शोध को वैश्विक समाधानों में बदलना' था।

सम्मेलन में 150 से अधिक स्टार्टअप्स ने भाग लिया। ये स्टार्टअप्स एआई/एमएल, मेडटेक, क्लीनटेक, रक्षा एवं एयरोस्पेस, साइबर सुरक्षा, फिनटेक और एग्रीटेक जैसे क्षेत्रों से जुड़े थे। कार्यक्रम की शुरुआत के. विजयेंद्र पांडियन आयुक्त व विनय कुमार पाठक, कुलपति छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय ने किया। अभिव्यक्ति में 'वैली ऑफ डेथ' यानी शोध और बाजार के बीच की दूरी को कम करने पर खास ध्यान दिया गया।

- कार्यक्रम के दौरान 'उन्नत शोध को वैश्विक समाधानों में बदलना' विषय पर हुआ गंभीर मंथन

विशेषज्ञों ने शुरुआती तकनीकों के जोखिम को कम करने, फंडिंग बढ़ाने और स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। मेडटेक में नियमों से जुड़ी चुनौतियां, शोध को उत्पाद में बदलने की प्रक्रिया और सीएसआर के माध्यम से फंडिंग जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। दूसरे दिन कार्यक्रम में नए

- प्रमुख स्टार्टअप्स, नीति-निर्माता, निवेशक और वैज्ञानिकों ने युवाओं को अपने अनुभव बताए

बैच लॉन्च, एमओयू साइनिंग और वर्कशॉप आयोजित की गईं। स्टार्टअप्स को वैश्विक स्तर पर तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। महिलाओं द्वारा संचालित एक विशेष पैनल ने डीप-टेक में उनकी भूमिका और भागीदारी को भी उजागर किया।

अभिव्यक्ति की मुख्य आकर्षणों में से एक पिच बैटल रहा, जिसमें स्टार्टअप्स ने अपने नवाचारों को एक प्रतिष्ठित जूरी के सामने प्रस्तुत किया।

एथ्रोन एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसके बाद गोफ्लोट टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड और सिमैक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम में प्रदर्शनी और नेटवर्किंग के जरिए स्टार्टअप्स और निवेशकों के बीच सीधी बातचीत हुई। इससे फंडिंग, साझेदारी और मार्गदर्शन के नए अवसर बने।

## ईद मिलन समारोह में भाईचारे का संदेश

**कानपुर।** सुजातगंज की नई मस्जिद के मुतवल्ली मोइनुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में मोहम्मदी मैदान में ईद मिलन समारोह का आयोजन हुआ। शहरकाज़ी हजरत अल्लामा मुफ्ती डॉ. यूनुस रजा ओवैसी मुख्य अतिथि रहे। एमएमए जौहर फैन्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फर हाशमी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल कलाम राजा ने किया।

इस अवसर पर हयात ज़फर हाशमी ने कहा कि लोगों को दिलों से मनमुटाव दूर कर एक-दूसरे को गले लगाना चाहिए। साथ ही मुसलमानों से परिवारों में बढ़ती दूरियों को खत्म करने, पड़ोसियों से गिले-शिकवे मिटाने और समाज में नफरत फैलाने वालों से दूर रहने की अपील की। मुख्य अतिथि शहर काज़ी मुफ्ती डॉ. यूनुस रजा ओवैसी ने कहा कि रमज़ान के बाद ईद आपसी प्रेम, भाईचारे और खुशियों को साझा करने का पर्व है। इस मौके पर लोगों ने गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी और सिवइयों से मुंह मीठा कराया। यहां मुफ्ती निजामुद्दीन मिस्बाही, मोइनुद्दीन अंसारी, हाफिज लारेब, हाफिज इंतेखाब, शाहिद शाह अल्वी, दिलदार गाजी, उमर मारूफ, शकील अहमद, हसीन अंसारी, रफी खान, अनस अहमद, जाकिर अली, हाफिज हाशिम, वफात अली, मोहम्मद वसई, वसीम चौधरी, मोहम्मद आमीन, जावेद, वाहिद आदि लोग मौजूद रहे।


माहेश्वरी महिला संगठन की नई कार्यकारिणी की पदाधिकारी। अमृत विचार

# नीलम अध्यक्ष और रंजना सचिव बनीं

चुनाव

- मध्य उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन, मजबूती का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर स्थित हेरिटेज गेस्ट हाउस में मध्य उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन संपन्न हुआ। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ की उपस्थिति में आयोजित किया गया। चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक अनीता जावंदीया व चुनाव अधिकारी सुजाता राठी की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

चुनाव के बाद घोषित नई कार्यकारिणी में नीलम मंत्री को अध्यक्ष, रंजना भट्टड़ को सचिव, करुणा अटल को कोषाध्यक्ष तथा शोभा तापड़िया को संगठन मंत्री चुना गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रीति तोशनीवाल, संतोष बाहेती, कमलेश राठी, सीमा झंवर, अंजू जाजू, चित्रा, वर्षा, शालिनी, बसंती, उर्मिला, नीतू, राज और शकुंतला सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

# नितिन जशनानी को हराकर विमन्यु अग्रवाल बने चैंपियन


पुरस्कारों के साथ टूर्नामेंट में शामिल होने वाले बच्चे। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- टीएसएच सिग्नेचर लॉन टेनिस डे टूर्नामेंट का हुआ समापन

**अमृत विचार।** द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) के टेनिस कोर्ट पर हुई टीएसएच सिग्नेचर लॉन टेनिस डे टूर्नामेंट 2026 का समापन शानदार मुकाबलों के साथ हुआ। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण मेंस सिंगल्स फाइनल रहा, जिसमें विमन्यु अग्रवाल ने नितिन जशनानी को 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

पूरे मैच में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन निर्णायक क्षणों में विमन्यु ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबलों में विमन्यु अग्रवाल ने अभिनव भाटिया को 4-2 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में नितिन जशनानी ने नितेश कुमार सिंह को 4-0 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई थी। प्रतियोगिता में अभिनव भाटिया और नितेश कुमार सिंह संयुक्त रूप से दूसरे उपविजेता रहे। मेंस डबल्स में ऋषभ गोयल और शिवम की जोड़ी ने रोमांचक फाइनल में गौतम खेमका और विशाल खन्ना को 8-6 (टाईब्रेकर) से हराकर खिताब जीता। वहीं विमन्यु अग्रवाल-नितिन जशनानी और दक्ष खंडेलवाल-हरजस कलसी की जोड़ियां दूसरे उपविजेता रहीं। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के डबल्स में गौतम खेमका और विशाल खन्ना ने फाइनल में अजय गुप्ता और डॉ. डी.के. जैपुरिया को 6-3 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। अंडर-14 गर्ल्स सिंगल्स के फाइनल में अनाया सेन ने हरजस कलसी को 6-1 से हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर-10 टैलेंट हंट में अहाना सेन ने 140 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। शिवाय बाजपेयी, आरुष गुप्ता और वेदिया गुप्ता ने 130-130 अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि माहिर सैगल 125 अंकों के साथ दूसरे उपविजेता रहे। अन्य प्रतिभागियों में शांतव भारतीया ने 120 अंक, युविर भाटिया ने 110 अंक और शायरा सेठ ने 35 अंक प्राप्त किए। मुख्य अतिथि अजय गुप्ता ने सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# डॉ. उमेश पालीवाल समेत 4 सदस्य बने


उमेश पालीवाल।


नीतू सिंह।


एसके त्रिपाठी।


प्रो सत्यकी।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राज्यपाल ने सीएसजेएमयू कार्यपरिषद के लिए सदस्यों को नामांकित किया

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने डॉ. उमेश पालीवाल सहित 4 को सीएसजेएमयू कार्यपरिषद के लिए नामांकित किया है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में रिक्त सदस्य (सामान्य) एवं सदस्य (न्यायिक) पदों के सापेक्ष नामांकित किया गया है।

सामान्य सदस्य के रूप में नीतू सिंह, डॉ. उमेश पालीवाल और आईआईटी कानपुर के प्रो सत्याकी रॉय को नामित किया गया है। न्यायिक सदस्य के रूप में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायमूर्ति एसके त्रिपाठी को नामित किया गया है।

यह नामांकन, पत्र निर्गत होने की तिथि से दो वर्ष की अवधि अथवा अग्रिम आदेशों तक जो भी पूर्व हो, के लिए होगा। सामान्य और न्यायिक सदस्यों के नामांकन पर कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने खुशी जाहिर करते हुए नए सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं।

## आईटीआई में आवेदन शुरू

**कानपुर।** युवाओं को रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पाण्डुनगर में इलेक्ट्रिक व्हीकल असेंबली ऑपरेटर के निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

प्रधानाचार्य, आईटीआई पाण्डुनगर ने बताया कि निदेशालय, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ द्वारा ऑटोमोटिव सेक्टर के अंतर्गत इलेक्ट्रिक व्हीकल असेंबली ऑपरेटर जॉब रोल में 300 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के लिए संस्थान को लक्ष्य आवंटित किया गया है। प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल (10वीं) उत्तीर्ण निर्धारित की गई है, जबकि अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ किसी भी कार्य दिवस में संस्थान स्थित कौशल विकास मिशन कार्यालय पहुंचकर ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



दिल्ली पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान समूह गान पेश करते बच्चे। अमृत विचार

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सर्वोदय नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासन ने वर्ष भर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिनमें गीत, नृत्य और प्रेरणादायी कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की।

विद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ ही उन्हें नई ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# 245 छात्राओं को मिला रोजगार, हुईं शॉर्टलिस्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेवोयोजन विभाग की ओर से लगाया गया रोजगार मेला
- 11 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया

**अमृत विचार।** सेवोयोजन विभाग की ओर से लगे रोजगार मेले में सोमवार को 245 छात्राओं को रोजगार हासिल हुआ। मेले में 730 पदों पर 477 छात्राओं ने निजी कंपनियों में रोजगार के लिए साक्षात्कार दिया। रोजगार हासिल करने व शॉर्टलिस्ट हुई छात्राओं को निजी कंपनियों की ओर से उनकी योग्यता के अनुसार 10 हजार रुपये से 26 हजार रुपये मासिक वेतन ऑफर किया गया था।

महिला महाविद्यालय किदवई नगर में हुए रोजगार मेले की शुरुआत सहायक निदेशक सेवायोजन उज्ज्वल कुमार सिंह ने की। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्या प्रो. अंजू चौधरी भी मौजूद रहीं। इसके बाद कार्यक्रम संयोजिका प्रो. प्रज्ञा श्रीवास्तव ने करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम में 11 कंपनियो ने भाग लिया। मेले में जॉब ऑफर पाकर छात्राओं में उत्साह रहा। कार्यक्रम में प्रो वंदना शर्मा एवं प्रो.दीपाली निगम, डा सबा यूनुस डॉ. संगीता कुमारी श्री मनीष माथुर, डा इन्दु मिश्रा, खुशबू दुआ, डॉ मधु गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहीं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


रोजगार मेले में साक्षात्कार लेतीं कंपनी की प्रतिनिधि। अमृत विचार

# 3 और 4 अप्रैल को होगा स्टेट चैंपियनशिप टीम का चयन

कार्यालय संवादाता, कानपुर



मंडल स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिवर में दम दिखाते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर स्थित बाल निकुंज में आयोजित दो दिवसीय मंडल स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। 3 और 4 अप्रैल को आगरा में होने वाली स्टेट चैंपियनशिप के लिए मंडल टीम का चयन किया जाएगा। 53 किग्रा वर्ग में हर्ष को प्रथम, प्रियांशु को द्वितीय और आस्तिक को तृतीय स्थान मिला।

59 किग्रा वर्ग में विशेष सिंह ने पहला और कृष्णा ने दूसरा स्थान हासिल किया। 66 किग्रा वर्ग में दिव्यांशु पहले और एस अभिषेक दूसरे स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग (59 किग्रा) में अशोक मौर्या ने स्वर्ण और कृष्णा ने रजत पदक जीता। जूनियर वर्ग में आस्तिक, आर्यन और अर्पित अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे। बेंच प्रेस स्पर्धा के सब जूनियर वर्ग में आस्तिक, दानिश और दिव्यांशु ने स्वर्ण पदक जीता।

वहीं, जूनियर वर्ग में आस्तिक, एजाज और तनवी का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। ओपन डेड लिफ्टिंग स्पर्धा में प्रियांशु पाठक और एस अभिषेक ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन कानपुर के महासचिव संदीप निगम ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर चयनित खिलाड़ी स्टेट चैंपियनशिप में मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

हनुमान कथा | पूज्य संत विजय कौशल महाराज ने कहा, हनुमान चालीसा का पाठ जीवन में लाता है सकारात्मक परिवर्तन

# महान कार्यों में आतीं बाधाएं, विनम्रता से मिलती सफलता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


पूज्य संत विजय कौशल महाराज।


कानपुर विश्वविद्यालय के सभागार में कथा सुनने पहुंचे लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हनुमान कथा आयोजन समिति, कानपुर के तत्वावधान में चल रही हनुमान कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को भक्ति और जीवनोपयोगी संदेशों से सराबोर कर दिया गया। कानपुर विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित कथा में पूज्य संत विजय कौशल महाराज ने अपने श्रीमुख से भक्तों को धर्म, संस्कार और जीवन के महत्वपूर्ण सूत्रों से अवगत कराया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। आयोजन 29 मार्च 2026 तक निरंतर चलेगा।

कथा के दौरान विजय महाराज ने कहा कि हनुमान जी भगवान के द्वारपाल हैं और उनके माध्यम से ही भगवान तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि हनुमान चालीसा का पाठ किसी भी समय और किसी भी अवस्था में किया जा सकता है, जिससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। सुंदरकांड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इसमें हनुमान जी के गुणों का विस्तृत वर्णन है, जो मानव जीवन को सुंदर और सफल बनाने की प्रेरणा देता है।

विजय महाराज ने माता के आशीर्वाद की महिमा बताते हुए कहा कि मां का आशीर्वाद निष्छल और निरपेक्ष होता है, जिसे कोई बाधित नहीं कर सकता। उन्होंने सुमित्रा द्वारा लक्ष्मण को दिए गए उपदेश का उदाहरण देते हुए त्याग, समर्पण और मर्यादा को जीवन का आधार बताया। उन्होंने कहा कि महान कार्यों के मार्ग में बाधाएं आना स्वाभाविक है और कई बार समाज के प्रतिष्ठित लोग भी विरोध करते हैं। साथ ही यह भी कहा कि जो व्यक्ति सबके सामने विनम्रता से झुकता है, भगवान भी उसके सामने झुक जाते हैं। शॉर्टकट से सफलता पाने की कोशिश करने वाला अंततः ठगा जाता है।

वहीं कार्यक्रम के अंत में विजय महाराज ने श्रद्धालुओं से हनुमान जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल, उपाध्यक्ष अनूप पचौरी, मंत्री उमेश निगम और संयोजक डॉ. विवेक द्विवेदी ने बताया कि कथा कानपुर विश्वविद्यालय सभागार में प्रतिदिन आयोजित हो रही है। समिति ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ लेने की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑटो की टक्कर से बीटेक के छात्र के पैर में हुआ फ्रेक्चर

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह सड़क हादसे में बीटेक का छात्र गंभीर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सहजनी निवासी सुखदेव प्रताप का 21 वर्षीय पुत्र अनुराग बाइक से कानपुर के रूमा स्थित कॉलेज जा रहा था। सुबह करीब सवा 9 बजे जब वह नवीन पुल पर पहुंचा तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित ऑटो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से अनुराग उछलकर सड़क पर गिर गया और गंभीर घायल हो गया। इसकी सूचना मिलते ही परिजन पहुंचे और उसे कानपुर के हैलट अस्पताल ले गए। चिकित्सकों के अनुसार छात्र के एक पैर में फ्रेक्चर हुआ है। जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं।

### शहीदों को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के तत्वावधान में सोमवार को मिश्रा कॉलोनी में शहीद दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकर्ताओं ने तीनों अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इसमें कांग्रेस के मयंक बाजपेयी ने कहा कि 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में तीनों देशभक्तों को फांसी दी गई थी। उन्होंने कम उम्र में देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर कर दिए पर अंग्रेजी हुकूमत के आगे झुके नहीं। इस दौरान रामकिशोर पाल, बाबूलाल गुप्ता, मो. हनीफ, विश्वनाथ दास, पिंटू तिवारी, संजय सिंह, विचित्र वीर सिंह, अकबाल अवस्थी, राजाराम, गंगाविश्नु, रंगीलाल शर्मा, बुद्धिलाल विश्वकर्मा, अर्जुन बाजपेयी, मो. इकबाल, राम चेतन भास्कर, सोनू व मो. जफर मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश ब्रह्मोस मिसाइल का भी कर रहा उत्पादन: धर्म पाल सिंह



फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते प्रभारी मंत्री व अन्य। अमृत विचार



लाभार्थी महिला को चेक देते प्रभारी मंत्री व अन्य। अमृत विचार

**विकास प्रदर्शनी**

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव**

**अमृत विचार।** मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास राजनैतिक पेंशन विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री धर्म पाल सिंह ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निराला प्रेक्षागृह पहुंचकर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं नीतियों कार्यक्रमों को लेकर लगी विकास प्रदर्शनी का जिलाधिकारी गौरांग राठी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगे स्टालों का अवलोकन किया। ट्राई साइकिल का वितरण कीं। इसके बाद प्रेक्षागृह सभागार में मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सूचना विभाग लखनऊ द्वारा तैयार उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष के विकास से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ। जिसे सभी अफसरों, कर्मियों व जनप्रतिनिधियों ने देखा। नौ वर्ष विषयक विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया।

**उन्नाव में ब्लॉक स्तर पर बनेंगे हेलीपैडः** प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्ष-2016 के मुकाबले आज उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है। अपराधों पर लगातार अंकुश लगा है और उत्तर प्रदेश देश के ग्रोथ इंजन की तरह आगे बढ़ा है। चाहे महाकुंभ का सफल आयोजन हो चाहे अयोध्या का भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण हो, हम सभी संस्कारों के साथ विकास की ओर गतिशील हैं। वर्तमान में 15 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाएं इन्वेस्टर समिट के माध्यम से आई हैं। इनमें से 6000 करोड़ से अधिक की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हो चुकी है। डिफेंस कॉरिडोर के साथ उत्तर प्रदेश ब्रह्मोस मिसाइल का भी उत्पादन कर रहा है। देश की पहली रैपिड रेल यूपी में है। उन्नाव में तहसील नहीं ब्लॉक स्तर पर हेलीपैड बनाने की योजना है। गांव में बिजली, सड़क व स्कूल सब हैं। अब गांवों से पलायन बंद हो रहा है। ये पहली सरकार है जिसने किसान फीडर अलग बनाया है।

### लाभार्थियों को बांटे प्रमाण-पत्र

कार्यक्रम में एनआरएलएम द्वारा स्वयं सहायता समूह को 10 करोड़ से अधिक के डेमो चेक उपलब्ध कराए गए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 5 लाभार्थियों विजया त्रिवेदी को बुटीक कार्य के लिए 2 लाख, गौरव द्विवेदी को फ्लेक्स प्रिंटिंग के लिए 4 लाख 70 हजार, प्रताप सिंह को कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के लिए 5 लाख, अनुपम कश्यप को बिजली की दुकान खोलने के लिए 3 लाख 82 हजार व कुलदीप को भी बिजली की दुकान खोलने के लिए 4 लाख 85 हजार के चेक दिये गए। जिले की करीब 50 से अधिक एएनएम को उनकी दैनिक जरूरतों की पूर्ति के लिए वह सामग्री जो उन्हें रोज केंद्र पर चाहिए होती हैं उनके बैग दिए गए। इसी प्रकार आयुष्मान योजना के अंतर्गत साधना, धर्मेंद्र, नसीब खान, उर्मिला व शालिनी को आयुष्मान कार्ड दिये गए। मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना श्रम विभाग के अंतर्गत सौरभ को 31 हजार रुपए व दिलीप को 31 हजार की चेक दी गई। सीडीओ कृति राज ने सभी का आभार जताते हुए कार्यक्रम का समापन किया। संचालन विश्वनाथ तिवारी ने किया। इसमें विधायक सदर पंकज गुप्ता, अनिल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुंन सिंह आदि मौजूद रहे।

### अविमुक्तेश्वरानंद के साथ चलते हैं सपा के कसाई

नौ साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियां गिनाने विकास भवन पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों के सवालों पर कहा स्वामी अविमुकतेश्वरानंद सरस्वती की चतुरंगिनी सेना के साथ सपा के कसाई चलते हैं। उनका गौसेवकों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कई मुद्दों पर बयान देकर सियासी हलचल तेज की। उन्होंने अविमुक्तेश्वरानंद व मथुरा की घटना को लेकर कड़े तेवर दिखाते हुए 2 दिन पहले मथुरा में हुई घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गौतस्करों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ी तो रासुका के तहत जेल भेजा जाएगा। पूरे मामले में कानूनी कार्रवाई जारी है। मंत्री संजय निषाद के रोने के सवाल पर कहा कि ये खुशी के आंसू भी हो सकते हैं और वो खुद उनसे पूछ लेंगे कि आखिर ये आंसू किस वजह से हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, विधायक पंकज गुप्ता, विधायक अनिल सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष शकुंन सिंह भी रहीं।

# मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

**नवाबगंज,उन्नाव**

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली पुलिस का रविवार रात चेकिंग करते समय नवाबगंज में बदमाशों से आमना-सामना हो गया। अपने को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया वही भाग उसका साथी भी पकड़ा गया। घायल को पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि वह पुलिस फोर्स के साथ रविवार देर रात पक्षी विहार रिंग रोड पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक से जा रहे दो युवकों को रोकने का प्रयास किया गया तो दोनों बाइक



घायल बदमाश को ले जाते पुलिसकर्मी।

वहीं फेंककर पुलिस पर फायरिंग करते हुए पैदल भागने लगे। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल होकर वहीं गिर गया। जबकि, उसके दूसरे साथी को पुलिस टीम ने दौड़ा कर दबोच लिया। घायल बदमाश की पहचान गोविन्द निवासी सोहरामऊ व पकड़ा गया उसका साथी राहुल उर्फ गोलू निवासी जालिमखेड़ा अजगैन है। घायल गोविन्द को पुलिस ने सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया है।

बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस, 2 मोबाइल, 2800 रुपये व बाइक मिली है। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक दोनों ने पूछताछ में बीती 9 मार्च को अपने तीसरे साथी करन के साथ नवाबगंज टोल प्लाजा के पास एक ट्रक ड्राइवर को लूटा था। इन लोगों ने चालक से 8 हजार रुपये लूटने के साथ उसे जान से मारने की धमकी देकर 21,225 रुपये अपने मोबाइल नंबरों पर यूपीआई से ट्रांसफर करवाए थे। सीओ तेज बहादुर सिंह ने बताया कि गिरोह के तीसरे सदस्य करन की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। तीनों शातिर लुटेरे हैं। इनका अपराधिक इतिहास भी है।

### नशेबाजों का उत्पात एंबुलेंस का तोड़ा शीशा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** पश्चिमी गंगाघाट स्थित देशी शराब ठेके के आसपास नशेबाजों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। आएदिन मारपीट व राहगीरों से अभद्रता की घटनाएं हो रही हैं। सोमवार को नशे में रहे लोगों ने एक एम्बुलेंस का शीशा तोड़कर हंगामा खड़ा कर दिया। विरोध करने पर चालक के साथ गालीगलौज भी की गई। जानकारी के अनुसार लखनऊ निवासी वीरेंद्र एम्बुलेंस से शव लेकर मिश्रा कॉलोनी घाट आया था। शव उतारने के बाद वह वाहन को स्टेशन की ओर खड़ा करने जा रहा था। तभी देशी शराब ठेके के पास खड़े कुछ नशेबाजों ने एम्बुलेंस का शीशा तोड़ दिया। विरोध करने पर उन्होंने अभद्रता शुरू कर दी। संख्या अधिक होने से चालक वहां से हट गया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत करने की बात कही है। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि सुबह पांच बजे से ही शराब बिक्री शुरू हो जाती है।

### भंडारे में कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद



भंडारे में बांटा गया प्रसाद। अमृत विचार

**नवाबगंज, उन्नाव।** नवरात्रि पर सोमवार को सेरसा रोड स्थित काली मंदिर के पास आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। भंडारे का आयोजन सेरसा निवासी रामखेलावन रावत ने किया था। इसकी शुरुआत कन्या पूजन के साथ हुई। यहां कन्याओं के पैर पखार कर उन्हें भोजन कराया गया और दक्षिणा देकर विदा किया गया। कन्या पूजन के बाद भंडारे की शुरुआत हुई। इसमें बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने मां का पूजन करने के बाद पुड़ी-सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम दोपहर से देरशाम तक चलता रहा। इसमें सैकड़ों राहगीरों व नागरिकों ने प्रसाद लिया। इसमें संतोष रावत, दिनेश कुमार, जीत विमल, हरिगोविंद सिंह, निखिल, रिषभ प्रज्ज्वल, राजन व संदीप आदि रहे।

### घूम रहे बच्चों को जीआरपी ने परिजनों को सौंपा



स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी के साथ खड़ा बच्चा। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार को एक 10 वर्षीय छात्र स्कूल न जाकर गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर घूमता मिला। जिसे जीआरपी व आरपीएफ ने सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार श्री नगर हुसैनी मस्जिद निवासी अब्दुल अहद (10) पुत्र जुबैर पोनी रोड स्थित महादेव इंटर कॉलेज में कक्षा एक का छात्र है। वह सुबह पेपर देने घर से निकला था। लेकिन स्कूल न जाकर इधर-उधर घूमने लगा। पड़ोसी वाले प्रिंस ने बच्चे के दादा वारिस को इसकी जानकारी दी। इस पर दादा ने नाराजगी जता बच्चे को डांटा और घर से बाहर जाने को कह दिया। इसके बाद बच्चा रेलवे स्टेशन पहुंच गया जहां संदिग्ध हालत में घूमते देख जीआरपी व आरपीएफ कर्मियों ने उससे पूछताछ की। बाद में बच्चे की मां नरगिस को सूचना दी गई। स्टेशन पहुंची मां को पुष्टि के बाद दसे सौंप दिया गया।



डॉ. राम मनोहर लोहिया को याद करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### लोहिया जयंती पर समाजसेवियों ने आयेजित की विचार गोष्ठी

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** राजमार्ग स्थित सब्जी मंडी में समाजसेवी वीरेन्द्र शुक्ला के आवास पर डॉ. राम मनोहर लोहिया की 116वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका संचालन राजन कनौजिया ने किया। जिसमें नगर के वरिष्ठ व युवा समाजसेवी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरेन्द्र शुक्ला ने डॉ. लोहिया की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। इसमें मिष्ठान वितरण भी हुआ। वीरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि डॉ. लोहिया प्रखर स्वतंत्रता सेनानी, महान समाजवादी चिंतक व राजनेता थे। जिन्होंने 'गैर-कांग्रेसवाद' व 'सप्त क्रांति' जैसे महत्वपूर्ण विचार दिए। इसमें उमालाल यादव, विक्रम भदौरिया, डॉ. अरुण सविता, सुनील यादव लाली, सर्वेश लोधी, अनिल सिंह, आजम मंसूरी, नीरज यादव, रोहन कनौजिया, बबलू, राहुल यादव, गौरव यादव, निसित श्रीवास्तव व करण सिंह भारती मौजूद रहे।

### फांसी नहीं, जहरीला पदार्थ निगलकर युवक ने दी थी जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** सदर कोतवाली के हजिरा मोहल्ले में दिल्ली से लौटे युवक की मौत फंदे से लटकने से नहीं हुई थी बल्कि जहरीला पदार्थ निगलने के बाद उसने फंदे से लटकने का प्रयास किया था। इसके साथ ही उसने अपने गले को ब्लेड से काटने का भी प्रयास किया था। इसका खुलासा सोमवार को हुए पोस्टमार्टम में हुआ। हालांकि परिजन उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता रहे हैं। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हजीरा निवासी अभय (28) व उसका परिवार दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। अभय एसी मिस्त्री था। शनिवार रात वह दिल्ली से बिना बताए अकेले घर लौटा आया। पड़ोस में रहने वाले चचेरे भाई रोहित की पत्नी पूजा ने उसे चाय नाश्ता दिया। इसके बाद वह कमरे में रस्सी के फंदे से लटका मिला था। रोहित व अन्य परिजन जिला अस्पताल लाए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को बेटे की मौत की खबर पर मां सुदेवी, भाई रजनीश व मुकुल बेहाल रहे। छोटे भाई मुकुल ने बताया कि अभय की शादी हो गई थी। पत्नी राधा, बेटी डिम्पल के साथ पंजाब के फगवाड़ा जिले में मजदूरी करने वाले पिता के घर गई थी। पति की मौत पर वह वहां से निकली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक उसकी जहर खाने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

# महिला की कुल्हाड़ी से हत्या करने को दोषी को आजीवन करावास

**उन्नाव, अमृत विचार।** घर में घुसकर महिला की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर हत्या करने के दोषी युवक को कोर्ट ने आजीवन करावास के आदेश दिए हैं। साथ ही उस पर 29 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बकरगंज मोहल्ला निवासी राम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 10 सितंबर-2023 की सुबह 5.30 बजे वह शौच करने घर के बाहर गया था। तभी मोहल्ले के अनिल राठौर ने उसके घर में घुसकर पत्नी रिंकी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। शोर सुन मां को बचाने पहुंचे बेटे तरुण पर भी आरोपी ने हमला किया था। इससे बेटा भी घायल हो गया था। इसी दौरान वह वापस लौटा और दरवाजे में कुंडी लगाकर पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अनिल को आलाकत्ल के साथ पकड़ा था। पूछताछ में उसने बताया था कि दो साल पहले रिंकी अपने पति को छोड़कर उसके साथ रहने लगी थी। लेकिन 1 माह पहले वह दोबारा पति राम सिंह के पास चली गई थी। इसी आक्रोश में उसने रिंकी की हत्या कर दी। आईओ श्याम नारायण सिंह जांच के बाद साक्ष्य एकत्र कर 29 सितंबर-2023 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी।

### पीकेसी को हरा इंटरनेशनल क्लब बना चैंपियन



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित श्याम प्रकाश श्रीवास्तव अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को पीकेसी व इंटरनेशनल क्लब के बीच रामकली स्टेडियम शुक्लागंज में हुआ। इसमें पीकेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंटरनेशनल क्लब ने 40 ओवर में 8 विकेट खोकर 254 रन बनाए। जिसमें आदित्य गुप्ता ने 63, आयुष ने 47, प्रदुल ने 47 व अक्षत ने नाबाद 40 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीकेसी की पूरी टीम 32 ओवरों में मात्र 148 रनों पर आलआउट हो गई और इंटरनेशनल क्लब ने 106 रनों से मैच जीत लिया। पीकेसी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सुयश सिंह ने 37, उमाशंकर ने 29, नवरत्न ने 27 व देवांश ने 22 रनों का योगदान दिया। आदित्य गुप्ता को स्पर्धा मंत्री ओम मिश्रा ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसो. के महामंत्री पीके मिश्रा ने दी।



दुर्गा मंदिर में दर्शन के लिये उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

### स्कंदमाता के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नवरात्र के पांचवें दिन देवी के स्कंदमाता स्वरूप के दर्शन के लिए नगर के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में सुबह से देररात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। राजमार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भोर से ही भक्तों की कतारें लगी रहीं और देररात तक दर्शन का सिलसिला जारी रहा। मंदिर परिसर में दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। सोमवार को मां स्कंदमाता के विशेष पूजन के लिए मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने विधिविधान से पूजा कर उपवास रखा व दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडे ने बताया कि मां स्कंदमाता की आराधना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महेश मार्ग स्थित सिद्धिधात्री मंदिर, डाकतार कॉलोनी का सोमा गौरी मंदिर, बिंदा नगर दुर्गा मंदिर, बालूघाट गायत्री शक्तिपीठ, गांधी नगर काली मंदिर, पोनी रोड झंडेश्वर मंदिर और गंगा विशुनघाट दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। दुर्गा मंदिरों में पंचांग पूजन भी कराया गया।

### तीन दुकानों में चोरी हजारों का माल पार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग स्थित दुर्गा मंदिर के बाहर लगी तीन दुकानों में देर रात हुई चोरी से हड़कंप मच गया। चोरों ने मोबाइल, नकदी व पूजन सामग्री समेत हजारों का सामान पार कर दिया। खास बात यह रही कि घटना कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर हुई। गांधी नगर निवासी रानी गुप्ता ने बताया कि वह रात करीब 1 बजे दुकान बंद कर अंदर सोने चली गई थी। तभी करीब 2 बजे एक युवक दुकान में घुसा और गुल्लक में रखे 8 हजार रुपये व मोबाइल चोरी कर ले गया। वहीं शक्ति नगर निवासी रमेश सैनी की दुकान से चोर 1 बोरा नारियल, लाइट व श्रृंगार का सामान ले गए। सुबह तीन बजे जब दुकानदारों की नींद खुली तो सामान गायब देख होश उड़ गए। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक संदिग्ध युवक की गतिविधियां कैद हुई हैं।

### 1024 परीक्षकों ने जांचीं 39 हजार 229 बोर्ड परीक्षाओं की कापियां

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की कापियों के मूल्यांकन के पांचवें दिन चारों केंद्रों में 1024 परीक्षकों ने 39229 कापियों का मूल्यांकन किया। इसमें 1748 परीक्षकों में 1024 उपस्थित व 724 अनुपस्थित रहे। डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 49 उपस्थित रहे वहीं, 517 परीक्षकों में 251 उपस्थित रहे। इससे 13518 कापियों का मूल्यांकन हो सका। यहां 27 में 20 अंकेक्षक परीक्षक उपस्थित हुए। अब तक 35905 कापियों का मूल्यांकन किया गया है। जीआईसी में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 48 उपस्थित व 491 परीक्षकों में 285 उपस्थित रहे। जिन्होंने 9874 कापियों का मूल्यांकन किया। अब तक 31376 कापियों का मूल्यांकन किया गया है। जीजीआईसी में इंटर के 31 डिप्टी हेड में 26 व 289 परीक्षकों में 194 परीक्षक उपस्थित हुए। यहां 9433 कापियों का मूल्यांकन किया गया है। यहां 17 अंकेक्षकों में 12 उपस्थित हुए। अब तक 33355 कापियों का मूल्यांकन किया गया। अटल बिहारी इंटर कॉलेज में इंटर के 30 डिप्टी हेड में 26 व 286 परीक्षकों मे 145 उपस्थित हुए। यहां 6404 कापियों का मूल्यांकन किया गया है। यहां 15 में 13 अंकेक्षक उपस्थित हुए। अब तक 20461 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

### डंपर की टक्कर से शराब ठेका प्रबंधक की मौत, दो घायल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी तिराहे के पास सोमवार शाम सड़क हादसे में शराब ठेका प्रबंधक की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी समेत दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और फोरलेन मार्ग पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया। उन्नाव सदर कोतवाली क्षेत्र के पन्नालाल पार्क निवासी 54 वर्षीय सुभाष जायसवाल शराब ठेका दुकानों के प्रबंधक थे। सोमवार को वह अपनी पत्नी रतना जायसवाल के साथ कानपुर दवा लेने गए थे। लौटते समय शाम करीब साढ़े सात बजे जैसे ही उनकी कार शुक्लागंज-उन्नाव फोरलेन स्थित सहजनी तिराहे के पास पहुंची, पीछे से आ रहे अनियंत्रित डंपर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार डंपर में फंस गई और चालक वाहन को रोकने के बजाय आगे बढ़ता रहा, जिससे कार काफी दूर तक घिसटती चली गई। कार घिसटते देख सुभाष जायसवाल ने दरवाजा खोलकर नीचे उतरने का प्रयास किया, लेकिन संतुलन बिगड़ने से वह सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान डंपर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कार में बैठी उनकी पत्नी रतना जायसवाल घायल हो गईं।

### गायत्री शक्तिपीठ में पांच कुंडीय यज्ञ के साथ चार बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार



बटुकों का होता यज्ञोपवीत संस्कार। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** शहर के कालेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्र पर माता गायत्री व माता स्कन्दमाता की उपासना का आयोजन हुआ। आध्यात्मिक ऊर्जा में वेद मंत्रों की गूंज व यज्ञ की सुगंध के बीच श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। शुभारंभ देवियों के पूजन-अर्चन से हुआ। इसके बाद महिला मंडल द्वारा 5 कुंडीय नवचेतना जागरण यज्ञ का आयोजन हुआ। संचालन दीनू शुक्ला व मीरा सिंह ने किया। जिन्होंने वेद मंत्रों के साथ मां गायत्री व मां स्कन्दमाता की आहुतियां डलवाईं। इसमें शांतिकुंज हरिद्वार से पंडित चंद्रकिशोर द्विवेदी ने 4 बटुकों गौरव दीक्षित, मोनू त्रिवेदी, पंकज द्विवेदी व उमा कांत शुक्ला को यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण कराया। पंडित जी ने यज्ञोपवीत के महत्व पर प्रकाश भी डाला। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि गायत्री मंत्र गुरु मंत्र है जो बुद्धि को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करता है। यज्ञोपवीत पहनने वाले बटुकों ने आजीवन नशा न करने, श्रेष्ठ चिंतन अपनाने व सुसंस्कारों के साथ जीवन जीने का संकल्प लिया। इस दौरान मालती सिंह, रानी त्रिपाठी, मालती मिश्रा, रंजना सिंह, अनीता बाजपेई, साधना सिंह, रामनरेश सिंह, सुशील जायसवाल, सुदामा, अशोक दीक्षित आदि रहे।

# उत्तराखंड हादसा : देर रात पहुंचे दोनों युवकों के शव, परिजनों में मचा कोहराम

**उन्नाव, अमृत विचार।** उत्तराखंड के नैनीताल के पास खाई में कार गिरने से जान गंवाने वाले दोनों युवकों के शव देररात घर पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। मोहल्लेवालों व परिजनों ने उन्हें किसी तरह सम्हालने की कोशिश की लेकिन वे भी अपने आंसू नहीं रोक सके। सोमवार को अलग-अलग गंगातटों पर दोनों का अंतिम संस्कार परिजनों ने किया। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के पीतांबर नगर मोहल्ला निवासी कानपुर में संविदा पर आरटीओ कार्यालय में कार्यरत अंकित चौधरी पुत्र धर्मेंद्र दही थानाक्षेत्र के शिव नगर मोहल्ला निवासी अपने साथी अविराज विमल पुत्र अशोक, अन्य साथी अतुल दुबे व श्याम के साथ बीती शुक्रवार रात अंकित की कार से उत्तराखंड के नैनीताल के पास स्थित कैंची धाम व जागेश्वर धाम के दर्शन के लिए गए थे। जहां नैनीताल के गेठिया के पास कार अनियंत्रित होकर 250 मीटर गहरी खाई में चली गई थी। इसमें अंकित व अविराज की मौत हो गई थी। वहीं श्याम व अतुल गंभीर घायल हुए थे। परिजनों के पहुंचने पर रविवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद देररात दोनों के शव घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। अविराज की शादी अभी एक साल पहले ही हुई थी। पति का शव देख पत्नी अचेत हो गई। यही हाल उसकी मां माया का रहा। वहीं अविराज की मौत की खबर मिलने पर कुवैत से लौटने के लिए प्रयासरत पिता अशोक मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध का दंश झेलना पड़ा। फ्लाइट बंद होने से वह वहीं वीडियो काल पर फूट-फूटकर रोता रहा। वहीं अंकित का शव देख पत्नी पल्लवी व मां कुसमा रो-रोकर बेहाल हैं।

# गुणवत्तापूर्ण हो शिकायतों का समाधान

**संपूर्ण समाधान दिवस**

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव**

**अमृत विचार।** सफीपुर तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें डीएम गौरांग राठी ने एसएसपी जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में फरियादियों की समस्याएं सुन अफसरों को निस्तारण के निर्देश दिए।

जन सुनवाई शुरू करने से पहले डीएम ने आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। इसके साथ उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन कर संबंधित अफसरों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण



फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार

में पारदर्शिता व गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि शिकायत चाहे ऑनलाइन हो या ऑफलाइन उसका समाधान कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर हो। जिन प्रकरणों में शिकायतकर्ता असंतुष्ट हैं अधिकारी खुद उनसे संवाद करें व सारगर्भित टिप्पणी के साथ निस्तारण अपलोड करें। शिकायतों को उनकी सही श्रेणी में ही दर्ज किया जाए ताकि डेटा में पारदर्शिता रहे। भूमि संबंधी विवादों पर डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिया कि चक रोड पैमाइश व अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लें। कहा कि शिकायतों की जांच के लिए मौके पर टीम भेजें और निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो। समाधान दिवस में कुल 92 शिकायतें आईं। जिनमें 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष के लिए अफसर निर्देशित किए गये।



ज्ञान को केवल दिमाग से प्राप्त नहीं किया जा सकता है, इसे अनुभव से भी प्राप्त किया जाना चाहिए।

**ओशो**, दार्शनिक

# संकट विकट निकट है

तेल, गैस आपूर्ति के सुचारु रहने के आश्वासनों तथा सामान्य पेट्रोल, डीजल के दामों में बढ़ोतरी को कुशलतापूर्वक थामे रहने के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि विकट संकट निकट आता दिख रहा है। पश्चिमी एशिया में तनाव और युद्ध का चौथा सप्ताह शुरू हो चुका है और युद्ध की तीव्रता मंद पड़ने की बजाय और भी तीव्रतर होती जा रही है। चौथे हफ्ते की शुरुआत ईरान द्वारा इजराइल पर भीषण हमले के जवाब से हुई, जो इजराइल के उसके परमाणु संयंत्र पर आक्रमण का प्रत्युत्तर था। उधर अमेरिका ने धमकी दी है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोला गया, तो वह ईरान के तमाम ऊर्जा संयंत्रों, पावर प्लांट को तबाह कर देगा। जवाब में ईरान ने भी अमेरिका को खाड़ी के देशों में उनके खारे पानी को पीने योग्य बनाने वाले संयंत्रों को भारी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। हजारों किलोमीटर दूर डियागो गार्सिया पर ईरानी मिसाइल हमले के बाद यूरोप भी खौफजदा है, उसे लगता है कि लंदन और बर्लिन भी उसके निशाने पर आ सकते हैं। ब्रिटेन की परमाणु संचालित पनडुब्बी के अरब सागर में उतरने के बाद अब ब्रिटेन भी युद्ध में शामिल हो चुका है। ये सभी ऐसे संकेत हैं, जिससे लगता है कि शायद जंग जल्द खत्म नहीं होगी।

इस बीच डैम कैपिटल एडवाइजर्स की रिपोर्ट की चेतावनी चिंता बढ़ाने वाली है कि खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव और आशंकित व्यवधानों के चलते दुनिया के कई प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक आपूर्ति संकट खड़ा हो सकता है। यह संकट यदि दो महीने और चला तो भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापक मंदी की शिकार हो सकती है। रिपोर्ट में व्यक्त यह चिंता वाकई काबिले गौर है कि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं तथा होर्मुज जलडमरूमध्य इसी तरह बाधित रहा, तो देश का राजकोषीय घाटा बुरी तरह बढ़ेगा और सल्फर, हिलियम, मेथेनॉल,एल्यूमीनियम जैसी वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होगी। रसायन, सेमीकंडक्टर तथा उर्वरक निर्माण उद्योग को गहरा धक्का लगेगा। साथ ही कृषि एवं खाद्य सुरक्षा पर भी बहुत बुरा असर दिखेगा। आम उपभोक्ता वस्तुओं के दाम भी बढ़ेंगे। तेल कीमतों की उछाल को नियंत्रित करने के लिए ऑल इंडिया डिस्टलर्स एसोसिएशन द्वारा पेट्रोल के साथ 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण की आपूर्ति की पेशकश और इसे तीस फीसदी तक पहुंचाने की बात हो अथवा एथेनॉल से चलने वाली गाड़ियों और कुकिंग स्टोव के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करना, इस आसन्न संकट से निपटने के बहुत ठोस उपाय नहीं हैं और न ही अमेरिका से एलपीजी तथा रूस से कच्चे तेल लिए भारत पहुंचने वाले कुछ जहाज। अच्छी बात यह है कि भारत सरकार इस संकट के पूर्वानुमानों को लेकर सतर्क है। मंत्रालय ने कच्चे तेल की आपूर्ति के विकल्पों की तरफ देखा है और प्रधानमंत्री ने इस बात की सख्त ताकीद की है कि कालाबाजारी और जमाखोरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने गैस परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी देने के साथ ही उपभोक्ताओं और उद्योगों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने के संकेत दिए। उम्मीद है यह सतर्कता संकट समाधान का स्थायी कारक बनेगी।

## प्रसंगवश

# टीबी: 2026 में भी सिस्टम के लिए चुनौती

ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) आज भी समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। सरकार लगातार नए इनोवेशन, दवा रेजीमेन और प्रोटोकॉल के जरिए ज्यादा से ज्यादा संक्रमित लोगों तक बेहतर इलाज पहुंचाने की कोशिश कर रही है। इसके बावजूद, वर्ष 2030 के टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य को कई स्तरों पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को दोबारा शुरू किए जाने के बाद भी सिस्टमिक और सामाजिक बाधाएं बनी हुई हैं, खासकर 2025 के लक्ष्य से पीछे रह जाने के बाद। ज्यादा मरीजों वाले जिलों में व्यापक स्क्रीनिंग की आवश्यकता साफ दिखाई देती है। दूर-दराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित पहुंच के कारण डायग्नोसिस में देरी होती है, जिससे संक्रमण का फैलाव बढ़ता है। वहीं, प्राइवेट सेक्टर में कम रिपोर्टिंग भी एक बड़ी समस्या है, क्योंकि कई मरीज सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के दायरे में आ ही नहीं पाते।



डॉ. राजेंद्र प्रसाद
वाइस चेयरमैन
नेशनल टीबी टास्क फोर्स

सामाजिक और आर्थिक कारक भी टीबी के प्रसार में अहम भूमिका निभाते हैं। कुपोषण, गरीबी व भीड़भाड़ जैसी परिस्थितियां, खासकर प्रवासी मजदूरों और कमजोर वर्गों में इस बीमारी को बढ़ावा देती हैं। इन चुनौतियों के बीच, पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। यह बदलाव केवल नई योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि टीबी को समझने और उससे निपटने के तरीके में परिवर्तन को दर्शाता है। घर-घर जाकर जांच, कमजोर वर्गों की पहचान व फ्रंटलाइन वर्करों की सक्रिय भागीदारी से मरीजों की समय पर पहचान संभव हो रही है। इसका परिणाम यह रहा कि वर्ष 2025 में 6.90 लाख टीबी मरीजों की पहचान की गई, जो निर्धारित लक्ष्य 6.75 लाख से अधिक है। डायग्नोसिस और उपचार में तकनीकी प्रगति ने इस अभियान को और मजबूती दी है। एआई आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें दूरस्थ क्षेत्रों में संदिग्ध मरीजों की तुरंत पहचान कर रही हैं। मॉलिक्यूलर टेस्टिंग से जांच की सटीकता बढ़ी है, जबकि ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के लिए छोटे और पूरी तरह मौखिक इलाज ने उपचार अवधि को लगभग दो साल से घटाकर 6-9 महीने कर दिया है। इससे मरीजों में इलाज का पालन बेहतर हुआ है और मृत्यु दर में कमी आई है। प्रिवेंटिव थेरेपी का विस्तार भी खासकर उच्च जोखिम समूहों में संक्रमण को रोकने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

उत्तर प्रदेश में अब तक 1.83 लाख से अधिक निक्षय मित्र पंजीकृत हो चुके हैं। बुलंदशहर जैसे जिलों में संस्थाओं द्वारा सभी टीबी मरीजों को गोद लेने जैसी पहलें भी सामने आई हैं। ग्राम स्तर पर भी व्यापक भागीदारी देखने को मिल रही है। 20,000 से अधिक ग्राम प्रधानों ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में योगदान दिया है और हजारों पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। मोबाइल डायग्नोस्टिक वैन, हैंडहेल्ड एक्स-रे और एआई तकनीक के उपयोग से दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है। साथ ही, नियमित वल्नरेबिलिटी मैपिंग और एक्टिव केस फाइंडिंग से जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2030 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब स्वास्थ्य शिक्षा पर और अधिक जोर देना आवश्यक है। लोगों में जागरूकता बढ़ाकर ही टीबी के प्रति भय और कलंक को खत्म किया जा सकता है। साथ ही, जांच के लिए आवश्यक रीएजेंट और दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है। सामुदायिक भागीदारी, तकनीकी नवाचार और मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली के संयुक्त प्रयासों से ही भारत को टीबी मुक्त बनाने का सपना साकार हो सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# युद्ध की तपिश से भारत भी सशंकित






अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

अमेरिका व इजराइल का ईरान के साथ युद्ध अब भयावह हो चला है। विगत 28 फरवरी से ही वे एक दूसरे के सैन्य ठिकानों पर बम बरसा रहे हैं। युद्ध से तीनों देशों के धन-जन को काफी क्षति भी पहुंच रही है। इसकी विभीषिका का प्रभाव विश्व की समेकित ऊर्जा पर पड़ता दिख रहा है। इसके प्रत्यक्ष असर से भारत भी अछूता नहीं है। कच्चे तेल व एलपीजी (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) का एक बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते भारत के समुद्र तटीय क्षेत्रों में बड़े जहाजों से आता है। होर्मुज ईरान व ओमान के मध्य स्थित करीब 33 किमी का महत्वपूर्ण संकरा समुद्री गलियारा दुनिया के करीब 25 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस के निर्यात का प्रमुख मार्ग है। वर्तमान में भारत के करीब 24 जहाज वहां फंसे हुए हैं। एलपीजी व कच्चे तेल से लदे उक्त जहाज यदि जल्द नहीं आएं तो यहां के विनिर्माण, परिवहन, खाद्य उत्पादन के अलावा ऊर्जा क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना तय। यहां वस्तुओं की कीमतें तो प्रभावित होंगी ही, उत्पादन व रोजगार पर भी खासा प्रभाव पड़ेगा।

अपनी जरूरत का करीब 89 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करने वाला भारत क्या इससे यथाशीघ्र उबर पाएगा? यक्ष प्रश्न यह भी कि संकट की इस घड़ी में सरकार के साथ प्रत्येक भारतीय अपनी जिम्मेदारी को क्या बखूबी निभा रहा है? अमेरिका की दादागिरी ने समूचे विश्व के आर्थिक तंत्र को झकझोर कर रख दिया है। करीब साढ़े 11 हजार किमी दूर ईरान से भला अमेरिका को किस बात का खतरा है कि वह इजराइल के साथ मिलकर उसे नेस्तनाबूद करने को युद्ध कर रहा? इसे गहराई से जानने के लिए अमेरिका का वेनेजुएला के कच्चे तेल भंडारों पर कब्जा तथा ग्रीनलैंड को हथियाने की उसकी मंशा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अमेरिका द्वारा खेला जा रहा तेल का खेल वास्तव में वैश्विक बाजार पर आधिपत्य का ही है। ईरान पर उसका हमला मध्य-एशिया में अमेरिकी प्रभाव में वृद्धि का ही है। ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम को इस युद्ध ने कमजोर करने का काम किया है। क्योंकि कच्चे तेल से निर्मित पेट्रोलियम पदार्थों के निर्यात में भारत का स्थान विश्व में चौथा है। यदि इसे सुचारु रूप से कच्चा तेल नहीं मिल पाएगा, तो हमारी रिफाइनरियों का क्या होगा? तेज रफ्तार से बढ़ती हमारी अर्थव्यवस्था क्या गतिमान रह पाएगी? यह आने वाला समय ही बता पाएगा।

> अपनी जरूरत का करीब 89 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करने वाला भारत क्या इससे यथाशीघ्र उबर पाएगा? यक्ष प्रश्न यह भी कि संकट की इस घड़ी में सरकार के साथ प्रत्येक भारतीय अपनी जिम्मेदारी को क्या बखूबी निभा रहा है?

हमारे देश के लोग बिना कुछ सोचे-समझे राशनिंग को ढाल बनाने लगते हैं। सामान्य दिनों में यहां एलपीजी की औसत बुकिंग करीब 55 लाख सिलेंडर प्रतिदिन है, लेकिन कुछ गत कुछ दिनों में बुकिंग बढ़कर करीब 76 लाख सिलेंडर प्रतिदिन हो गई। आपदा में अवसर ढूंढने वाले स्वार्थी किस्म के लोगों को क्या यह नहीं समझना चाहिए कि कच्चा तेल और एलपीजी भारत बड़े पैमाने पर आयात करता है? कालाबाजारी से तो उसके ही बंधु-बांधव प्रभावित होंगे। देश में करीब 25 हजार गैस वितरक हैं। जाहिर है, इसमें कुछ राशनिंग को बढ़ावा देने वालों को लाभ देते हों, लेकिन संकटकाल के इस दौर में उन्हें भी ईमानदारी और पारदर्शिता दिखानी होगी। उक्त ईंधनों के असमान वितरण तथा पैनिक पैटर्न से हमें बचना ही होगा।

आम भारतीयों की सुविधा के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गत दिनों नियमित आवंटन से इतर करीब 48 हजार किलोलीटर अतिरिक्त केरोसीन का आवंटन कर दिया है। अपनी भूमिका को और सक्रिय करते हुए भारत सरकार के वन मंत्रालय और कोयला मंत्रालय ने भी चुनौती से निपटने को कमर कस ली है। युद्ध की विभीषिका के मध्य सरकार व प्रत्येक भारतीय को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि कच्चे तेल व एलपीजी का हमारे यहां विकल्प क्या हो सकता है? क्योंकि भारत में दोनों ईंधन बहुतायत में आयात किया जाता है। आत्मनिर्भर होकर अपनी ऊर्जा संप्रभुता की सुलभ राह खोजनी होगी। उक्त राह हमारे खेतों, गोशालाओं व हमारी उस परंपरा में छिपी है, जिसे हमने आधुनिकता की आड़ में पीछे धकेल दिया है। हमें अपने उपलब्ध पशुधन का उपयोग कर प्रतिवर्ष 60 हजार करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन बचाना होगा। आंकडे बताते हैं कि देश के पशुधन में 21,924 अरब किलोवाट ऊर्जा प्रतिवर्ष उत्पन्न करने की क्षमता है। अफसोसजनक यह कि हम उसका केवल 25 प्रतिशत भाग ही उपयोग कर पा रहे हैं।

यह भी जान लें कि एक देसी बैल की जोड़ी प्रतिवर्ष 247 लीटर डीजल का स्थान लेती है। पशु अपशिष्ट व कृषि अवशेषों से बायोगैस के रूप में तीन हजार से अधिक टेराजूल प्रतिदिन ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है, जो देश के 55 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति करने में सक्षम है। भारत के करीब 65 प्रतिशत घरों में भोजन बनाने को लकड़ी व उपलों का प्रयोग आज भी किया जाता है। हमारे लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि ऊर्जा की असली सुरक्षा किसी आयात समझौते में नहीं, अपितु अपनी मिट्टी, पेड़-पौधे, जीव-जंतु और अपने पशुधन में है। अपेक्षा यह है कि हम उस 75 प्रतिशत ऊर्जा क्षमता को पहचानें और तेल संपन्न देशों की निर्भरता से पार पाएं। हमें बायोगैस संयंत्रों का भी विस्तार करना होगा। हमें किसानों में भी विश्वास भरना होगा कि भारत की ऊर्जा संप्रभुता उसके अपने खेतों में ही है। युद्ध ने हमें सशंकित तो किया है, तो आ अब लौट चलें... की तर्ज पर हम अपनी परंपरागत ऊर्जा का पूर्व की भांति उत्पादन करें। इसका संरक्षण कर आत्मनिर्भर बनें। ऐसा कर लेने के पश्चात न तो हम अमेरिका, रूस, ईरान पर निर्भर रहेंगे न ही वैश्विक युद्ध से सशंकित।

## आमने सामने



भाजपा चुनाव आयोग के माध्यम से कितनी भी बाधाएं लगाए, कुछ भी कर ले, लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार को ही चुनेगी। पश्चिम बंगाल में हर स्तर पर ममता बनर्जी ने काम किया है। ऐसे में ममता की ही सरकार वहां फिर से बनेगी।

**-अखिलेश यादव,**
पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

अखिलेश यादव तो बिहार में तेजस्वी यादव को भी जिता रहे थे और अब वैसे ही वे पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को जिता रहे हैं। जिस तरह अखिलेश यादव के प्रचार के कारण तेजस्वी यादव हारे थे, अब वैसे ही ममता बनर्जी भी चुनाव हारेंगी।

**-केशव प्रसाद मौर्य**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



# युद्ध के बीच भारत में ऊर्जा आपूर्ति पर्याप्त व सुरक्षित



राजीव जैन
पूर्व महानिदेशक
पीआईबी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बाधाओं ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को गहरे संकट में डाल दिया है। यह वही समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के बड़े हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। हालात इतने गंभीर हैं कि एशिया के कई देशों में ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई है और कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है और उसका एक बड़ा भाग इसी मार्ग से आता है। इसके बावजूद, भारत में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता व्यापक स्तर पर सामान्य बनी हुई है। यह स्थिति किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, सक्रिय कूटनीति और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कुशल प्रबंधन का परिणाम है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव के कारण तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हुई है।

कई देशों को आपूर्ति संकट और कीमतों के झटके झेलने पड़े हैं, लेकिन भारत ने समय रहते अपने आयात स्रोतों और आपूर्ति श्रृंखला को पुनर्संतुलित किया। सरकार ने स्पष्ट किया कि देश में ऊर्जा आपूर्ति "पर्याप्त और सुरक्षित" है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। भारत की ऊर्जा नीति का सबसे मजबूत आधार है स्रोतों का विविधीकरण। आज हमारा देश केवल खाड़ी देशों पर निर्भर नहीं है, बल्कि रूस, अमेरिका, ब्राजील और अफ्रीका के कई देशों से तेल आयात कर रहा है। हाल के घटनाक्रम में यह भी देखा गया कि रूस और अन्य वैकल्पिक स्रोतों से आयात बढ़ाकर भारत ने आपूर्ति संतुलन बनाए रखा। सरकार के प्रयासों से अब लगभग 70 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाहर के मार्गों से किया जा रहा है, जिससे जोखिम काफी कम हुआ है। मजबूत भंडार और मजबूत रिफाइनिंग क्षमता के कारण भारत ने इस संकट से पहले ही अपनी रणनीतिक तैयारी मजबूत कर ली थी। देश के पास कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं, जो अल्पकालिक झटकों को संभालने में सक्षम हैं। साथ ही, भारत की मजबूत रिफाइनिंग क्षमता जो दुनिया में अग्रणी है, घरेलू मांग को पूरा करने के साथ अतिरिक्त उत्पादन की भी क्षमता रखती है। संकट के दौरान सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें तेल कंपनियों को घरेलू मांग को प्राथमिकता देने के निर्देश, रिफाइनरियों को अधिकतम उत्पादन बढ़ाने के आदेश के अलावा एलपीजी आपूर्ति को घरेलू उपयोग के लिए प्राथमिकता देना तथा रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए डेटा साझा करने की व्यवस्था की गई है। इन कदमों से यह सुनिश्चित हुआ कि संकट का असर आम नागरिक तक न्यूनतम पहुंचे। रसोई गैस की कोई परेशानी आम आदमी को कतई न होने पाए इसका व्यापक प्रबंध किया गया है।

> कई देशों को आपूर्ति संकट और कीमतों के झटके झेलने पड़े हैं, लेकिन भारत ने समय रहते अपने आयात स्रोतों और आपूर्ति श्रृंखला को पुनर्संतुलित किया।

पीएम मोदी ने गत दिनों कहा भी था कि भारत में एलपीजी की स्थिति को लेकर दहशत फैलाने वालों से देशवासियों को सतर्क रहना चाहिए। झूठी सूचना फैलाने वाले न केवल जनता के सामने अपनी पोल खोल रहे हैं, बल्कि देश को भी नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य सरकारों से अनुरोध किया है कि वे ऐसे समय में कालाबाजारियों और जमाखोरों को रोकने के लिए अपनी निगरानी सख्त कर दें। इसी बीच सरकार की ओर से घोषणा की गई है कि राज्यों को एलपीजी के विकल्प के रूप में 48 हजार किलोलीटर अतिरिक्त केरोसिन आवंटित कर दिया गया है। शहरी क्षेत्रों के लिए दो एलपीजी सिलेंडर बुक करने के बीच की अंतरिम अवधि 25 दिन ही रहेगी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इसे बढ़ाकर 45 दिन कर दिया गया है। एलपीजी के मोर्चे पर स्थिति सबसे चुनौतीपूर्ण रही, क्योंकि भारत अपनी बड़ी आवश्यकता आयात से पूरी करता है। फिर भी सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी, औद्योगिक उपयोग में अस्थायी कटौती की और वैकल्पिक आयात बढ़ाकर आपूर्ति संतुलित रखी। मूल्य स्थिरता से आम उपभोक्ता को राहत दी गई है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद भारत में कीमतों को नियंत्रित रखने का प्रयास किया गया। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाया, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ा। पीएम मोदी ने बार-बार स्पष्ट किया है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है।

इसी दृष्टिकोण के तहत भारत ने तीन प्रमुख स्तंभों पर काम किया। पहला, आपूर्ति का विविधीकरण, दूसरा रणनीतिक भंडारण तथा तीसरा वैकल्पिक ऊर्जा इथेनॉल व गैस आधारित वैकल्पिक ऊर्जा की व्यवस्था। जब दुनिया के कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, भारत ने संतुलित नीति, समयबद्ध निर्णय और मजबूत प्रशासनिक समन्वय के जरिए स्थिति को संभाला है। उक्त उदाहरण दर्शाते हैं कि यदि नेतृत्व स्पष्ट हो, नीति दूरदर्शी हो और निर्णय समय पर लिए जाएं, तो सबसे बड़ी वैश्विक चुनौतियों को भी प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने यह सिद्ध किया है कि संकट के समय भी आम नागरिक का हित सर्वोच्च प्राथमिकता रह सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# युद्ध का परिणाम

युद्ध जीवन और प्रकृति का विनाश कर रहा है, चारों ओर आग की लपटें और धुआं हैं, चारों ओर हाहाकार हो रहा है, लेकिन तृष्णा का अंत अभी भी नहीं दिख रहा है, संसार के नेता टुकुर-टुकुर देख रहे हैं, विश्वजनमत सो रहा है, संयुक्त राष्ट्र की भावना मूर्च्छित है। सभ्यता हार रही है और बर्बरता जीत रही है। विवेक सो रहा है और अविवेक का नशा सिर पर चढ़ गया है। महायुद्ध नहीं है, किंतु जो विध्वंस प्रतिदिन हो रहा है, वह कुछ कम नहीं है। यह कहीं पर से भी विश्व के कल्याण के लिए सही नहीं ठहराया जा सकता है।



डॉ. राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी
वरिष्ठ लेखक

यह सब जो हो रहा है, वह एकाएक नहीं हो रहा है, इसका कारण संसार की वह राजनीति है, जो अभी तक अंदर ही अंदर चल रही थी और अभी भी चल रही है, यह अंदर ही अंदर सुलगने वाली उस राजनीति का विस्फोट है। भले ही वह मजहबी उन्माद की राजनीति हो या आर्थिक साम्राज्यवाद की राजनीति हो। मजहबी आतंक कट्टरता और संकीर्णता की संतान है, तो बाजारवाद, आर्थिक साम्राज्यवाद का आतंक तृष्णा और प्रभुता का विस्फोट है, वह इंसान और प्रकृति दोनों एको कच्चा माल समझता है। अभिमान का कैसा मद है कि वह कह रहा है कि इस देश का नाम दुनिया के नक्शे से मिटा देंगे। पर्यावरण प्रदूषण का संकट इसी अविवेक और जड़ता का परिणाम है, जिसकी वजह से जलवायु परिवर्तन देखने को मिल रहा है। राजनीति का पतन हुआ है कि वह दायरों को देख रही है, किंतु मनुष्य को नहीं देख पा रही है। दुष्ट प्रकृति के लोग युद्ध में भी व्यक्तिगत स्वार्थ या लाभ देख रहे हैं। वे लोग युद्ध से भी मुनाफा कमाएंगे। यदि ऐसा न होता, तो शायद युद्ध ही न होता और यदि युद्ध होता, तो अब तक युद्ध के विरुद्ध जनमत खड़ा हो जाता।

यह सही है कि तकनीकी और विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है, मौसम की सटीक भविष्यवाणी प्रतिदिन आ जाती है, अब कोई तकनीकी और विज्ञान संसार के राजनेताओं को इस युद्ध का परिणाम समझा सके तो बहुत अच्छी बात होगी। युद्ध में हारने वाला तो हारेगा ही, जीतने वाला भी हारेगा, किंतु सबसे बड़ी हार तो मनुष्य और मनुष्यता की होगी। सामान्य जन की जिंदगी और अधिक कठिन हो जाएगी।

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# वैश्विक शक्ति के रूप में उभरता ईरान

अमेरिका और इजराइल के ईरान के विरुद्ध जारी युद्ध को 24 दिन पूरे हो चुके हैं। जैसे-जैसे यह संघर्ष आगे बढ़ रहा है, ईरान की शक्ति के विविध आयाम स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। इस जंग में ईरान कूटनीतिक, सैनिक, भू-राजनीतिक तथा तकनीकी स्तर पर अमेरिका और इजराइल की अपेक्षाओं के विपरीत अधिक प्रभावशाली दिखाई दे रहा है। अमेरिकी हवाई हमलों और बमबारी के जवाब में ईरान ने पूरे मध्य-पूर्व में अमेरिकी ठिकानों, तेल-गैस रिफाइनरियों और आधारभूत ढांचे को निशाना बनाया है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर व्यापक असर पड़ा है।

ईरान की आक्रामक सैन्य और मिसाइल क्षमता यह संकेत देती है कि उसके पास अत्याधुनिक हथियारों का भंडार और उन्नत तकनीक मौजूद है। उसकी मिसाइलों की मारक क्षमता लगातार बढ़ती दिख रही है। तेहरान से हजारों किलोमीटर दूर तक हमले की क्षमता प्रदर्शित कर उसने यह स्पष्ट किया है कि उसकी पहुंच यूरोप तक हो सकती है। यह केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को चुनौती देने का संकेत भी है। रणनीतिक दृष्टि से होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान का सबसे बड़ा हथियार बनकर उभरा है। इस मार्ग पर उसकी पकड़ ने विश्व शक्तियों को यह अहसास कराया है कि ऊर्जा आपूर्ति के प्रमुख मार्गों पर नियंत्रण कितना निर्णायक हो सकता है। तेल और गैस के परिवहन में बाधा आने से अनेक देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है और इसका असर आम नागरिकों के दैनिक जीवन तक पहुंच रहा है।



बीना नयाल
शिक्षिका, हल्द्वानी

यह संघर्ष भले ही ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच है, लेकिन इसकी तपिश पूरी दुनिया महसूस कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और विभिन्न देशों के रुख से भी यह स्पष्ट है कि वे प्रत्यक्ष रूप से युद्ध में शामिल होने से बचना चाहते हैं। कई राष्ट्र मध्यस्थता की भूमिका निभाने के लिए सक्रिय हैं, क्योंकि उनका प्राथमिक उद्देश्य ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। युद्ध के चलते ईरान अब एक मजबूत सौदेबाजी की स्थिति में पहुंचता दिखाई दे रहा है। उस पर लगे आर्थिक और सैन्य प्रतिबंधों को हटाने की दिशा में परिस्थितियां उसके पक्ष में बन रही हैं। साथ ही, तेल व्यापार को वैकल्पिक मुद्राओं में करने की उसकी रणनीति वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, विशेषकर डॉलर के वर्चस्व को चुनौती देती है। इससे अमेरिका की आर्थिक और कूटनीतिक स्थिति पर दबाव बढ़ सकता है। इस युद्ध ने यह भी दिखाया है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों का नहीं, बल्कि आर्थिक, तकनीकी और मनोवैज्ञानिक शक्ति का भी होता है। लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है और कई देशों की विकास यात्रा को पीछे धकेल सकता है। वर्तमान परिस्थितियों में दोनों पक्षों का कठोर रुख युद्धविराम की संभावनाओं को जटिल बना रहा है। स्थिति यदि और बिगड़ती है, तो यह संघर्ष व्यापक और विनाशकारी रूप ले सकता है। ऐसे में केवल वही देश प्रभावी मध्यस्थ बन सकते हैं, जिनकी विदेश नीति संतुलित, विश्वसनीय और शांति पर आधारित रही है। यह युद्ध केवल भू-राजनीतिक वर्चस्व का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान, रणनीतिक हितों और वैश्विक संतुलन का प्रश्न बन चुका है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला, तो इसके परिणाम दूरगामी और अत्यंत गंभीर हो सकते हैं।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

बरेली की आध्यात्मिक पहचान जिन कुछ प्राचीन तीर्थस्थलों से निर्मित होती है, उनमें धोपेश्वर नाथ मंदिर का स्थान अत्यंत विशिष्ट, प्राचीन और श्रद्धा से परिपूर्ण है। यह केवल एक शिव मंदिर नहीं, बल्कि समय, साधना, लोकआस्था, इतिहास और सांस्कृतिक निरंतरता का जीवंत केंद्र है। इस मंदिर के प्रांगण में प्रवेश करते ही एक ऐसा अनुभव होता है मानो अनेक शताब्दियों की आराधना आज भी वातावरण में स्पंदित हो रही हों। मंदिर की घंटियों की ध्वनि, शिवलिंग पर निरंतर चढ़ता जल, धूप की सुगंध, प्राचीन वृक्षों की छाया और भक्तों की मौन प्रार्थनाएं इस स्थल को एक अद्वितीय दिव्यता प्रदान करती हैं। धोपेश्वर नाथ केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि बरेली की आत्मा में बसने वाला वह आध्यात्मिक केंद्र है, जहां पीढ़ियां अपनी आशा, आस्था और भावनाएं समर्पित करती रही हैं।



डॉ. तनु जैन
सीईओ, बरेली छावनी



## मंदिर से जुड़ी कथा

धोपेश्वर नाथ मंदिर से जुड़ी एक अत्यंत भावनात्मक कथा केदार नाथ टंडन की भी है, जो आज भी भक्तों में श्रद्धा से सुनाई जाती है। वे एक साधारण मुनीम थे, जो प्रतिदिन मंदिर आकर भगवान शिव के समक्ष अपनी जीवन की कठिनाइयां रखते थे। एक दिन एक संत ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि उनकी भक्ति शीघ्र ही उन्हें सामान्य जीवन से उठाकर समृद्धि के उच्च स्तर पर ले जाएगी। कुछ समय बाद उन्हें असम जाकर व्यापार प्रारंभ करने का अवसर मिला। वहां वे अत्यंत सफल हुए, किंतु समृद्धि के बीच भी उनका मन धोपेश्वर नाथ से जुड़ा रहा। वे प्रत्येक श्रावण मास में बरेली आकर दर्शन करते, दान देते, भंडारा कराते और अंतत: असम में भी धोपेश्वर नाथ नाम से शिवलिंग स्थापित कर मंदिर बनवाया। यह कथा आज भी इस मंदिर को "जीवन बदलने वाली कृपा" के रूप में प्रतिष्ठित करती है।

# धोपेश्वर नाथ मंदिर

## ऐतिहासिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संगम




## जीवित विश्वास का मंदिर

वर्तमान समय में स्थानीय प्रशासनिक दृष्टि से भी इस क्षेत्र के प्रति संवेदनशीलता बढ़ी है। डॉ. तनु जैन, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बरेली छावनी, द्वारा आसपास के सांस्कृतिक और विरासत-संबद्ध स्थलों को गरिमा और स्वच्छता के साथ विकसित करने की दृष्टि इस व्यापक विरासत चेतना से जुड़ती है। यह समझ अत्यंत महत्वपूर्ण है कि किसी मंदिर की पवित्रता केवल उसके गर्भगृह तक सीमित नहीं होती, उसके आसपास का वातावरण, स्वच्छता, हरियाली और सार्वजनिक गरिमा भी उसकी आध्यात्मिक अनुभूति को गहरा करती है। धोपेश्वर नाथ मंदिर आज केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान की जीवंत आस्था और भविष्य की सांस्कृतिक दिशा है। यहां द्रौपदी की मौन प्रार्थना की कल्पना है, ऋषियों की तपस्या है, नाथ संतों की साधना है, साधारण भक्तों की बदली हुई नियति है, प्राचीन मूर्तियों की मौन गवाही है और आधुनिक समय की नई आध्यात्मिक पुनर्स्थापना की संभावना है। जब कोई भक्त शिवलिंग के सामने खड़ा होकर जल अर्पित करता है, तब वह केवल पूजा नहीं करता- वह स्वयं को शताब्दियों पुरानी उस आस्था से जोड़ देता है, जो पीढ़ियों से यहां प्रवाहित हो रही है। यही धोपेश्वर नाथ की सबसे बड़ी शक्ति है। यह मंदिर केवल पत्थरों का नहीं, बल्कि जीवित विश्वास का मंदिर है।



### पांचाल भूभाग का हिस्सा

स्थानीय परंपराओं और जनश्रुतियों के अनुसार इस मंदिर की पौराणिक जड़ें प्राचीन पांचाल राज्य से जुड़ी मानी जाती हैं। यह संपूर्ण क्षेत्र महाभारत कालीन पांचाल भूभाग का हिस्सा माना जाता है, जहां राजा द्रुपद का राज्य था और जहां से उनकी पुत्री द्रौपदी का गौरवशाली इतिहास जुड़ता है। लोकमान्यता है कि अपने जीवन के संघर्षपूर्ण समय में द्रौपदी ने इस क्षेत्र में स्थित शिवस्थलों पर भगवान शिव की उपासना की थी और धोपेश्वर नाथ में जल, पुष्प और श्रद्धा अर्पित कर अपने जीवन के लिए शक्ति, संरक्षण और न्याय की प्रार्थना की थी। यह कथा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि स्त्री-शक्ति, धैर्य और आंतरिक सामर्थ्य का प्रतीक भी बन चुकी है। आज भी अनेक महिलाएं यहां आकर यह अनुभव करती हैं कि द्रौपदी की भांति यहां की प्रार्थना जीवन को संबल देती है। धोपेश्वर नाथ इस दृष्टि से वह स्थल बन जाता है, जहां शिव केवल देवता नहीं, बल्कि पीड़ा को सुनने वाले करुणामय साक्षी बन जाते हैं।

### नाथ परंपरा

मंदिर की प्राचीनता को स्थानीय स्तर पर प्राप्त कुछ पुरातात्विक संकेत भी पुष्ट करते हैं। मंदिर परिसर और उसके आसपास समय-समय पर प्राचीन शिलाखंड, पुरानी मूर्तियों के अवशेष तथा पत्थर पर उत्कीर्ण आकृतियां प्राप्त होने की बातें स्थानीय लोगों द्वारा कही जाती रही हैं। इन अवशेषों की शैली यह संकेत देती है कि यह क्षेत्र संभवत: किसी प्राचीन मंदिर समूह अथवा आध्यात्मिक संरचना का भाग रहा होगा। यद्यपि इस क्षेत्र में व्यापक वैज्ञानिक उत्खनन सीमित है तथापि स्थानीय स्मृतियों में सुरक्षित ये पुरातात्विक चिह्न यह बताते हैं कि धोपेश्वर नाथ की आराधना केवल कुछ पीढ़ियों पुरानी नहीं, बल्कि अनेक कालखंडों को पार करती हुई वर्तमान तक पहुंची है। धोपेश्वर नाथ का महत्व केवल पौराणिक नहीं, बल्कि नाथ परंपरा के कारण भी अत्यंत विशिष्ट है। बरेली क्षेत्र लंबे समय से साधना, योग और तपस्या की भूमि माना जाता रहा है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार यहां धूम्र ऋषि जैसे महात्माओं ने तप किया और बाद में उनके शिष्यों ने इस क्षेत्र को साधना-केंद्र के रूप में विकसित किया। जहां आज आर. एन. टैगोर इंटर कॉलेज स्थित है, उस क्षेत्र को भी कभी ऋषियों की तपोभूमि माना जाता है। कहा जाता है कि यहां आश्रम थे, जहां दूर-दूर से विद्यार्थी शिक्षा और अनुशासन ग्रहण करने आते थे। साधना और शिक्षा का यह अद्भुत संगम इस क्षेत्र को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाता है।



### बाबा हरदेव तालाब

स्थानीय परंपरा में बाबा हरिहर देव का उल्लेख विशेष श्रद्धा से किया जाता है। कहा जाता है कि उन्होंने अपने गुरु की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यहां एक विशाल आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। विद्यार्थियों के लिए तालाब बनवाया गया, जिसके चारों ओर 108 पीपल के वृक्ष लगाए गए। यह तालाब आज भी बाबा हरदेव तालाब के रूप में स्मृतियों में जीवित है। इसके आसपास आम, अमरूद, कटहल, जामुन, अंजीर, केला आदि के वृक्ष लगाए गए, जिससे यह क्षेत्र प्रकृति और आध्यात्मिकता का सुंदर संगम बन गया। यह बताता है कि यहां केवल पूजा नहीं होती थी, बल्कि जीवन को संतुलित, अनुशासित और आत्मनिर्भर बनाने की व्यवस्था भी थी।

### नाथ नगरी कॉरिडोर

वर्तमान समय में धोपेश्वर नाथ मंदिर बरेली के सबसे सक्रिय आध्यात्मिक केंद्रों में से एक है। महाशिवरात्रि और श्रावण मास में यहां विशाल जनसमूह उमड़ता है। भक्त दूर-दूर से गंगाजल लेकर आते हैं। मंदिर परिसर में "हर हर महादेव" की गूंज, शिव स्तुति, रुद्राभिषेक और भक्ति का प्रवाह वातावरण को अत्यंत दिव्य बना देता है। अनेक परिवार पीढ़ियों से यहां आकर अपने बच्चों को भी इस परंपरा से जोड़ते हैं। हाल के वर्षों में मंदिर का महत्व और अधिक बढ़ा है, क्योंकि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अनेक प्राचीन धार्मिक स्थलों को समग्र विकास से जोड़ने का प्रयास हुआ है। इसी क्रम में बरेली के लिए नाथ नगरी कॉरिडोर की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण बनकर उभरी है। इस कॉरिडोर का उद्देश्य केवल मंदिर तक पहुंच बनाना नहीं, बल्कि नाथ परंपरा से जुड़े प्रमुख स्थलों, मंदिरों, प्राचीन तालाबों, मार्गों और सांस्कृतिक बिंदुओं को एक समग्र आध्यात्मिक धारा में जोड़ना है। नाथ नगरी कॉरिडोर के अंतर्गत धोपेश्वर नाथ मंदिर का विशेष स्थान माना जा रहा है, क्योंकि यह बरेली की प्राचीन शिव परंपरा का केंद्रीय स्थल है। यदि यह परियोजना पूर्ण रूप से विकसित होती है, तो मंदिर क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, पारंपरिक शैली की प्रकाश व्यवस्था, तीर्थयात्री सुविधाएं, विरासत-उन्मुख मार्ग, सांस्कृतिक सूचना पट्ट और पर्यावरणीय संरक्षण जैसे अनेक कार्य संभव होंगे। इससे बरेली की आध्यात्मिक पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और सशक्त होगी।




---

**पौराणिक कथा**

## श्रीकृष्ण के प्रेम में दीवानी मीराबाई

भारत का राजस्थान प्रांत वीरों की खान कहा जाता है, पर इस भूमि को श्रीकृष्ण के प्रेम में अपना तन-मन और राजमहलों के सुखों को ठोकर मारने वाली मीराबाई ने भी अपनी चरण रज से पवित्र किया है। हिन्दी साहित्य में रसपूर्ण भजनों को जन्म देने का श्रेय मीरा को ही है। साधुओं की संगत और एकतारा बजाते हुए भजन गाना ही उनकी साधना थी। मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई.. गाकर मीरा ने स्वयं को अमर कर लिया। मीरा का जन्म मेड़ता के राव रत्नसिंह के घर 23 मार्च, 1498 को हुआ था। जब मीरा तीन साल की थी, तब उनके पिता का और दस साल की होने पर माता का देहांत हो गया। जब मीरा बहुत छोटी थी, तो एक विवाह के अवसर पर उसने अपनी मां से पूछा कि मेरा पति कौन है? माता ने हंसी में श्रीकृष्ण की प्रतिमा की ओर इशारा कर कहा कि यही तेरे पति हैं। भोली मीरा ने इसे ही सच मानकर श्रीकृष्ण को अपने मन-मंदिर में बैठा लिया।





सुरेश बाबू मिश्रा
साहित्य भूषण, बरेली

माता और पिता की छत्रछाया सिर पर से उठ जाने के बाद मीरा अपने दादा राव दूदाजी के पास रहने लगीं। उनकी आयु की बालिकाएं जब खेलती थीं, तब मीरा श्रीकृष्ण की प्रतिमा के सम्मुख बैठी उनसे बात करती रहती थी। कुछ समय बाद उसके दादा जी भी स्वर्गवासी हो गए। अब राव वीरमदेव गद्दी पर बैठे। उन्होंने मीरा का विवाह चित्तौड़ के प्रतापी राजा राणा सांगा के बड़े पुत्र भोजराज से कर दिया। इस प्रकार मीरा ससुराल आ गई, पर अपने साथ वह अपने इष्टदेव श्रीकृष्ण की प्रतिमा लाना नहीं भूली। मीरा की श्रीकृष्ण भक्ति और वैवाहिक जीवन सुखपूर्वक बीत रहा था। राजा भोज भी प्रसन्न थे, पर दुर्भाग्यवश विवाह के दस साल बाद राजा भोजराज का देहांत हो गया। अब तो मीरा पूरी तरह श्रीकृष्ण को समर्पित हो गईं। उनकी भक्ति की चर्चा सर्वत्र फैल गई। दूर-दूर से लोग उनके दर्शन को आने लगे। पैरों में घुंघरू बांध कर नाचते हुए मीरा प्राय: अपनी सुधबुध खो देती थीं। मीरा की सास, ननद और राणा विक्रमाजीत को यह पसंद नहीं था। राज-परिवार की पुत्रवधू इस प्रकार बेसुध होकर आम लोगों के बीच नाचे और गाए, यह उनकी प्रतिष्ठा के विरुद्ध था। उन्होंने मीरा को समझाने का प्रयास किया, पर वह तो सांसारिक मान-सम्मान से ऊपर उठ चुकी थीं। उनकी गतिविधियों में कोई अंतर नहीं आया। अंतत: राणा ने उनके लिए विष का प्याला श्रीकृष्ण का प्रसाद कहकर भेजा। मीरा ने उसे पी लिया, पर सब हैरान रह गए, जब उसका मीरा पर कुछ असर नहीं हुआ। राणा का क्रोध और बढ़ गया। उन्होंने एक काला नाग पिटारी में रखकर मीरा के पास भेजा, पर वह नाग भी फूलों की माला बन गया। अब मीरा समझ गई कि उन्हें मेवाड़ छोड़ देना चाहिए। अत: वह पहले मथुरा-वृंदावन और फिर द्वारका आ गईं। इसके बाद चित्तौड़ पर अनेक विपत्तियां आईं। राणा के हाथ से राजपाट निकल गया और युद्ध में उनकी मृत्यु हो गई।

यह देखकर मेवाड़ के लोग उन्हें वापस लाने के लिए द्वारका गए। मीरा आना तो नहीं चाहती थी, पर जनता का आग्रह वे टाल नहीं सकीं। वे विदा लेने के लिए रणछोड़ मंदिर में गईं, पर पूजा में वे इतनी तल्लीन हो गईं कि वहीं उनका शरीर छूट गया। इस प्रकार 1573 ई. में द्वारका में ही श्रीकृष्ण की दीवानी मीरा ने अपनी देहलीला समाप्त की।

---

## मां नंदादेवी भक्तों को सपने में देती हैं दर्शन

अल्मोड़ा में स्थित मां नंदा देवी का पावन मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। यहां स्थापित मां नंदा देवी को शैलपुत्री का रूप माना जाता है। अल्मोड़ा की नंदा देवी चंद वंश राजाओं की कुलदेवी हैं, जो आज भी अपने भक्तों को सपने में दर्शन देती हैं और उनकी मनोकामना पूरी करती हैं। पुजारी तारा दत्त जोशी बताते हैं कि यह मंदिर प्राचीन काल का है और माता की मूर्ति की स्थापना इस प्रांगण में करीब 200 साल पहले की गई थी। इससे पहले नंदा देवी को मल्ला महल में पूजा जाता था। उसके बाद इस प्रांगण में माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तब से लेकर आज तक यहां माता की पूजा-अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में हर महीने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के द्वारा यह भी कहा जाता है कि माता ने उन्हें सपने में आकर दर्शन दिए, जिसके बाद वह इस मंदिर तक पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि चंद वंशज राज परिवार मां नंदादेवी को अपनी कुल देवी के रूप में पूजन करते है।

*-रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा*

### 200 अशर्फियों को गलाकर हुई मंदिर की स्थापना

नंदादेवी मंदिर समिति संयोजक अर्जुन बिष्ट ने बताया कि 1670 में बाज बहादुर चंद बधानगढ़ से नंदादेवी की स्वर्ण प्रतिमा अल्मोड़ा लाए थे। 1699 में राजा ज्ञानचंद भी बधानकोट से एक स्वर्ण प्रतिमा अल्मोड़ा लाए। 1710 में राजा जगत चंद को बधानकोट विजय के अवसर पर नंदादेवी की प्रतिमा प्राप्त नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने अपने खजाने से 200 अशर्फियों को गलाकर नंदादेवी की प्रतिमा का निर्माण कराया और इन्हें मल्ला महल स्थित नंदादेवी मंदिर में प्रतिष्ठित कराया। जिस परिसर में वर्तमान नंदादेवी मंदिर स्थित है, वहां पर 1690-91 में तत्कालीन नरेश उद्योत चंद ने दो शिव मंदिर उद्योत चंद्रेश्वर और पार्वती चंद्रेश्वर बनाए। अंग्रेजी शासनकाल में 1815 में तत्कालीन कमिश्नर ट्रेल ने उन्हें उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर में रखवा दिया। इसके बाद कमिश्नर ट्रेल उनकी आंखों की रोशनी अचानक काफी कम हो गई। कुछ लोगों की सलाह पर उन्होंने अल्मोड़ा आकर 1816 में नंदादेवी का मंदिर बनवाकर (वर्तमान मंदिर) वहां नंदादेवी की मूर्ति स्थापित कराई। उसके बाद उनके आंखों की रोशनी लौट आई।



### मंदिरों में खजुराहो कलाकृति

नंदादेवी मंदिर अल्मोड़ा की मंदिर की निर्माण शैली भी काफी पुरानी है। यहां उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर की स्थापना 17 वीं शताब्दी के अंत में मानी जाती है। उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर के ऊपरी हिस्से में एक लकड़ी का छज्जा है। मंदिर में बनी कलाकृति खजुराहो मंदिरों की तर्ज पर है। ये मंदिर संरक्षित श्रेणी में शामिल हैं।



### चंद वंशज करते हैं तांत्रिक पूजा


अल्मोड़ा में मां नंदा की पूजा-अर्चना तारा शक्ति के रूप में तांत्रिक विधि से करने की परंपरा है। पहले से ही विशेष तांत्रिक पूजा चंद शासक व उनके परिवार के सदस्य करते आए हैं। वर्तमान में चंद वंशज नैनीताल के पूर्व सांसद स्व. केसी सिंह बाबा का परिवार राजा के रूप में पूजा में बैठते हैं।

---

**बोधकथा**

## लालच का अंत

एक समय की बात है, एक छोटे से गांव में रामू नाम का किसान रहता था। वह बहुत मेहनती था, लेकिन उसकी एक बुरी आदत थी-उसे हमेशा और अधिक पाने की लालसा रहती थी, जो उसके पास था, उससे वह कभी संतुष्ट नहीं होता था। एक दिन खेत में काम करते हुए उसे जमीन के अंदर एक चमकती हुई सोने की मूर्ति मिली।



रामू की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने सोचा, "अब तो मेरी किस्मत बदल गई।" वह मूर्ति को घर ले आया और उसे बेचकर बहुत सारा धन कमा लिया। अब उसके पास अच्छे कपड़े, बड़ा घर और ढेर सारी सुविधाएं थीं, लेकिन कुछ ही दिनों में उसका मन फिर असंतुष्ट हो गया। उसने सोचा, "अगर मुझे एक मूर्ति मिल सकती है, तो और भी मिल सकती हैं।" लालच में आकर वह रोज अपने खेत की खुदाई करने लगा। वह खेती पर ध्यान देना भूल गया।

दिन बीतते गए, खेत बर्बाद हो गया, फसल नष्ट हो गई और घर का खर्च भी बढ़ता गया, जो पैसा उसने मूर्ति से कमाया था, वह धीरे-धीरे खत्म होने लगा। अब रामू के पास न खेत बचा, न पैसा। एक दिन वह थककर बैठ गया और सोचने लगा, "मैंने क्या खो दिया?" तभी उसके गांव का एक बुजुर्ग उसके पास आया और बोला, "रामू, प्रकृति ने तुम्हें मेहनत से कमाने का रास्ता दिया था, लेकिन तुमने लालच में आकर उसे छोड़ दिया।" रामू को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने फिर से अपने खेत को संवारना शुरू किया, मेहनत की और धीरे-धीरे उसकी हालत सुधरने लगी। अब उसने तय कर लिया कि वह जो मिलेगा, उसमें संतोष रखेगा और मेहनत से ही आगे बढ़ेगा। कथा से सीख मिलती है कि लालच इंसान को उसके मूल रास्ते से भटका देता है। सच्ची सफलता मेहनत और संतोष में ही छिपी होती है।

---

## मर्यादा, करुणा और आदर्श के शाश्वत प्रतीक श्रीराम

गोस्वामी जी ने लिखा है- विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार। उल्लेख मिलता है कि इक्ष्वाकु वंशीय, अयोध्या के चक्रवर्ती राजा दशरथ ने चौथेपन में पुत्र-प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ किया, जिसके फलस्वरूप श्रीहरि के सातवें अवतार के रूप में श्रीरामचंद्र उनको पुत्र-रूप में प्राप्त हुए। एक मां के ममत्व की दृष्टि से रानी कौशल्या ने प्रगट हुए श्रीहरि के विशायकाय रूप को देखकर अनुरोध किया कि आप मेरे गर्भ से जन्म लेकर शिशु-लीला कीजिए। मेरे वात्सल्य-स्नेह की पूर्णता तो आपके बालरूप में ही प्राप्त होगी। इस संदर्भ में कौशल्या सहित अन्य समस्त नारी समाज के लिए भी यह अवसर उसके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और सार्थकता प्रदान करने वाला होता है, जब वह मां बनती हैं। तदनंतर श्रीहरि कौशल्या के गोद में नवजात शिशु की भांति चैत्र मास के शुक्ल पक्ष, तिथि नवमी, पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न की शुभ मुहूर्तबेला में जन्म लेते हैं। यही दिन चैत्र नवरात्रि के पवित्र दिवस (नवमी) शक्ति उपासना-आराधना के विराम का भी होता है।



रामकथा में वनवास- प्रसंग को मूलतः संसारी जीवों के अनेक उतार-चढ़ाव, उथल-पुथल और झंझावातों के बीच से संतुलन बनाकर निकलने के सांकेतिक निष्कर्ष के रूप में ही ग्रहण करना चाहिए, जिसे प्रभु राम भरपूर, सानंद जीते हैं तथा 14 वर्ष के दीर्घ अंतराल तक तापस-वेष में जंगल-जंगल घूमने वाले श्रीराम स्वयं में इस यथार्थ के प्रतीक हैं कि अपने-अपने हिस्से का वनवास तो सबको स्वयं ही काटना पड़ेगा। अपने हालात पर किसी को दोष न देना और सत्साहस से उसका मुकाबला करते हुए परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेने का सबक उन्हीं से सीखना चाहिए। कंटकाकीर्ण पथ पर आम और खास सब एक समान हैं। अपने कर्म व प्रारब्ध की गति पर पर सभी को तैयार रहना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो।

रामजी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण व ग्रहणीय पक्ष यही है कि आप जीवन को दीन-दुखियों, जरूरतमंदों और हाशिये पर जी रहे लाखों लोगों के लिए प्रेरक कैसे बन सकते हैं। उनको मुख्यधारा में लाकर सम्मानित जीवन का उजाला कैसे प्रदान कर सकते हैं। श्रीराम ने चौदह वर्ष के जंगल-प्रवास को इसी संकल्प के साथ जिया। चाहे वह केवटराज को अपने स्नेह से अत्यंत प्रिय बना लेना हो, चाहे जनम-जनम से हरिदर्शन की भूखी एकनिष्ठ स्नेही-शबरी की कुटिया में जाकर उनके जूठे बैर खाना हो या वानर जाति, जो एक से दूसरी शाखा पर उछलकूद करके जीवन गुजार देते हैं, उनसे मैत्री कर भार्या सीता की खोज व प्राप्ति का पूरा श्रेय उन्हें देने का हो। श्रीराम की यह भिन्न-भिन्न गुण, धर्म, जाति व संस्कृति के साथ सर्वग्राहकता अद्भुत और अनूठी है। राजा न होते हुए भी उन्होंने सबको एक मंच पर अन्याय के विरुद्ध एकत्र कर लिया। लंकाधिपति को अयोध्या या अन्य राजाओं की सैन्य मदद से भी परास्त किया जा सकता था, परंतु राम जी ने ऐसा नहीं किया। कारण स्पष्ट है उन्होंने बिखरी हुई जनशक्ति को सही दिशा दी। महाबली के घमंड को माटी में मिलाना गुणनिधान के उसी चिंतन का प्रतिफल है। राम रथविहीन हैं, वानरों की सेना के सहारे, तापस वेषधारी हैं, सैन्य साजोसामान से वंचित हैं, किंतु स्त्री-अस्मिता की लड़ाई के लिए जो साहस और इरादे की जरूरत होती है, उनमें भरी हुई है। संपूर्ण रामकथा को पढ़ाते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि वे अंतिम समय तक युद्ध को टालते के विकल्पों पर विचार विमर्श करते रहे। आज पूरी दुनिया युद्ध के मुहाने पर खड़ी है, चंद सिरफिरों के अहंकार और वर्चस्व की आग में खाड़ी के कई देश जल रहे हैं। ऐसे में राम का चरित्र, राम का आचरण और उनकी महानता से अहंकारी और लालची देशों को सबक लेना चाहिए कि उन्होंने जो अपनी ताकत इकट्ठा कर रखी है, वह दूसरे को भयभीत करने में नहीं, परस्पर सहयोग वह सामंजस्य में ही उसका सदुपयोग करें। हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम राजाओं-महाराजाओं के ऐश्वर्यवादी जीवन से दूर केवल एक पत्नीव्रती हैं। पत्नी को सुरक्षित कैद से मुक्ति दिलाने हेतु रावण के एक लाख पूत सवा लाख नाती, ता रावन घर दिया न बाती की कहावत को उन्होंने चरितार्थ किया। सत्य की इसी स्थापना की पूर्ति के लिए ही तो उनका अवतार हुआ था। वे तभी तो जन-जन के प्रिय और आदर्श बन गए। जानकी के कंठाभूषण और प्रजापालक ऐसे कि प्रजा के सवाल खड़ा करने पर बिना देर किए उसी प्राणबल्लभा जानकी को त्यागने मे तत्पर हो गए। यह किसी और राजा-महाराजा के वश की बात नहीं, प्रजा को प्राणों की तरह मानने वाले प्रभु राम प्राण-प्यारी माता सीता को भी निर्वासन देने में नहीं हिचके। वस्तुतः आज के समय में जो अपनी प्रजा (जनमानस) की आर्त-पुकार अनसुना कर दे, उसे श्रीराम को हृदयंगम करना चाहिए।



संतोष कुमार तिवारी
नैनीताल



| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,696.39 | 22,512.65 |
| गिरावट | 1,836.57 | 601.85 |
| प्रतिशत में | 2.46 | 2.60 |

सोना 1,43,600 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,30,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार, 24 मार्च 2026
www.amritvichar.com



# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुका है ईरान युद्ध: आईईए

## अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख बिरोल ने कहा- कोई देश इसके प्रभाव से नहीं बचेगा अछूता

वेलिंगटन, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख फातिह बिरोल ने सोमवार को कहा कि ईरान युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने बहुत बड़ा खतरा खड़ा हो गया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में नेशनल प्रेस क्लब को संबोधित करते हुए कहा, अगर यह संकट यूं ही आगे बढ़ता रहा तो कोई भी देश इसके प्रभाव से अछूता नहीं रहेगा।

बिरोल ने कहा कि पश्चिम एशिया का यह संकट 1970 के दशक के दो तेल संकटों और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान गैस बाजारों पर पड़े प्रभाव से भी अधिक गंभीर असर डाल रहा है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब तेहरान पर सोमवार तड़के इजराइल ने हमलों की बौछार शुरू की। इस बीच, एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य कमांडर ने ईरान के लोगों से फिलहाल शरणस्थलों में रहने को कहा है जबकि ईरान ने अपने खाड़ी पड़ोसी देशों पर हमले तेज कर दिए हैं और उनके बिजली संयंत्रों को निशाना बनाने की धमकी दी है। बिरोल ने बताया कि इस पूरे क्षेत्र में नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठान गंभीर या बेहद गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह यूरोप और एशिया की सरकारों के साथ तेल भंडार को मुहैया करने की संभावना पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम बाजार की स्थिति पर नजर रखेंगे। अगर आवश्यकता पड़ी, तो हम निश्चित रूप से कदम उठाएंगे, लेकिन पहले हम हालात का विश्लेषण करेंगे और सदस्य देशों के साथ चर्चा करेंगे।



**नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठान गंभीर या बेहद गंभीर रूप से हो चुके हैं क्षतिग्रस्त**

### महाराष्ट्र: रेस्तरांओं को पीएनजी आपूर्ति बढ़ी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी की आपूर्ति 20 प्रतिशत बढ़ा दी गई है। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि इससे रेस्तरां एवं भोजनालयों को राहत मिलेगी। मंत्री ने रविवार को कहा कि 23 मार्च से अगले आदेश तक व्यावसायिक पीएनजी आपूर्ति 20 प्रतिशत बढ़ने के साथ यह आपूर्ति 50 प्रतिशत हो जाएगी।

## भारतीय ध्वज वाले दो और जहाज होर्मुज पार करके भारत हुए रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर फारस की खाड़ी से निकलकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर चुके हैं और भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। जहाज निगरानी से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत सोमवार दोपहर को ईरान के लारक और क्वेशम द्वीपों के बीच के जलक्षेत्र के पास थे। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय झंडे वाले जहाज में शामिल हैं जो पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से फारस की खाड़ी में फंस गए थे। जहाज ट्रैकिंग आंकड़ों से पता चला है कि ये दोनों जहाजों ने सोमवार को जलडमरूमध्य को पार कर लिया और भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। इससे पहले, लगभग 92,712 टन एलपीजी ला रहे एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी सुरक्षित रूप से भारतीय तट पर पहुंच चुके हैं। यह देश की लगभग एक दिन की खाना पकाने की गैस की खपत के बराबर है।

### युद्ध क्षेत्र में अब भारतीय ध्वज वाले 24 जहाज इन पर 611 नाविक

युद्ध क्षेत्र में बचे हुए 24 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से 22 जलडमरूमध्य के पश्चिमी भाग में हैं, जिनमें 611 नाविक सवार हैं, जबकि दो पूर्वी भाग में हैं। पश्चिमी भाग में बचे हुए 22 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से छह एलपीजी वाहक हैं। इनमें से दो भारत के लिए रवाना हो चुके हैं। बाकी बचे जहाजों में से एक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) टैंकर है, चार कच्चे तेल के टैंकर हैं, एक रासायनिक उत्पादों का परिवहन कर रहा है, तीन कंटेनर जहाज हैं और दो बल्क यानी थोक सामान की ढुलाई करने वाले हैं। इसके अतिरिक्त, एक ड्रेजर है, एक खाली है और तीन नियमित रखरखाव के लिए बंदरगाह पर हैं।

## पश्चिम एशिया संकट के बाद अमेरिका की नई व्यापार जांच से वैश्विक बाजारों में और बढ़ी अस्थिरता : रिजर्व बैंक

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अमेरिका की ओर से नई व्यापार जांच के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति पर लेख में कहा गया कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए पर्याप्त है। वित्त 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। अर्थव्यवस्था की स्थिति का संकेतक देने वाले आंकड़े फरवरी में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का संकेत दे रहे हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई फरवरी में खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों के कारण बढ़ी।

## खरीफ सत्र से पहले उर्वरक आपूर्ति हो सकती बाधित

- **गैस संकट से प्रभावित यूरिया उत्पादकों ने सरकार से मांगी वित्तीय राहत**

**नई दिल्ली।** भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) ने चेतावनी दी है कि उत्पादन में कमी और पैकेजिंग सामग्री की अलग से कमी के कारण महत्वपूर्ण खरीफ सत्र से पहले उर्वरक आपूर्ति बाधित हो सकती है। इसके साथ, एफएआई ने सरकार से गैस आपूर्ति में व्यवधान से प्रभावित यूरिया उत्पादकों को वित्तीय राहत प्रदान करने का आग्रह किया है। सरकार को लिखे पत्र में एफएआई ने मौजूदा भूराजनीतिक संकट से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों का हवाला देते हुए सीमित गैस आपूर्ति के तहत संचालित संयंत्रों के लिए ऊर्जा लागत प्रतिपूर्ति और जुर्माने में छूट की मांग की है।

### बरेली मंडी

## आंध्र में स्टील के इस्पात संयंत्र का शिलान्यास

**अनकापल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को अनकापल्ली जिले के नक्कापल्ली मंडल में आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस) के 1.36 लाख करोड़ रुपये के इस्पात संयंत्र की आधारशिला रखी। सरकार के अनुसार, 1.78 करोड़ टन सालाना क्षमता वाला यह संयंत्र 5,465 एकड़ में दो चरणों में स्थापित किया जाएगा और इससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करीब एक लाख रोजगार पैदा होंगे। पहले चरण में संयंत्र की क्षमता 73 लाख टन सालाना की होगी, दूसरे चरण में इसे बढ़ाकर 1.5 करोड़ टन किया जाएगा।

## स्वतंत्र निदेशक बिना सबूत आक्षेप न लगाएं

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे के कुछ दिन बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि स्वतंत्र निदेशकों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिम्मेदारी से काम करें और बिना ठोस सबूत के कोई आक्षेप न लगाएं। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब चक्रवर्ती ने नैतिकता और मूल्यों से जुड़े मुद्दों का हवाला देते हुए देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## वेदांता की याचिका पर सुनवाई कल तक टली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सोमवार को वेदांता समूह को आदेश दिया कि वह जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए अदाणी समूह की 14,535 करोड़ रुपये की बोली को मंजूरी देने वाले एनसीएलटी के आदेश को चुनौती देने वाली अपीलों में अदाणी समूह को भी पक्षकार बनाए। दो सदस्यीय पीठ ने वेदांता समूह को निर्देश दिया कि वह सफल समाधान आवेदक अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिन के अंत तक याचिका की प्रति उपलब्ध कराए।

# शेयर बाजार में निवेशकों के एक ही दिन डूबे 14.23 लाख करोड़

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट के कारण निवेशकों को एक ही दिन में 14.23 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा। बीएसई के अनुसार, सोमवार की गिरावट से कुल बाजार पूंजीकरण 14,23,396 करोड़ रुपये घटकर 4,14,52,902 करोड़ रुपये रह गया जो पिछले साल 15 अप्रैल के बाद का निचला स्तर है।

पिछले कारोबारी दिवस पर 20 मार्च को कुल बाजार पूंजीकरण 4,28,76,298 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक निफ्टी-50 और सेंसेक्स ढाई प्रतिशत के करीब टूट गये। सेंसेक्स 21 महीने और निफ्टी-50 ग्यारह महीने से ज्यादा के निचले स्तर पर बंद हुआ। खास बात यह रही कि बिकवाली का दबाव चौतरफा रहा जिससे 10 प्रतिशत कंपनियां ही गिरावट से अछूती रहीं। शेयर बाजार में शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,78,499 करोड़ रुपये घटकर 87,29,171 करोड़ रुपये रहा गया।



### युद्ध शुरू होने के बाद से निवेशकों की 48.29 लाख करोड़ रुपये घटी संपत्ति

पश्चिम एशिया युद्ध के 28 फरवरी को शुरू होने के बाद से बीएसई सेंसेक्स 8,590.8 अंक यानी 10.56 प्रतिशत गिरा, जबकि एनएसई का निफ्टी 2,666 अंक या 10.58 प्रतिशत नीचे आया। युद्ध शुरू होने के बाद से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 48.29 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज हुई और यह 415 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है।

## रिजर्व बैंक ने जनवरी में शुद्ध रूप से 2.53 अरब डॉलर खरीदे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने जनवरी में हाजिर मुद्रा बाजार से शुद्ध रूप से 2.53 अरब डॉलर की खरीदारी की। केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर की यह खरीद लगातार सात महीनों की शुद्ध डॉलर बिक्री के बाद की है। रिजर्व बैंक के सोमवार को जारी मासिक बुलेटिन के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने ने पिछली बार मई 2025 में हाजिर मुद्रा बाजार से 1.76 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद की थी। इससे पहले दिसंबर में 10.02 अरब, नवंबर में 9.71 अरब, अक्टूबर में 11.88 अरब, सितंबर में 7.91 अरब, अगस्त में 7.69 अरब, जुलाई में 2.54 अरब, और जून में 3.66 अरब अमेरिकी डॉलर की शुद्ध बिक्री की। सकल आधार पर केंद्रीय बैंक ने जनवरी में 27.99 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद और 25.473 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री की।



## गिरावट: सोना 9,050 रुपये टूटा, चांदी 10,500

**नई दिल्ली।** कमजोर घरेलू मांग और सुस्त वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 9,050 रुपये टूटकर 1.43 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी 10,500 रुपये की गिरावट के साथ 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार के 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 9,050 रुपये या लगभग छह प्रतिशत टूटकर सभी करों सहित 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी भी 10,500 रुपये या 4.36 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ सभी करों सहित 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।



# सेबी ने आईपीओ खुलासे के नियमों को बनाया सरल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **निवेशकों की सहूलियत के लिए पेश किया संक्षिप्त विवरण पुस्तिका का मसौदा**

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के दस्तावेजों को सरल और मानकीकृत बनाने के लिए 'संक्षिप्त विवरण पुस्तिका का मसौदा' पेश किया है। इस कदम का उद्देश्य निर्गम संबंधी जानकारियों को निवेशकों के लिए अधिक सुलभ और समझने में आसान बनाना है।

अब सार्वजनिक निर्गम लाने वाली कंपनियों को अपने विस्तृत प्रस्ताव दस्तावेजों के साथ इस संक्षिप्त विवरण पुस्तिका को भी जमा करना अनिवार्य होगा। नियामक ने कहा कि इस दस्तावेज में कंपनी के कारोबारी मॉडल, वित्तीय विवरण, प्रवर्तकों, जोखिम कारकों और मुख्य प्रदर्शन संकेतकों जैसी महत्वपूर्ण जानकारी अत्यंत सरल प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी। सेबी द्वारा 16 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार, इस संक्षिप्त मसौदे को निर्गम जारी करने वाली कंपनी, नियामक, उन शेयर बाजारों जहां प्रतिभूतियां सूचीबद्ध होनी हैं, और निर्गम से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

नियामक ने यह भी निर्देश दिया है कि कंपनियां आवेदन पत्रों और विज्ञापनों में 'क्यूआर कोड' और लिंक उपलब्ध कराएं, ताकि निवेशक विवरण पुस्तिका और मूल्य सीमा की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें। सूचनाओं की स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए सेबी ने शब्द सीमा भी तय की है। कंपनी के प्राथमिक व्यवसाय का सारांश 500 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। उद्योग के अवलोकन के लिए 250 शब्द और प्रत्येक प्रवर्तक की पृष्ठभूमि व योग्यता के ब्योरे के लिए अधिकतम 100 शब्द तय किए गए हैं।

## सीएनजी में 20% सीबीजी मिश्रण करने का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने दिल्ली सरकार को सुझाव दिया है कि वह संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) में संपीड़ित बायोगैस के 20 प्रतिशत तक मिश्रण को अपनाए। इससे गैस से चलने वाले वाहनों को कॉर्बन निरपेक्षता के करीब ला सकता है। एक बयान में, आईबीए ने बताया कि हालांकि बिजलीचालित वाहन (ईवी) की स्वीकार्यता बढ़ रही है, लेकिन समग्र वाहन बेड़े में ईवी की पहुंच सीमित है।

# एफडीआई में 2% से ज्यादा होगी चीन की हिस्सेदारी

मुंबई, एजेंसी

सरकार की ओर से 'प्रेस नोट 3' में किए गए संशोधनों से भारत में आने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर फिर से दो प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। प्रेस नोट 3 लागू होने से पहले यह इसी स्तर पर था।

क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में कहा गया है कि नियमों में बदलाव से कुल एफडीआई में चीनी निवेश का हिस्सा दो प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014 से 2019 के बीच हांगकांग सहित चीन से होने वाला कुल एफडीआई प्रवाह भारत के कुल निवेश का लगभग दो प्रतिशत था। हालांकि, प्रेस नोट 3 के नए नियम लागू होने के बाद यह घटकर मात्र 0.27 प्रतिशत रह गया था। रिपोर्ट के अनुसार, नियमों में ढील दिए जाने से लंबित प्रस्तावों का रास्ता साफ होने की उम्मीद है। इससे अल्पावधि में चीन और हांगकांग से निवेश में तेजी आ सकती है।



- **क्रिसिल का केंद्र की ओर से प्रेस नोट 3 में बदलाव के बाद दावा**

सरकार के इस कदम से भारत में एफडीआई प्रवाह तेज होने, घरेलू क्षमताओं के मजबूत होने और आयात पर निर्भरता कम होने की संभावना है। सरकार ने अप्रैल, 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकने के लिए ये नियम लागू किए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों और पॉलीसिलिकॉन जैसे क्षेत्रों के लिए मंजूरी की समयसीमा 60 दिन तय किए जाने से भारतीय और चीनी फर्म के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रेस नोट 3 के तहत 75,691 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से केवल 13,625 करोड़ रुपये को ही मंजूरी मिली थी।

## निर्यात पर घरेलू कर, शुल्क छूट की पुरानी दरें बहाल

**पश्चिम एशिया संकट**

**नई दिल्ली।** सरकार ने पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों के बीच निर्यातकों की मदद के लिए निर्यात माल को शुल्कों और करों से छूट देने की योजना आरओडीटीईपी के अंतर्गत पुरानी दरों को तत्काल प्रभाव से बहाल करने का निर्णय किया है। इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

इस फैसले से शुल्क और करों में छूट की गत 22 फरवरी तक लागू दरें और मूल्य सीमा पुनः प्रभावी हो गयी हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के कारण समुद्री लॉजिस्टिक्स में चुनौतियाँ उत्पन्न हुई हैं, जिनमें मार्ग और पारगमन पैटर्न में परिवर्तन शामिल हैं। इनका प्रभाव इस क्षेत्र में या इसके माध्यम से जाने वाले निर्यात माल के लिए लॉजिस्टिक्स लागत और जहाज से माल भेजने के कार्यक्रम पर पड़ा है।

## मानक बॉन्ड प्रतिफल 14 महीने के उच्च स्तर पर

**कच्चे तेल की महंगाई**


**मुंबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भारतीय मानक बॉन्ड प्रतिफल सोमवार को 14 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। सोमवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल 6.8173 प्रतिशत रहा जबकि शुक्रवार को यह 6.737 प्रतिशत पर बंद हुआ था।

बाजार भागीदारों से संकलित आंकड़ों के अनुसार यह 14 जनवरी 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। एरीटे कैपिटल (चॉइस समूह) में उपाध्यक्ष माताप्रसाद पांडे ने कहा, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से कच्चे तेल की कीमत 110 डॉलर बैरल से ऊपर जाने के बाद बॉन्ड प्रतिफल बढ़ रहा है। जनवरी-फरवरी में सरकारी बॉन्ड के शुद्ध खरीदार रहे विदेशी संस्थागत निवेशक मार्च में शुद्ध विक्रेता बन गए हैं।


## कोयला कारोबार में मुनाफाखोरी पर रोक लगाएं राज्य: केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण छोटे कोयला खुदरा विक्रेताओं को मुनाफाखोरी करने से रोकें, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा व्यवधानों से घरेलू ईंधन बाजार पर असर पड़ने का खतरा है।

कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, हमारे सचिव (कोयला) ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से बात की है। मैंने कल मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। कोयले की कोई कमी नहीं है और घरेलू कोयले की कीमतों में वृद्धि की कोई गुंजाइश नहीं है। मंत्री ने कहा कि अगर कोयले की कीमतें बढ़ती हैं तो कार्रवाई करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हमने राज्यों से कोयले की कीमतों पर नजर रखने और खुदरा विक्रेताओं को मौजूदा संकट से लाभ नहीं उठाने देने को कहा है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोयले की कीमतें नहीं बढ़नी चाहिए।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# पश्चिम बंगाल: ओवैसी-हुमायूं के गठबंधन से मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण की आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी

**विपक्ष ने ओवैसी पर लगाया भाजपा की मदद करके धर्मनिरपेक्ष ताकतों को कमजोर करने का आरोप**

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के गठबंधन की विपक्ष ने कड़ी आलोचना करते हुए इस गठबंधन से वोट बंटने और विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में धर्मनिरपेक्ष दलों के कमजोर होने की आशंका जताई है। विपक्ष के नेताओं ने ओवैसी को घेरते हुए कहा है कि उनकी पार्टी असल में भाजपा की मदद करना चाहती है।

एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी के साथ गठबंधन किया है। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 23 और 29 अप्रैल को होगा, जबकि मतगणना चार मई को होगी। तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने इस गठबंधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे मुस्लिम समाज अलग-थलग पड़ सकता है। उन्होंने कहा, ओवैसी की पार्टी वास्तव में भाजपा की मदद करना चाहती है, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। उनके पास ताकत नहीं है और उन्हें वोट नहीं मिलेंगे।

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने धर्मनिरपेक्ष ताकतों को कमजोर करने का ठेका ले रखा है।

कांग्रेस के एक अन्य सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने कहा कि गठबंधन करना राजनीतिक फैसला है, लेकिन ध्यान सांप्रदायिक ताकतों को हराने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा, कौन किससे गठबंधन करता है, यह उनका मामला है। लेकिन हमारा लक्ष्य सांप्रदायिक ताकतों को हराना है और इसके लिए कांग्रेस लगातार काम करती रहेगी। शिवसेना (उबाठा) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि एआईएमआईएम अक्सर भाजपा की मदद करती है। जब भी भाजपा मुश्किल में होती है, वह एआईएमआईएम को बुलाती है, जो उसके ''स्पीड डायल'' पर रहती है। पार्टी उसे चुनाव में उतरने और जीत दिलाने के लिए आमंत्रित करती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सांसद महुआ माझी ने एआईएमआईएम को भाजपा की "बी-टीम" बताया और आरोप लगाया कि वह चुनाव में सिर्फ विपक्ष के वोट बांटने के लिए उतरती है, जिससे भाजपा को फायदा होता है। यह हर जगह हो रहा है।

### आचार संहिता: 181 करोड़ कैश, शराब जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सभी 294 विधानसभा सीटों पर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है और अब तक करीब 181 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, मादक पदार्थ और अन्य सामग्री जब्त की जा चुकी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना चार मई को होगी।



कोलकाता में चुनाव प्रचार करती तृणमूल प्रत्याशी श्रेया पांडेय।

## असम : झामुमो की सूची में 21 प्रत्याशी

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने असम विधानसभा चुनाव के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की सूची सोमवार को जारी की। झामुमो क्षेत्रीय पार्टी की छवि को मिटाकर एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में उभरना चाहता है। पार्टी का उद्देश्य चाय बागानों में काम करने वाली जनजाति के लगभग 70 लाख लोगों को अपने पक्ष में करना है, जिनमें से कई लोगों की जड़ें झारखंड से जुड़ी हुई हैं। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने बताया, विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, पार्टी ने असम की 126-सदस्यीय विधानसभा के चुनावों के लिए 21 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

## गोगोई ने जोरहाट सीट से भरा पर्चा

**जोरहाट।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने सोमवार को जोरहाट सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। गोगोई राज्य विधानसभा चुनाव में पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गोगोई ने जोरहाट स्टेडियम से रैली शुरू करने से पूर्व विभिन्न धार्मिक स्थलों का दौरा किया। लगभग तीन घंटे बाद इस रैली का समापन जिला आयुक्त कार्यालय पर हुआ। रैली में बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। गोगोई नजीर अली क्षेत्र स्थित अपने पैतृक आवास पर भी पहुंचे और अपने पिता एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की तस्वीर के समक्ष खड़े होकर प्रार्थना की।

## पुडुचेरी में रंगासामी कैबिनेट के दो मंत्रियों को नहीं मिला टिकट

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी में सत्तारूढ़ ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) ने बड़ा फैसला लेते हुए अपने दो मौजूदा मंत्रियों को टिकट नहीं दिया है।

मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के नेतृत्व वाली सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री के. लक्ष्मीनारायणन और कृषि मंत्री थेनी जयकुमार को इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया है। सूत्रों के अनुसार, लक्ष्मीनारायणन की राजभवन सीट एनडीए गठबंधन में भाजपा को दे दी गई है। जयकुमार की मंगालम सीट से रंगासामी चुनाव लड़ेंगे।

## पुडुचेरी : नामांकन के आखिरी दिन तक द्रमुक-कांग्रेस में सीट बंटवारे पर गतिरोध

**पुडुचेरी।** केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) और कांग्रेस के बीच इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जारी बातचीत अब तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। चेन्नई में रविवार से शुरू हुई मैराथन बैठकें सोमवार तड़के तक चलीं लेकिन बिना किसी निष्कर्ष समाप्त हो गईं। हालांकि दोनों दलों ने गठबंधन जारी रखने पर सहमति जताई है। स्थिति को देखते हुए दोनों दलों के संभावित उम्मीदवार सोमवार दोपहर तीन बजे तक सभी 30 सीटों पर नामांकन दाखिल करेंगे। बाद में 26 मार्च तक, जो नामांकन वापसी की अंतिम तिथि है, आपसी सहमति बनने पर उम्मीदवार पर्चे वापस ले सकते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### मिसाइल का मलबे से एक भारतीय घायल

**दुबई।** अबूधाबी के अल शवामेख इलाके में हवा में मार गिराई गई मिसाइल का मलबा गिरने से एक भारतीय नागरिक मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि हवाई रक्षा प्रणाली ने आती हुई मिसाइल पर हमला किया, जिसके बाद आपात टीमों ने कदम उठाया। इसके बाद मिसाइल का मलबा रिहाइशी इलाके पर गिर गया। अबूधाबी के मीडिया कार्यालय ने एक्स पर कहा कि हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराए जाने के बाद उसका मलबा अल शवामेख क्षेत्र में गिर गया। इस घटना में एक भारतीय नागरिक को मामूली चोट आई।

### पांच पूर्व सैनिकों को वेटरन अचीवर्स अवार्ड

**नई दिल्ली।** थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अपनी भोपाल यात्रा के दौरान पांच प्रतिष्ठित पूर्व सैनिकों को 'वेटरन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित किया। पुरस्कार विजेताओं, ब्रिगेडियर अवधेंद्र प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त), कर्नल एमके तिवारी (सेवानिवृत्त), मानद सूबेदार मेजर डीके सेन (सेवानिवृत्त), नायब सूबेदार जीएस मेहता (सेवानिवृत्त) और नायक एलएस राठौड़ (सेवानिवृत्त) को विभिन्न क्षेत्रों में उनके निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### हवाई में 2,000 लोग बिजली से वंचित

**होनोलूलू।** हवाई द्वीप पर भारी बारिश के बाद आई भीषण बाढ़ के कारण रविवार अपराह्न तक 2,000 से अधिक लोग बिजली आपूर्ति से वंचित रहे। यह बाढ़ 20 से अधिक वर्षों में आई सबसे भीषण बाढ़ बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, एक सप्ताह पहले आए शीतकालीन तूफान की बारिश से पहले से ही अत्यधिक गीली मिट्टी पर भारी वर्षा हुई जिससे उफनता पानी घरों और कई कारों को बहा ले गया।

### नेपाल के बाझंग में 4.1 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत में सोमवार की दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसकी तीव्रता 4.1 मापी गयी। भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सोमवार को दोपहर बाद 1:14 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र बाझंग के रायल क्षेत्र के पास स्थित था। बाझंग के पड़ोसी जिले बाजुरा और बैताडी समेत पड़ोसी जिलों में भी झटका लगा।

# फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछाने की ईरान ने दी धमकी

- तटवर्ती इलाकों अथवा द्वीपों पर हमलों को लेकर चेताया

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके तटवर्ती इलाकों या द्वीपों पर हमला होता है तो वह फारस की खाड़ी में महत्वपूर्ण संचार मार्गों पर बारूदी सुरंगें बिछा देगा। ईरान की राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने कहा कि उसके क्षेत्र को निशाना बनाने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप फारस की खाड़ी में सभी संचार लाइनों में बारूदी सुरंगें बिछा दी जाएंगी।

उसने यह भी कहा कि जहाज केवल तेहरान के समन्वय से ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर सकेंगे। बयान में कहा गया कि दुश्मन द्वारा ईरानी तटों या द्वीपों पर हमला करने के किसी प्रयास के बाद स्वाभाविक रूप से और सामान्य सैन्य अभ्यास के अनुसार फारस की खाड़ी और तटों के सभी पहुंच मार्गों एवं संचार लाइनों को विभिन्न प्रकार की नौसैनिक बारूदों से भर दिया जाएगा, जिसमें तैरती बारूदें भी शामिल हैं जिन्हें तटों से छोड़ा जा सकता है। ईरान ने कहा, ऐसे में, पूरे फारस की खाड़ी क्षेत्र में लंबे समय तक होर्मुज जलडमरूमध्य जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इस बार, होर्मुज के साथ पूरा फारस की खाड़ी क्षेत्र व्यावहारिक रूप से अवरुद्ध हो जाएगा और इसकी जिम्मेदारी धमकी देने वाले पक्ष की होगी। इस बीच, अमेरिका कथित तौर पर ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने योजनाओं पर विचार कर रहा है।

## खाड़ी के समुद्र में बारूदी सुरंग

दुनिया आज जिस डिजिटल युग में जी रही है, उसकी असली रीढ़ ज़मीन पर नहीं, बल्कि समुद्र की अतल गहराइयों में बिछी है। वैश्विक इंटरनेट ट्रैफिक का लगभग 95% से अधिक हिस्सा इन्हीं सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल्स के जरिए एक से दूसरे महाद्वीप तक जाता है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर से गुजरने वाली इन केबलों को निशाना बनाने की धमकी दी है। उसने केबिल काटने की चेतावनी दी है। विशेष रूप से गूगल की ब्लू-रमन परियोजना इस समय चर्चा के केंद्र में है। इधर ईरान ने भी अपने तटीय इलाकों और द्वीपों पर हमलों को लेकर फारस की खाड़ी में केबल के ऊपर बारूदी सुरंगें लगाने की चेतावनी दी है। यदि ऐसा हुआ तो दुनिया को डिजिटल ब्लैकआउट का सामना करना पड़ेगा। वित्तीय आदान-प्रदान पर भी इसका असर पड़ेगा।

## डिजिटल ब्लैकआउट का खतरा



### उपयोग और महत्व

- समुद्र के रास्ते आ रहीं यह केबल केवल 'यूट्यूब' देखने के लिए नहीं है, बल्कि इसके उपयोग बहुत व्यापक है।
- अत्यधिक डेटा क्षमता : यह केबल 218 टेराबिट्स प्रति सेकंड से अधिक की क्षमता रखती है। यह इतनी गति है कि एक सेकंड में हज़ारों हाई-डेफिनिशन फिल्में डाउनलोड की जा सकती हैं।
- क्लाउड कंप्यूटिंग : गूगल क्लाउड, माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर और अमेज़न एडब्ल्यूएस जैसी सेवाएं इसी केबल पर निर्भर हैं। दुनिया की बड़ी कंपनियों का डेटा इसी रास्ते से सफर करता है। ● वित्तीय लेनदेन : अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग और शेयर बाज़ारों के बीच रीयल-टाइम डेटा ट्रांसफर के लिए ये केबलें अनिवार्य हैं।

### केबल कटने का दुनिया पर असर

● डिजिटल ब्लैकआउट : एशिया और यूरोप के बीच इंटरनेट की गति 25% से 40% तक गिर सकती है। ● आर्थिक नुकसान : एक अनुमान के अनुसार, महत्वपूर्ण केबल कटने से वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रति घंटे लाखों डॉलर का नुकसान हो सकता है। ● ई-कॉमर्स और बैंकिंग ठप : ऑनलाइन भुगतानसेवा धीमी हो सकती हैं, जिससे व्यापारिक लेनदेन रुक सकते हैं।

### दुनिया के पास क्या हैं समाधान

● रूट डायवर्सिफिकेशन : गूगल की 'ब्लू-रमन' केबल परियोजना की तरह नए रास्ते तलाशे जा रहे हैं जो विवादित क्षेत्रों (जैसे लाल सागर) से दूर हों। ● गहरी केबल बिछाना : केबलों को समुद्र की सतह से बहुत नीचे (8000 मीटर तक) दबाया जा रहा है ताकि जहाजों के लंगर या छोटे विस्फोट उन तक न पहुँच सकें। ● सैटेलाइट इंटरनेट : स्टारलिंक जैसे नेटवर्क को बैकअप के रूप में देखा जा रहा है।

### चोक प्वाइंट

● लाल सागर एक ऐसा चोकपॉइंट है जहां दुनिया की प्रमुख केबलें गुजरती हैं। यहाँ किसी भी प्रकार का व्यवधान न केवल इंटरनेट की गति को धीमा करेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, शेयर बाज़ार और बैंकिंग सेवा को पंगु बना सकता है।

### भारत के पास क्या हैं विकल्प

- मल्टीपल गेटवे : भारत केवल लाल सागर पर निर्भर नहीं है। भारत के पास सिंगापुर के रास्ते (पूर्व की ओर) जाने वाली केबलें भी हैं, जैसे मिस्ट और लैक्स।
- जियो की पहल : जियो अपनी आईईएक्स (इंडिया-यूरोप एक्सप्रेस) केबल बिछा रहा है, जो यूरोप को सीधे भारत से जोड़ती है और इसमें सुरक्षा के उन्नत उपाय किए गए हैं।
- स्वदेशी लैंडिंग स्टेशन : सरकार मुंबई, चेन्नई के अलावा नए लैंडिंग स्टेशन बना रही है ताकि डेटा ट्रैफिक को बांटा जा सके।

# गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से विकसित भारत का लक्ष्य संभव नहीं

## सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां

- देश में यूएपीए के अत्यधिक इस्तेमाल पर जताई चिंता

नई दिल्ली/बेंगलुरु, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां ने कहा है कि असहमति को अपराध घोषित करने, आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत अंधाधुंध गिरफ्तारियों और गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है।

रविवार को बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति भुइयां ने उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने इसकी तुलना देश भर में जिला न्यायपालिका में न्यायिक अधिकारियों के पदों पर 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की नियुक्ति से की। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा लेकिन क्या संवैधानिक अदालतों में भी यही प्रणाली लागू हुई है? सवाल यही है। यहीं पर कॉलेजियम प्रणाली की जांच पड़ताल का महत्व सामने आता है। ऐसा क्यों है कि जब मूल्यांकन व्यक्तिपरक हो जाता है, तो महिलाएं उस स्तर तक नहीं पहुंच पातीं? उन्होंने कहा कि 1950 से अब तक उच्चतम न्यायालय के 287 न्यायाधीशों में से कुल मिलाकर केवल 11 महिला न्यायाधीश रही हैं। ऐसा क्यों? फातिमा बीवी से लेकर अब न्यायमूर्ति नागरत्ना तक, यह आंकड़ा लगभग दो प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम के व्यक्तिपरक मूल्यांकन मानदंडों के अनुसार, बहुत कम लोगों का ही उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में चयन होता है।

गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के इस्तेमाल के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने 2019 से 2023 तक के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि सही मायने में विकसित राष्ट्र को राजनीतिक नारों के बजाय संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि यूएपीए के तहत कम दोषसिद्धि दर कानून के दुरुपयोग को नहीं तो अत्यधिक उपयोग को दर्शाती है।" यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों के 2019 से 2023 तक के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन दोषसिद्धि दर लगभग पांच प्रतिशत है।



### अदालतों में लैंगिग प्रतिनिधित्व में हो समानता

न्यायमूर्ति ने कहा कि अदालतों में महिला जजों की संख्या बेहद अपर्याप्त है, 25 उच्च न्यायालयों में से केवल तीन। उन्होंने कहा कि मेरे शोध से पता चलता है कि जब भी भर्ती प्रक्रिया वस्तुनिष्ठ होती है, तो न्यायिक क्षेत्र में अधिक महिलाएं प्रवेश करती हैं। जब भारत एक विकसित राष्ट्र (विकसित भारत 2047) बनेगा, तब न्यायपालिका में लैंगिक प्रतिनिधित्व में अधिक समानता होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ऐसा स्थान होना चाहिए, जो वास्तव में देश की विविधता को दर्शाए। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि विकसित देशों में बहस और असहमति के लिए अधिक गुंजाइश होनी चाहिए। बहस को अपराध नहीं माना जाना चाहिए।

### अधिकांश गिरफ्तारियां तो की गईं पर दोष साबित नहीं किया जा सका

न्यायाधीश ने कहा कि इससे लगातार कम दोषसिद्धि दर दिखती है। इससे क्या संकेत मिलता है? दुरुपयोग नहीं, तो अत्यधिक इस्तेमाल का, और आपराधिक न्याय प्रणाली पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है? इससे अदालतों पर कितना बोझ पड़ता है? इससे पता चलता है कि अधिकांश लोगों को गिरफ्तार तो किया गया, लेकिन उन्हें दोषी साबित नहीं किया जा सका। इससे संकेत मिलता है कि कई गिरफ्तारियां समय से पहले और पर्याप्त सबूतों के अभाव में की गईं। उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों में उनकी संख्या केवल 14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि 25 उच्च न्यायालयों में से केवल दो में महिला मुख्य न्यायाधीश हैं- गुजरात और मेघालय। एक महीने में एक और महिला मुख्य न्यायाधीश बन जाएंगी।

## शीर्ष कोर्ट के गुंबद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उसकी इमारत के गुंबद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर प्रशासनिक स्तर पर विचार किया जाएगा। पीठ ने उच्चतम न्यायालय के महासचिव से कहा कि वे उचित नोट सक्षम प्राधिकारी के सामने पेश करें। पीठ बी. वेणुगोपाल की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के नए परिसर का निर्माण हो रहा है, जहां इस तरह की वास्तु पर ध्यान दिया जाएगा।

# प्री परीक्षा के बाद यूपीएससी जारी करेगा अस्थायी कुंजी

- सिविल सेवा परीक्षा को लेकर सरकार ने दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में सरकार ने सोमवार को बताया कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने के बाद अपनी वेबसाइट पर अस्थायी उत्तर कुंजी जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) आदि के लिए अधिकारियों के चयन हेतु प्रतिवर्ष तीन चरणों - प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार - में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न में लिखित उत्तर में उच्च सदन को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुपालन में, यूपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने के बाद अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अस्थायी उत्तर कुंजी जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं। सिंह ने कहा कि यह प्रक्रिया, जो 2026 की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा से लागू होगी, यूपीएससी द्वारा आयोजित सभी संरचित परीक्षाओं पर लागू होगी। मंत्री ने कहा, "प्रारंभिक परीक्षा के अंक अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद ही जारी किए जाएंगे।" उन्होंने कहा कि वैकल्पिक विषयों में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए, यूपीएससी अंतर-विषय मॉडरेशन लागू करता है ताकि किसी भी उम्मीदवार को, चाहे उसने कोई भी वैकल्पिक विषय चुना हो।

## एक वर्षीय बीएड कोर्स शुरू करने की योजना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि बैचलर ऑफ़ एजुकेशन (बीएड) पाठ्यक्रम का समय एक साल किए जाने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सदन में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, देश में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नियम और मानक तय करने वाले वैधानिक प्राधिकार - राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) से मिली जानकारी के अनुसार, फिलहाल बी.एड. कार्यक्रम का समय पुनः एक साल करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

एनसीटीई ने पिछले साल घोषणा की थी कि वह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के मुताबिक, 2014 में बंद किए गए एक वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम को एक दशक से अधिक समय बाद फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। बता दें कि विद्यार्थियों में भी एक साल के बीएड कोर्स को लेकर काफी जिज्ञासा है।

# हिरासत में मौत मामले में नौ पुलिसकर्मी दोषी करार

- तमिलनाडु के मदुरै जिले में साल 2020 में हुई थी घटना

मदुरै, एजेंसी

तमिलनाडु के मदुरै जिले की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को प्रदेश के थूथुकुडी जिले के साथनकुलम में 2020 में एक व्यक्ति और उसके बेटे को हिरासत में यातना देने के मामले में सभी नौ आरोपी पुलिसकर्मियों को दोषी करार दिया।

पुलिस हिरासत में याताना के बाद पिता-पुत्र की मौत हो गयी थी। प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश जी मुथुकुमारन ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोप साबित कर दिया है और पुलिसकर्मियों को दोषी पाया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों को 30 मार्च को सजा सुनाई जाएगी। मोबाइल फोन की दुकान के मालिक पी जयराज (59) और उनके बेटे जे बेनिक्स (31) को कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के नियमों के कथित उल्लंघन के संबंध में 19 जून 2020 को साथनकुलम पुलिस थाने ले जाया गया था। कोविलपट्टी उप-जेल में हिरासत के दौरान कथित क्रूर यातना दिये जाने के बाद पिता और पुत्र की 23 जून को मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस निरीक्षक एस श्रीधर, उपनिरीक्षक के बालकृष्णन, पी रघुगणेश, मुख्य आरक्षी एस मुरुगन और ए समीदुराई समेत 10 पुलिसकर्मियों पर हत्या का आरोप था। इसकी शुरुआती जांच सीबी-सीआईडी ने की थी, जिसे बाद में सीबीआई ने अपने हाथ में ले लिया। इस घटना के कारण उस वक्त राज्य में भारी जनाक्रोश फैल गया था। इस मामले में 105 गवाह थे।

## एनसीबी हिरासत में बीएसएफ के कांस्टेबल की मौत

**चंडीगढ़/अमृतसर।** बीएसएफ के एक कांस्टेबल की स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की हिरासत में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसके साथ बेहरमी से मारपीट की गई। बीएसएफ कांस्टेबल जसविंदर सिंह को एक मामले में पूछताछ के सिलसिले में तीन मार्च को जम्मू से पकड़ा गया था, जिनकी शुक्रवार रात अमृतसर में इलाज के दौरान मौत हो गई। अमृतसर के मकबूलपुरा थाना प्रभारी जसजीत सिंह ने बताया कि एनसीबी एक मामले की जांच कर रहा था और कांस्टेबल की हालत अचानक बिगड़ने के बाद उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। शनिवार को अमृतसर सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया गया। मां गुरमीत कौर ने रविवार को बताया कि उनका बेटा छुट्टी पर घर आया था और तीन मार्च को एनसीबी की जम्मू इकाई उसे अपने साथ ले गई।

# न्यूयॉर्क में भीषण विमान हादसा पायलट व सह पायलट की मौत

- न्यूयॉर्क के ला गार्डिया हवाई अड्डे पर ट्रक से भिड़ी उड़ान

न्यूयॉर्क, एजेंसी




न्यूयॉर्क के ला गार्डिया हवाई अड्डे पर रविवार रात लैंडिंग के दौरान एयर कनाडा का एक विमान रनवे पर दमकल विभाग के ट्रक से टकरा गया, जिसके चलते दो पायलटों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि भिड़ंत की वजह से विमान का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

उन्होंने बताया कि घटना के बाद 39 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को आसपास के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से कुछ को गंभीर चोट आई है। अधिकारियों ने बताया कि अधिकतर लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। हवाई अड्डे का संचालन करने वाले न्यूयॉर्क एवं न्यूजर्सी पोर्ट अथॉरिटी की कार्यकारी निदेशक कैथरीन गार्सिया ने बताया कि ट्रक में सवार पोर्ट अथॉरिटी के दो कर्मचारी भी घायल हो गए। गार्सिया ने सोमवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों में विमान के पायलट और सह-पायलट शामिल हैं। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के नेतृत्व में घटना की जांच की जा रही है। गार्सिया ने कहा कि दमकल ट्रक यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ान से जुड़ी एक अलग घटना के चलते घटनास्थल पर जा रहा था। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ान में दुर्गंध आने की सूचना मिली थी। इससे पहले कहा गया कि एयर कनाडा की ओर से संचालन कर रही जैज़ एविएशन की उड़ान में 72 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। विमान मॉंट्रियल-पियरे एलियट ट्रूडो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ था। तस्वीरों और वीडियो में विमान का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त दिखता है और कॉकपिट से तार तथा अन्य चीजें लटकी दिखती हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन नए काम की शुरुआत के लिए अच्छा है। ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। कार्यस्थल पर आपके प्रयासों की सराहना होगी।

**वृष** — आज आर्थिक मामलों में सावधानी जरूरी है। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें, आराम करें। धैर्य और समझदारी से काम लें, जल्दबाजी से बचें।

**मिथुन** — आज मित्रों से सहयोग मिलेगा और मन हल्का रहेगा। नए अवसर सामने आ सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं।

**कर्क** — आज भावनाओं में बहने से बचें, व्यावहारिक निर्णय लें। कार्य में थोड़ी मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**सिंह** — आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नेतृत्व क्षमता से लोग प्रभावित होंगे। आर्थिक लाभ के अच्छे संकेत हैं।

**कन्या** — आज का दिन संतुलित रहेगा। योजनाएं सफल होंगी, मेहनत रंग लाएगी। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**तुला** — आज निर्णय लेते समय सोच-समझकर कदम उठाएं। नए संबंध बन सकते हैं, जो भविष्य में लाभ देंगे। घर का माहौल सुखद रहेगा।

**वृश्चिक** — आज कार्य में बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। छिपी हुई चिंताएं सामने आ सकती हैं। ध्यान और योग से मन को शांति मिलेगी।

**धनु** — आज यात्रा के योग बन रहे हैं, लाभदायक साबित हो सकती है। नई सीख और अनुभव मिलेंगे। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।


**मकर** — आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कड़ी मेहनत का फल मिलने वाला है। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**कुंभ** — आज दोस्तों से मदद मिलेगी। मन में सकारात्मक विचार आएंगे। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**मीन** — आज रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 24 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 16.07 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-रोहिणी 19.05 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## सुडोकू - 97 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 7 | 1 | 3 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 |

## सुडोकू -98

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 7 | | | 5 | | 9 | | | |
| 8 | | 5 | | 6 | | | | |
| | | 1 | | | 8 | | 5 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 9 | | | 4 | | 8 | | 7 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | | | | | 9 | | |

## देश में और बाहर पढ़ने को उपलब्ध है ऋण की सुविधा

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि बैंक छात्रों को मांग के आधार पर शिक्षा ऋण उपलब्ध करा रहे हैं और इसमें कहीं किसी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में सोमवार को कहा कि आज बैंक सभी जगह उपलब्ध हैं। विद्यालक्ष्मी और मॉडल विद्यालय में भी भारत सरकार ऋण उपलब्ध कराती है। विद्यालक्ष्मी योजना के तहत तीन प्रतिशत से कम ब्याज दर तय की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार कई शिक्षा संबंधी योजनाएं चला रही है।

**संसद में बोली सरकार** — केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में पूछे गए सवाल पर दिया स्पष्टीकरण

# किसी राज्य पर हिंदी सहित कोई भी भाषा थोपी नहीं जा रही

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत किसी राज्य पर हिंदी समेत कोई भी भाषा नहीं थोप रही। चौधरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल में द्रमुक सांसद कलानिधि वीरास्वामी के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बात कही।

तमिलनाडु के सदस्य ने उनके राज्य का समग्र शिक्षा अभियान के तहत बकाया धन जारी नहीं किये जाने का मुद्दा उठाते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत तीन भाषा के फार्मूले को लेकर चिंता जताई। चौधरी ने कहा कि एनईपी में स्पष्ट रूप से छात्रों को बहुभाषाएं सिखाने से उनके शिक्षण पर पड़ने वाले प्रभावों का उल्लेख है। सभी राज्यों को स्कूलों में तीन भाषाओं को सिखाने का ढांचा बनाना चाहिए। कम से कम 15 साल तक के बच्चों को विशेष रूप से दो भाषाओं में दक्षता होनी चाहिए जो मातृभाषा हों। तीसरी भाषा पूरी तरह मांग पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में केंद्र सरकार समग्र शिक्षा अभियान 2.0 के तहत राज्यों को शिक्षकों की नियुक्ति आदि में मदद करती है। तमिलनाडु में तीन भाषाओं के फार्मूले को लागू करने पर द्रमुक सांसद की चिंता पर चौधरी ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि एनईपी 2020 में कहीं भी हिंदी समेत किसी भाषा को थोपने की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2011 के भाषा एटलस के अनुसार तमिलनाडु में 96 भारतीय भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं। चौधरी ने कहा कि एनईपी में तीन भाषाओं में दो मातृभाषाओं को सिखाने की बात है। उन्होंने कहा कि तीन भाषाओं को लागू करने की बात भी दो भाषाओं के फार्मूले, जिसे द्रमुक भी तमिलनाडु में स्वीकार करती है।



### तमिलनाडु भी लागू करे पीएमश्री योजना

शिक्षा राज्य मंत्री ने दावा किया कि तमिलनाडु ने मार्च 2024 में पीएमश्री योजना पर समझौता करने की इच्छा जताई थी, लेकिन अभी तक करार नहीं किया है। इस पर द्रमुक के कुछ सदस्यों को आपत्ति जताते सुना गया। चौधरी ने कहा कि अगर आप राष्ट्रीय शिक्षा नीति से सहमत हैं तो पीएमश्री योजना भी लागू करनी चाहिए। इसे देश में 14 हजार से अधिक स्कूलों के लिए डिजाइन किया गया है।



> मुझे लगता है कि मैंने पहले दो गेम में अच्छा खेला, तीसरे गेम में मैं थोड़ी भटक गई थी। गेम के बीच में मेरे कोच मेरे पास आए, तो मैंने उनसे बात की, और उन्होंने मुझसे अच्छी शुरुआत करने पर ध्यान देने को कहा, और मुझे खुशी है कि मैं इसे जीत पाई।
>
> अनाहत सिंह, स्क्वॉश खिलाड़ी


# स्टेडियम

कानपुर नगर, मंगलवार, 24 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### मैच के दिनों में कोई भी अभ्यास सत्र करने की नहीं होगी इजाजत

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अभ्यास सत्र के लिए जारी किये गये नए दिशा-निर्देशों के तहत मैच के दिनों में कोई भी प्रैक्टिस सेशन करने की इजाजत नहीं होगी। बीसीसीआई ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एक अलग इंतजाम भी किया है, जहां मुख्य पिच के दोनों ओर, हर टीम को दो-दो प्रैक्टिस विकेट दिए जाएंगे। जैसा कि पहले बताया गया था, किसी भी टीम को विरोधी टीम के लिए तय किए गए प्रैक्टिस विकेट का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। बीसीसीआई के एक नोट के अनुसार टीम मैनेजरों को हाल ही में ये अतिरिक्त गाइडलाइंस भेजी गई हैं :- टीमों को प्रैक्टिस एरिया में 2 नेट और मुख्य पिच के पास के विकेटों में से 1 विकेट ' 'रेंज हिटिंग'' (जोरदार शॉट लगाने की प्रैक्टिस) के लिए मिलेगा। मुंबई के वेन्यू के लिए, अगर दोनों टीमें एक ही समय पर प्रैक्टिस कर रही हैं, तो हर टीम को 2-2 विकेट मिलेंगे।



अहमदाबाद में आईपीएल 2026 सीजन से पहले अभ्यास सत्र के दौरान टाइटन्स के ग्लेन फिलिप्स। एजेंसी

### अरुंधति रेड्डी फरवरी की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**दुबई।** भारत की मध्यम तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को आस्ट्रेलिया में टी20 शृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए फरवरी महीने में आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया। वहीं पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को टी20 विश्व कप में असाधारण प्रदर्शन के लिये सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना गया है। रेड्डी ने तीन मैचों की टी20 शृंखला में भारत की 2.1 से जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने शृंखला में 7.25 की इकॉनॉमी दर से आठ विकेट लिए। रेड्डी ने कहा आईसीसी महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना गर्व की बात है।

### अनाहत और अभय ने जीते स्क्वॉश के खिताब

**मुंबई।** शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन ओपन स्क्वॉश टूर्नामेंट का अपना महिला खिताब बरकरार रखा, जबकि अभय सिंह ने पुरुष वर्ग के चैंपियन बने। सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में रविवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में स्क्वैश रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज अनाहत सिंह ने मिस्र की दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी हाना मोअताज़ को 3-1 (11-5, 11-6, 9-11, 11-6) से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। वहीं, अभय सिंह ने अपने ही देश के वीर चोत्रानी को 3-0 (11-9, 11-8, 11-4) से हराकर पुरुषों का फाइनल जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

# मुझे आईपीएल का 'इंपैक्ट खिलाड़ी' नियम पसंद नहीं : अक्षर



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय हरफनमौला और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की आलोचना करते हुए कहा मुझे यह पसंद नहीं है, क्योंकि इससे उनके जैसे खिलाड़ियों (हरफनमौला) के विकास में बाधा आती है। रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या भी 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के खिलाफ बोल चुके हैं, जिसके तहत टीमें मैच के किसी भी समय अपनी एकादश में किसी खिलाड़ी को सूचीबद्ध पांच खिलाड़ियों में से किसी एक से बदल सकती हैं। यह नियम 2023 में लागू हुआ था और कम से कम 2027 तक लागू रहेगा।

रोहित ने 2024 में कहा था कि उन्हें यह रणनीतिक नियम पसंद नहीं है, क्योंकि इससे भारतीय क्रिकेट में ऑलराउंडर खिलाड़ियों के विकास में बाधा आती है। इसके अगले सत्र में हार्दिक ने कहा था कि टीम में किसी हरफनमौला को चुनना मुश्किल हो गया है, जब तक कि वह बल्ले और गेंद दोनों से समान रूप से अच्छा न हो। भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' से जुड़े 'पीटीआई' के सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा, मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं खुद एक ऑलराउंडर हूं। पहले हम इस भूमिका (बल्लेबाजी और गेंदबाजी) के लिए ऑलराउंडर चुनते थे। अब टीम प्रबंधन किसी खास बल्लेबाज या गेंदबाज को चुनता है। वे कहते हैं कि हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है? उन्होंने कहा खुद एक ऑलराउंडर होने के नाते मुझे यह पसंद नहीं है, लेकिन साथ ही नियम तो नियम होते हैं। हमें उनका पालन करना होता है। व्यक्तिगत रूप से मुझे यह पसंद नहीं है।

अक्षर ने पिछले आईपीएल सत्र में केवल 204 गेंदें फेंकी थीं, जबकि उससे पिछले सत्र में उन्होंने 264 गेंदें फेंकी थीं। उन्होंने कहा कि यह 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के कारण नहीं था, बल्कि उंगली की चोट के कारण था, जो उन्हें आईपीएल से पहले परेशान कर रही थी। उन्होंने कहा मैंने ज्यादा गेंदबाजी नहीं की। यह 'इम्पैक्ट प्लेयर' की वजह से नहीं था। मैं गेंद को स्पिन कराने के लिए जिस उंगली का इस्तेमाल करता हूं, वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद चोटिल हो गई थी।

- 2023 में लागू हुआ था नियम और 2027 तक रहेगा

**2024** में रोहित ने कहा था कि उन्हें यह रणनीतिक नियम पसंद नहीं है, क्योंकि इससे भारतीय क्रिकेट में ऑलराउंडर खिलाड़ियों के विकास में बाधा आती है

यह घाव इतना बढ़ गया था कि मैं गेंद की सीम पर पकड़ नहीं बना पा रहा था। अक्षर ने कहा इसीलिए मैं सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही गेंदबाजी कर रहा था और अपनी उंगली का ध्यान रख रहा था। सात मैचों के बाद हालत बेहतर हुई और मैंने नियमित रूप से गेंदबाजी करना शुरू कर दिया। अक्षर के सामने दिल्ली को पहली बार आईपीएल चैंपियन बनाने की चुनौती है। अक्षर ने महज 18 महीनों में सबसे छोटे प्रारूप में दो बार विश्व चैंपियन का खिताब जीता है। इस महीने की शुरुआत में टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली टीम की तुलना 2000 के दशक की अजेय ऑस्ट्रेलियाई टीम से की जा रही है। उस समय हालांकि ऑस्ट्रेलिया की टीम को वनडे प्रारूप में सफलता मिली थी। कुछ लोगों ने मौजूदा भारतीय टीम को अब तक की सबसे महान टी20 टीम बताया है। अक्षर ने कहा वह अलग-अलग युगों की टीमों की तुलना करने में विश्वास नहीं रखते। भारतीय टीम के लिए यह सब 2022 के बाद शुरू हुआ। हमने इस तरह की क्रिकेट खेलना शुरू किया और कड़े फैसले लिए।

# आईपीएल की वजह से टूटी पाकिस्तान सुपर लीग की कमर

## विदेशी खिलाड़ी वेतन वृद्धि की मांग के साथ जमकर कर रहें अनुबंध का उल्लंघन

**कराची, एजेंसी**









विदेशी खिलाड़ियों के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बावजूद नाम वापस लेने के कारण दो नई टीमों के साथ पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की मेजबानी करना पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए लॉजिस्टिक्स (आयोजन संबंधी) और अनुबंध संबंधी परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। विदेशी खिलाड़ी अधिक आकर्षक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से करार मिलने के बाद पीएसएल को छोड़ रहे हैं।

दो नई फ्रेंचाइजी को शामिल करने के साथ विस्तारित पीएसएल बृहस्पतिवार को लाहौर में शुरू होने वाली है। यह आईपीएल के 28 मार्च को शुरू होने से दो दिन पहले है। इस तरह इन दोनों लीगों का आयोजन एक साथ होगा।

पीएसएल तीन मई तक चलेगा, जबकि आईपीएल का पूरा कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है, लेकिन यह मई के अंतिम या जून के शुरुआती सप्ताह तक चल सकता है। एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार, पीसीबी न केवल खिलाड़ियों द्वारा अनुबंधों के उल्लंघन से जूझ रहा है, बल्कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण कुछ खिलाड़ियों द्वारा अंतिम समय में फीस बढ़ाने की मांग से भी परेशान है।

सूत्र ने बताया पीसीबी इस समय पीएसएल को निर्धारित समय पर आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और उसने अभी तक नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों के खिलाफ कोई कार्रवाई तय नहीं की है। नाम वापस लेने वाले खिलाड़ियों पर दो से चार साल तक का प्रतिबंध लगाने के बारे में आंतरिक चर्चा हुई है, लेकिन चिंता बनी हुई है कि ऐसे उपाय भविष्य में शीर्ष विदेशी प्रतिभाओं को पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध करने से और भी हतोत्साहित कर सकते हैं। उन्होंने कहा ऐसे में एक तर्क यह भी है कि प्रतिबंधों से पीएसएल के आगामी सत्रों के लिए बड़े विदेशी खिलाड़ियों से करार करना और भी मुश्किल हो जाएगा।

सूत्र ने स्वीकार किया कि दोनों लीगों के बीच वित्तीय असमानता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। कई खिलाड़ी चोट से जूझ रहे आईपीएल में काफी अधिक वेतन पैकेज दिए जा रहे हैं, जबकि पीएसएल फ्रेंचाइजी उन वेतन पैकेजों का मुकाबला करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। पीसीबी ने पिछले साल अनुबंध उल्लंघन के लिए दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी और उन पर एक साल का प्रतिबंध लगाया था। यह कदम हालांकि प्रभावी साबित नहीं हुआ, क्योंकि बॉश ने पीएसएल खिलाड़ी ड्राफ्ट में शामिल होने से पहले ही अगली नीलामी में आईपीएल अनुबंध हासिल कर लिया। पीसीबी द्वारा इस मुद्दे को आईसीसी के अन्य सदस्यों के समक्ष भी उठाने की उम्मीद है, ताकि एक मजबूत ढांचा तैयार किया जा सके, जो यह सुनिश्चित करे कि खिलाड़ी किसी लीग में शामिल होने के बाद अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन करें। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और मार्नुस लाबुशेन, न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और डेवोन कॉन्वे कुछ अन्य विदेशी खिलाड़ियों के साथ पीएसएल में भाग लेने के लिए लाहौर पहुंच गए।

- दोनों लीगों के बीच वित्तीय असमानता बनी बड़ी चुनौती
- आयोजन एकसाथ होने से भारत बना खिलाड़ियों की पहली पसंद

### हस्ताक्षर के बाद नाम वापस लेने वाले खिलाड़ी

इस वर्ष के पीएसएल से अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों में वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती और जॉनसन चार्ल्स, श्रीलंका के दासुन शनाका, जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी, ऑस्ट्रेलिया के स्पेंसर जॉनसन और जेक फ्रेजर-मैकगर्क, द. अफ्रीका के ओटनेल बार्टमैन, अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज और इंग्लैंड के टायमल मिल्स शामिल हैं।

## जीत की खुशी



वर्ल्ड इनडोर एथलेटिक्स में महिलाओं की 60 मीटर हर्डल्स में मेडल जीतने के बाद पोडियम पर पोज देतीं बहामास की डेविन चार्लटन (बीच में), नीदरलैंड्स की नादिन विसर (बाएं), और पोलैंड की पिया स्क्रिजोव्स्का। • एजेंसी

### शनाका राजस्थान रॉयल्स में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान दासुन शनाका को सोमवार को आईपीएल के लिए इंग्लैंड के चोटिल ऑलराउंडर सैम कुरेन के स्थान पर राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किए जाने की पुष्टि की गई। शनाका दो करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे। शनाका ने श्रीलंका के लिए छह टेस्ट, 71 वनडे और 131 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 3350 से अधिक रन और 86 विकेट हैं। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए आईपीएल में तीन मैच खेले हैं। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच और टीम निदेशक कुमार संगकारा ने खुशी जताई।



बेंगलुरु स्थित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास करते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली। एजेंसी

# कोहली ने आईपीएल के 18 साल के सफर को किया याद


**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लंबे इंतजार के बाद मिले पहले खिताब की जीत के उस भावुक पल को बयां करते हुए कहा कि आखिरी गेंदों का इंतजार उस रात का सबसे मुश्किल हिस्सा था।

कोहली ने उन पलों का याद करते हुए कहा, पिछले 18 सालों का पूरा सफर मेरी आंखों के सामने घूम रहा है। उन्होंने कहा कुल मिलाकर, यह हम सभी के लिए एक शानदार रात थी। सच कहूं तो, यह मेरे लिए काफी अवास्तविक था, जब आखिर में सब कुछ हो रहा था तो यह अविश्वसनीय लग रहा था। आंखों के सामने बहुत सी चीजें घूम गईं। पिछले 18 सालों का पूरा सफर। सारे उतार-चढ़ाव, सारे अच्छे पल, बुरे पल। उन्होंने कहा कि आखिरी कुछ गेंदों का इंतजार करना शायद उस रात का सबसे मुश्किल हिस्सा था। इस अनुभवी बल्लेबाज ने इस बात पर बल दिया कि यह जीत उन लोगों के लिए खास मायने रखती थी जो आरसीबी टीम का हिस्सा शुरू से ही रहे हैं। उन्होंने रमेश माने जैसे सपोर्ट स्टाफ सदस्यों के साथ फ्रैंचाइजी के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद किया। आरसीबी में हम सभी के लिए यह एक बहुत ही खास रात थी। मैं पहले दिन से ही यहां हूं और रमेश माने भी। हम शायद आरसीबी ग्रुप के सबसे पुराने सदस्य हैं। जब हम फाइनल में पहुंचे, तो मुझे एक शांत आत्मविश्वास महसूस हुआ। लेकिन आप यह भी समझते हैं कि यह कोई आसान काम नहीं होने वाला है। यह एक फ़ाइनल है और दूसरी टीम भी है जिसने वहाँ तक पहुंचने के लिए सच में बहुत अच्छा खेला है। लीग में पहले मिली हारों के जख्मों ने टीम की सोच को गढ़ने में अहम भूमिका निभाई, जिससे उन्हें दबाव में भी अपना ध्यान केंद्रित रखने में मदद मिली।

- बोले-आखिरी गेंदों का इंतजार उस रात का था सबसे मुश्किल हिस्सा

### स्टार्क को ऑस्ट्रेलिया से अब तक नहीं मिली एनओसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिया है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि उनका प्रमुख तेज गेंदबाज एक अप्रैल को टूर्नामेंट में शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल, क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव और मुख्य कोच हेमांग बदानी ने सोमवार को यहां मीडिया से बातचीत में अपने तेज गेंदबाज की उपलब्धता से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए। स्टार्क ने पिछले सत्र में 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। बदानी ने कहा हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

# नए चेहरों के साथ सत्र की शुरुआत करेगी भारतीय तीरंदाजी टीम

**बैंकॉक, एजेंसी**

भारत तीरंदाजी के नये अंतरराष्ट्रीय सत्र का आगाज यहां मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले चरण से करेगा जिसके लिये टीम में नामी गिरामी सितारों की बजाय प्रतिभावान युवाओं को जगह दी गई है। भारतीय टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, धीरज बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय, ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा नहीं हैं।

भारतीय टीम प्रबंधन जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों तक चलने वाले इस व्यस्त सत्र के पहले टूर्नामेंट में अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है। शीर्ष तीरंदाज मैक्सिको और शंघाई में अप्रैल से होने वाले विश्व कप के पहले दो चरण के लिए वापसी करेंगे। पिछले साल भारत ने इस टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते थे।

दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज की गैर मौजूदगी में भारत का पलड़ा फिर भारी लग रहा है। उसे चीन और बांग्लादेश से चुनौती मिल सकती है। रिकर्व पुरूष वर्ग में आस्ट्रेलिया के रियान टियाक प्रबल दावेदार हैं जो विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर हैं। महिला वर्ग में रूस में जन्मी तटस्थ खिलाड़ी नूरिनिस्सो माखमुदोवा (45वीं रैंकिंग) सर्वोच्च रैंकिंग वाली तीरंदाज हैं।

भारतीय पुरूष कंपाउंड टीम में दुनिया के चौथे नंबर के तीरंदाज ऋषभ यादव, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रथमेश जावकर और रजत चौहान हैं।पिछले साल कुशल दलाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण जीता था जबकि मानव जाधव और गणेश तिरिमुरू के साथ टीम स्वर्ण अपने नाम किया था। महिला वर्ग में ज्योति की गैर मौजूदगी में नजरें 20 वर्ष की चिकिथा तानीपर्थी पर होंगी जो विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर हैं।

## एशिया कप

### टीम

**रिकर्व पुरुष** : देवांग गुप्ता, आरव पूनिया, जुयेल सरकार और सुखचैन सिंह। **रिकर्व महिला** : कीर्तिक, अंशिका कुमारी, रूमा बिस्वास और रिद्वि। **कंपाउंड पुरुष** : रजत चौहान, प्रथमेश जावकर, उदय कम्बोज और ऋषभ यादव। **कंपाउंड महिला** : स्वाति दुधवाल, राज कौर, तेजल साल्वे और चिकिथा तानीपर्थी।

## उपलब्धि


**भुवनेश्वर करेगा मेजबानी, कलिंगा इनडोर स्टेडियम में होगी आयोजित, दो साल बाद होगी विश्व चैम्पियनशिप**

# भारतीय इनडोर एथलेटिक्स के नए युग की आज से शुरुआत

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

भारत संकरे ट्रैक और एक समान हालात वाले इनडोर एथलेटिक्स में अपने सफर की औपचारिक शुरुआत मंगलवार से यहां शुरू हो रही पहली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के जरिये करेगा जबकि दो साल बाद इसी स्थान पर उसे विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी करनी है। पिछले सप्ताह भारत को विश्व इनडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी मिली है जो इसी स्थान पर तीन से पांच मार्च, 2028 में होगी।

भारत में पहली बार ट्रैक और फील्ड की विश्व चैम्पियनशिप का आयोजन होगा। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप दो दिन तक चलेगी। भारत में शीर्ष स्तर की इंडोर सुविधाओं के अभाव में इंडोर एथलेटिक्स उतना लोकप्रिय नहीं रहा है। कुछ भारतीय हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करते आए हैं। इनडोर स्पर्धाओं में खिलाड़ी संकरे ट्रैक पर उतरते हैं। आउटडोर 400 मीटर ट्रैक चौड़े और सपाट टर्न वाले होते हैं। इंडोर स्पर्धायें हवा या मौसम से प्रभावित नहीं होती क्योंकि भीतर एक सी परिस्थितियां होती है।



भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा और 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले इसमें भाग नहीं लेंगे क्योंकि उनकी स्पर्धायें रोस्टर का हिस्सा नहीं हैं। कलिंगा स्टेडियम परिसर के भीतर विश्व स्तरीय सुविधायें तैयार होने के बाद भारत ने विश्व एथलेटिक्स को 2028 चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिए मनाया है। भारत को 2028 में होने वाली एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी मिलने की भी उम्मीद है जिस पर फैसला मई में लिया जाएगा। अधिकांश भारतीय एथलीटों, आयोजकों और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अधिकारियों के लिये यह नया अनुभव होगा। इनडोर स्पर्धा 200 मीटर के ट्रैक पर होगी। सबसे छोटी फर्राटा दौड़ 60 मीटर की है। ऊंची कूद, पोल वॉल्ट, लंबी कूद , त्रिकूद और शॉटपुट को इसमें शामिल किया गया है लेकिन भालाफेंक, चक्काफेंक या तारगोला फेंक जैसी थ्रो स्पर्धायें नहीं होंगी।

### 300 एथलीट कर रहे प्रतिभाग

राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के सबसे बड़े दल हैं। दो दिन में पुरुष और महिला वर्ग में 11 स्पर्धायें होंगी जिनमें 60 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 60 मीटर बाधा दौड़, ऊंची कूद, पोल वॉल्ट, लंबी कूद, त्रिकूद और शॉटपुट शामिल हैं। हाल ही में पोलैंड में विश्व इनडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शामिल की गई चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले इसका हिस्सा नहीं है। चार गुणा 400 मीटर महिला और पुरुष रिले, पुरुष हेप्टाथलन और महिला पेंटाथलन को भी जगह नहीं दी गई है।